RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 8 अंक 351
नई दिल्ली, बुधवार, 28 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



हसीन दिलरुबा के लिए तापसी ने घुंघराले बाल किए सीधे
विविध-12

# एलएसी पर तनाव: अमेरिका पूरी तरह भारत के साथ

## दोनों देशों के रक्षा-विदेश मंत्रियों की टू प्लस टू वार्ता में प्रमुखता से उठा मुद्दा, चीन को कड़ा संदेश-संप्रुभता और कानून का करे पालन

### ● रणनीतिक मसलों पर हुई व्यापक चर्चा, राजनाथ और जयशंकर जहां चीन का नाम लेने से बचे वहीं पोम्पियो ने बेहिचक ठहराया जिम्मेदार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** और अमेरिका ने मंगलवार को चीन पर जमकर हमला बोला। दोनों देशों ने उसकी विस्तारवादी नीति और आक्रामक व्यवहार के मद्देनजर कहा कि बीजिंग को कानून के नियमों और सार्वभौमिकता का सम्मान करना चाहिए। लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी गतिरोध के संबंध में अमेरिका ने हर तरह की मदद देने का भरोसा दिलाया।

दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों की टू प्लस टू वार्ता के बाद यह कड़ा और स्पष्ट संदेश दिया गया। राजनाथ सिंह और एस जयशंकर ने अपने समकक्ष मार्क एस्पर और माइक पोम्पिओ के साथ रणनीतिक मुद्दों के सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। एलएसी पर हालात तथा भारत-प्रशांत क्षेत्र तथा दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की बढ़ती हठधर्मिता के परिप्रेक्ष्य में बातचीत के दौरान चीन का मुद्दा प्रमुखता से उठा। बयान के दौरान राजनाथ और जयशंकर चीन का नाम लेने से बचें, वहीं बीजिंग पर आरोप लगाने में पोम्पिओ ज्यादा मुखर और स्पष्ट थे। टू प्लस टू कांफ्रेंस तथा एक दिन पहले एस्पर के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान चर्चा का ब्योरा देते हुए राजनाथ सिंह ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने पूरे भारत-प्रशांत में सुरक्षा हालात का आकलन किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में हमने इस क्षेत्र में सभी देशों में शांति, स्थिरिता और समृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। हमने नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय समुद्र में कानून के नियमों तथा सभी देशों की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुता का सम्मान पर करने पर भी सहमति जताई। इस मकसद को आगे बढ़ाने के लिए हमारा रक्षा सहयोग भी और बढ़ेगा। राजनाथ ने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका आगामी मालाबार एक्सरसाइज में आस्ट्रेलिया का स्वागत करते हैं। बहरहाल, पोम्पिओ ने चीन के खिलाफ हमले में शब्दों में कंजूसी नहीं बरती। उन्होंने कहा कि किसी भी ( शेष पेज 9 )



अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और अमेरिकी रक्षा सचिव मार्क एस्पर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे।

### रक्षा संबंधों को नई ऊंचाई देने वाले बीका करार पर हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** और अमेरिका ने एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौते, बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए, बीका), पर हस्ताक्षर किया जिसमें अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी, उपग्रह के गोपनीय डाटा और दोनों देशों की सेनाओं के बीच अहम सूचना साझा करने की अनुमति होगी। दोनों देशों के बीच मंगलवार को यहां हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह समझौता हुआ और इसके साथ ही उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा संबंधों और रणनीतिक सहयोग को और बढ़ाने का फैसला किया जहां चीन अपना आर्थिक और सैन्य दबदबा बनाने की कोशिश में है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और रक्षा मंत्री मार्क टी एस्पर के साथ टू प्लस टू वार्ता के तीससे चरण के तहत बातचीत की। दोनों पक्षों के शीर्ष सैन्य और रक्षा अधिकारियों ने ( शेष पेज 9 )

### रणनीतिक साझेदारी पर मोदी ने जताया संतोष

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और रक्षा मंत्री मार्क टी एस्पर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें बताया कि अमेरिकी सरकार दोनों देशों को रिश्तों को मजबूत करने के लिए लगातार मिलकर काम कर रही है। इस दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

विदेश मंत्री एस जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और भारत में अमेरिका के राजदूत केन जस्टर भी इस दौरान उपस्थित थे। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि इस मुलाकात के दौरान अतिथि देशों के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति का अभिवादन प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचाया। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने भी फरवरी 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति की सफल भारत यात्रा को याद करते हुए, अपना अभिवादन अमेरिकी राष्ट्रपति को अमेरिकी प्रतिनिधियों से देने ( शेष पेज 9 )

# बड़ा सुधार, बाहरी भी खरीद सकेंगे जम्मू-कश्मीर में जमीन



श्रीनगर में पत्रकारों को संबोधित करते उप राज्यपाल मनोज सिन्हा

### ● केंद्र ने भूमि कानूनों में किए अहम बदलाव, अब केंद्र शासित प्रदेश में भूमि खरीदने को डोमिसाइल या स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र नहीं होगा जरूरी
### ● जम्मू-कश्मीर विकास अधिनियम की धारा 17 से हटाया गया स्थानीय निवासी शब्द
### ● कृषि भूमि की खरीद किसान ही कर सकेंगे, शैक्षणिक-स्वास्थ्य सुविधाओं व सार्वजनिक कार्यों के लिए हस्तांतरण की छूट
### ● नेकां-पीडीपी समेत सात राजनीतिक दलों वाले गठबंधन ने किया तीखा विरोध, बदलावों के खिलाफ संघर्ष का ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर/नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** में संवैधानिक अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने लगभग एक साल बाद मंगलवार को केंद्र सरकार ने वहां बाहरी लोगों के जमीन खरीदने का रास्ता भी खोल दिया है। भूमि कानूनों में संशोधन के जरिये किए गए बड़े सुधार के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अब भूमि खरीदने के लिए न तो डोमिसाइल की जरूरत होगी और न ही स्थानीय निवासी होने के प्रमाणपत्र की। हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में जारी गजट अधिसूचना में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सार्वजनिक कार्यों के लिए कृषि भूमि के इस्तेमाल की अनुमति देने समेत भूमि कानूनों में किए गए बदलावों की जानकारी दी है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण संशोधन केंद्र शासित प्रदेश में जमीन आवंटन से संबंधित जम्मू-कश्मीर विकास अधिनियम में किया गया है। इस संशोधत के जरिये केंद्र ने कानून की धारा 17 से राज्य का स्थानीय निवासी, शब्द हटा दिया है।

पिछले साल अगस्त में अनुच्छेद 370 और 35 ए को समाप्त करने से पहले कोई ऐसा व्यक्ति जो राज्य का निवासी नहीं हो, जम्मू कश्मीर में अचल संपत्ति नहीं खरीद सकता था। कानून में किए गए ताजा बदलाव से उनके लिए भी यहां भूमि क्रय करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि ये संशोधन गैर किसानों को कृषि भूमि खरीदने की अनुमति नहीं देते हैं यानी कृषि भूमि की खरीद सिर्फ किसान ही कर सकेंगे। हालांकि कानून में कई छूट दी गई हैं जिसके तहत शैक्षणिक या स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की स्थापना जैसे गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए कृषि भूमि दी जा सकती है। पूर्व महाधिवक्ता मोहम्मद ( शेष पेज 9 )

## हाथरस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला
# हाईकोर्ट करेगा सीबीआई जांच की निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले की एक दलित लड़की के साथ कथित सामूहिक बलात्कार और फिर उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत के मामले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो करेगा और इलाहाबाद उच्च न्यायालय इसकी निगरानी करेगा।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय पीड़ित परिवार के सदस्यों और गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने और इसकी सीबीआई जांच की निगरानी सहित सभी पहलुओं पर विचार करेगा। पीठ ने कहा कि इस मामले की सुनवाई उत्तर प्रदेश से बाहर कराने के मुद्दे पर सीबीआई की जांच पूरी होने के बाद ही विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने हाथरस की घटना को लेकर गैर सरकारी संगठन, अधिवक्ताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा दायर कई याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। इन याचिकाओं में दावा किया गया था कि उप्र में इस मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं है क्योंकि जांच को पहले ही कुंद कर दिया गया है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई अपनी जांच की प्रगति रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश करेगी। पीठ ने उप्र सरकार के अनुरोध पर विचार किया और उच्च न्यायालय से कहा कि वह लंबित जनहित याचिका में दिए गए अपने आदेशों में से एक से पीड़ित का नाम हटाए। न्यायालय ने 15 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई पूरी करते हुए कहा था कि इस मामले की निगरानी इलाहाबाद उच्च न्यायालय को करने को दी जाएगी। हालांकि पीड़ित परिवार के वकील ने अपनी आशंका व्यक्त करते हुए न्यायालय से कहा था कि इस मामले की जांच पूरी होने के बाद ही इसे उप्र से बाहर स्थानांतरित किया जाए।

# धर्म बदलने से मना करने पर छात्रा की गोलीमार कर हत्या

### ● पिता ने लगाया आरोप, साथ पढ़ने वाले तौसीफ ने रेहान के साथ मिल कर मार डाला, दोनों गिरफ्तार
### ● सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना, विभिन्न संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजधानी** दिल्ली के पास हरियाणा के बल्लभगढ़ में कॉलेज से परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा की अपहरण में नाकाम रहने पर गोली मार कर हत्या कर दी गई। परिजनों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी तौसीफ उनकी बेटी पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाल रहा था, इनकार करने पर मार डाला। पुलिस तौसीफ और हत्याकांड में उसके सहयोगी रेहान को नूंह से गिरफ्तार कर लिया है।



निकिता की फाइल फोटो

अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को आरोपियों को सख्त सजा दिलाने की मांग को लेकर परिजनों और विभिन्न संगठनों के लोगों ने जमकर हंगामा किया और बल्लभगढ़-सोहना हाइवे पर जाम लगा दिया। वे मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और दोषियों को फांसी की मांग कर रहे थे। एसीपी मुख्यालय आदर्शदीप समेत तमाम आला अफसरों ने बामुश्किल उन्हें समझाया और 24 घंटे बाद शाम पांच बजे किसी तरह शव को भारी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार के लिए भिजवाया। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा है कि घटना में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है। मामले की जांच एसीपी क्राइम अनिल कुमार की अध्यक्षता में गठित एसआईटी करेगी। मुख्य आरोपी तौसीफ के दादा कबीर अहमद विधायक रह चुके हैं जबकि चाचा खुर्शीद अहमद हरियाणा के पूर्व मंत्री रहे हैं। नूंह विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद तौसीफ के चचेरे भाई हैं। फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ में सोमवार को अग्रवाल कॉलेज के बाहर बीकॉम फाइनल ईयर की ( शेष पेज 9 )

### मुंगेर में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा, एक की मौत, कई हुए घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**बिहार** के मुंगेर में कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंसा हो गई। कई स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने श्रद्धालुओं पर बर्बर लाठी चार्ज किया। इसके बाद भीड़ उग्र हो गयी। हिंसा में कई पुलिसवालों के घायल होने की खबर है जबकि एक शख्स की मौत भी हो गई है। साथ ही कई अन्य लोगों को भी गोली लगने की खबर है। दूसरी ओर पुलिस सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि शहर के दीनदयाल उपाध्याय चौक पर प्रतिमाओं को विसर्जन के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर दुर्भावना से ग्रसित होकर पुलिस बल को निशाना बनाते हुए पथराव किया गया। पुलिस द्वारा रोके जाने पर उग्र लोगों की ओर से फायरिंग भी की गई। पुलिस ने बताया कि भीड़ के हमले में संग्रामपुर थानाध्यक्ष, कोतवाली थानाध्यक्ष, कासिम बाजार थानाध्यक्ष, बासुदेवपुर ओपी अध्यक्ष के अलावा 17 अन्य पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस को ( शेष पेज 9 )

### विभिन्न गतिविधियों के बारे में मौजूदा दिशा-निर्देश 30 नवंबर तक लागू रहेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने मंगलवार को कहा कि सीटों की कुल क्षमता के 50 प्रतिशत के साथ सिनेमा हॉल, थिएटर और मल्टीप्लेक्स को खोलने जैसी विभिन्न गतिविधियों को अनुमति देने के बारे में मौजूदा दिशा-निर्देश निषिद्ध क्षेत्रों के बाहर वाले इलाकों में 30 नवंबर तक लागू रहेंगे। इससे पहले इन गतिविधियों को शुरू करने के लिए 30 सितंबर को जारी दिशा-निर्देशों को 31 अक्टूबर तक के लिए लागू किया गया था। गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक आदेश में इनकी अवधि 30 नवंबर तक बढ़ा दी है। दिशा-निर्देश में कहा गया है कि केंद्र की मंजूरी को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर पांबदी रहेगी जबकि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को चरणबद्ध तरीके से स्कूलों और कोचिंग संस्थानों को खोलने पर फैसला करने की अनुमति प्रदान की गई है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,522 | ↑ | 376 | |
| निफ्टी | 11,889 | ↑ | 121 | |
| सोना | 51,108 | ↓ | 137 | /10g |
| चांदी | 62,648 | ↑ | 475 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अंखी दास ने फेसबुक से त्यागपत्र दिया

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक की सार्वजनिक नीति मामलों की प्रमुख अंखी दास ने पद से इस्तीफा दे दिया। वह सोशल मीडिया मंच पर नफरत फैलाने वाली टिप्पणियों पर रोक लगाने के मामले में कथित तौर पर पक्षपात बरतने को लेकर विवादों में थी। फेसबुक के भारत में प्रबंध निदेशक अजीत मोहन ने ई-मेल के जरिए बयान में कहा, अंखी दास ने फेसबुक में अपने पद से हटने का निर्णय किया है। उन्होंने जन सेवा में अपनी रुचि के अनुसार काम करने के लिए यह कदम उठाया है। अंखी हमारे उन पुराने कर्मचारियों में शामिल है, जिन्होंने भारत में कंपनी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। वह पिछले नौ साल से अधिक समय से अपनी सेवाएं दे रही थी।

# कोरोना मामले तीन महीने में पहली बार 40 हजार के नीचे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोरोना के मामलों में अलग तरह का ट्रेंड दिख रहा है। यहां एक तरफ पिछले पांच हफ्तों में कोविड-19 से मृत्यु दर में लगातार गिरावट हो रही है और पिछले 24 घंटों में तीन महीनों में पहली बार 40,000 से कम नए केस आए हैं।

दूसरी ओर केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली जैसे राज्यों में कोरोना के नए मरीज तेजी से बढ़े हैं। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि यह महामारी की दूसरी लहर है। केंद्र ने यह भी आशंका जताई कि सर्दी बढ़ने, त्यौहारों की चहल-पहल और धीमी पड़ रहीं कंटेनमेंट रणनीतियों के कारण केस बढ़ सकते हैं। कोविड-19 पर ( शेष पेज 9 )

### बच्चे बन सकते हैं कोविड-19 वायरस के सुपर वाहक : केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

#### ● नवंबर में स्कूल खोलने की योजना बना रहे राज्यों को झटका

**केंद्र** सरकार ने मंगलवार को चेताया है कि बच्चे कोरोना के स्प्रेडर या सुपर स्प्रेडर या सुपर वाहक बन सकते हैं। यह आकलन मिजोरम में कम से कम 315 बच्चों में कोरोना के लक्षण मिलने के बाद जारी किया गया है। पूर्वोत्तर के इस राज्य ने फौरन सभी स्कूल बंद कर दिए हैं। इससे अब दीवाली के बाद स्कूल खोलने की योजना बना रहे अन्य राज्यों को भी झटका लगा है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने नई दिल्ली में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ऐसा माना जा रहा ( शेष पेज 9 )

# ट्रांसजेंडर को समर्पित पहला मेट्रो स्टेशन-प्राइड, नोएडा में

### ● सेक्टर 50 मेट्रो स्टेशन को मिला नया नाम, ट्रांसजेंडर समुदाय के कर्मचारी बेचेंगे टिकट, करेंगे हाउस कीपिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**ट्रांसजेंडर** समुदाय को समर्पित उत्तर भारत का पहला मेट्रो स्टेशन नोएडा को मिला है। नोएडा मेट्रो रेल निगम (एनएमआरसी) ने सेक्टर 50 स्थित मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर मंगलवार को आधिकारिक रूप से प्राइड स्टेशन कर दिया है।

प्राइड मेट्रो स्टेशन पर ट्रांसजेंटर समुदाय के कर्मचारी होंगे जो कि टिकट बिक्री से लेकर हाउस कीपिंग जैसे काम भी करेंगे। नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी और एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक ऋतु माहेश्वरी ने कहा कि यह कदम ट्रांसजेंडर समुदाय को सम्मान देने के लिए उठाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा से भाजपा विधायक पंकज सिंह और प्राधिकरण की सीईओ माहेश्वरी ने स्टेशन के नए नाम का अनावरण किया जिसे पहले सेक्टर 50 स्टेशन कहा जाता था। इस दौरान ट्रांसजेंडर समुदाय के वे छह सदस्य भी मौजूद थे जिन्हें मेट्रो स्टेशन पर सेवा के लिए ठेकेदारों के माध्यम से भर्ती किया गया है। माहेश्वरी ने बताया कि जून माह में एनएमआरसी ने घोषणा की थी कि सेक्टर 50 मेट्रो स्टेशन को ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए समर्पित किया जाएगा। आज इसे पूरा कर दिया ( शेष पेज 9 )



सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह और प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने स्टेशन के नए नाम का अनावरण किया

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 28 अक्टूबर 2020



**अक्षय कालरा हत्याकांड**

# मुठभेड़ के बाद दो सगे भाईयों समेत पांच बदमाश गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा पुलिस ने चर्चित अक्षय कालरा हत्याकांड के मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। थाना सेक्टर-58 पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में 4 बदमाश गोली लगने से घायल हुए हैं। इनमें दो सगे भाई भी शामिल हैं।

चारों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। एक बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से अक्षय कालरा से लूटी गयी क्रेटा कार, एक पिस्टल, तीन तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बदमाशों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को गौतमबुद्धनगर के पुलिस आयुक्त आलोक कुमार सिंह ने एक लाख रुपए पुरस्कार देने की घोषणा की है।

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक थाना सेक्टर-58 पुलिस और बदमाशों के बीच एनआइबी कट से मॉडल टाउन गोलचक्कर के पास मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में चर्चित अक्षय कालरा हत्याकांड के मुख्य आरोपी 4 बदमाश कुलदीप उर्फ हैप्पी पुत्र राजकुमार, विकास उर्फ विक्की पुत्र राजकुमार, सोनू सिंह पुत्र जवाहर प्रताप सिंह और समीम शेख पुत्र इस्लाम शेख गोली लगने से घायल हो गए हैं। इन चारों को गिरफ्तार करके इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं भागने का प्रयास कर एक बदमाश अजय कुमार राठौर पुत्र राकेश को पुलिस ने घेराबंदी करके गिरफ्तार किया।

## नोएडा और गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता बेहद खराब

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गाजियाबाद, फरीदाबाद व गौतमबुद्धनगर में मंगलवार सुबह वायु गुणवत्ता बेहद खराब रही और प्रदूषित हवा के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी एवं आंखों में जलन की शिकायत हुई।

नोएडा क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गौतमबुद्धनगर जिले में 351, फरीदाबाद में 318 और गाजियाबाद में 330 और दिल्ली में 332 दर्ज किया गया। बल्लभगढ़ में एक्यूआई 342, बागपत में 304, बहादुरगढ़ में 332 और गुरूग्राम में 327 दर्ज किया गया। बुलंदशहर में एक्यूआई 351 दर्ज किया गया।

उल्लेखनीय है कि शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण को रोकने के लिए प्रदूषण विभाग, गौतमबुद्धनगर प्रशासन तथा नोएडा प्राधिकरण लगातार काम कर रहा है और प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान के तहत ग्रेटर नोएडा में नौ बिल्डरों, एक आईटी कंपनी तथा विभिन्न जगहों पर नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

ग्रेटर नोएडा में वायु प्रदूषण फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कुल एक करोड़ आठ लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता ने बताया कि नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा में कूड़ा तथा पराली जलाने वालों लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्राधिकरण ने अवैध कब्जे से मुक्त कराई करोड़ों की जमीन

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को वर्क सर्किल सात के तहत सेक्टर 81 में भूढ़ा तथा सलारपुर खादर के पास करीब 9000 वर्ग मीटर जमीन पर बना निर्माण ध्वस्त कर दिया। यह जमीन नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित तथा कब्जा प्राप्त जमीन थी जिस पर कुछ भूमाफियाओं ने अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कर लिया था। इस जमीन की बाजार में कीमत तकरीबन 5 करोड़ पर बताई जा रही है।

प्राधिकरण के ओएसडी ने बताया कि सलारपुर भूड़ा के पास वर्क सर्किल सात में खसरा संख्या 98, 102, 103, 104 पर नोएडा प्राधिकरण की अधिग्रहित जमीन है। इस जमीन पर कुछ भूमाफि याओं ने अवैध रूप से कब्जा करके पक्के निर्माण कर लिए थे तथा कॉलोनी भी काट दी थी। प्राधिकरण की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची तथा अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार



जिला मुख्यालय पर डीएम को ज्ञापन देने जाते चयनित शिक्षक।

### शिक्षक भर्ती पर निर्णय में देर पर ज्ञापन

**गाजियाबाद।** 69 हजार शिक्षक भर्ती कट ऑफ मामले पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा 24 जुलाई को फैसला सुरक्षित किया गया था लेकिन, तीन महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक कोर्ट द्वारा फैसला नहीं सुनाया गया है। इस मामले को अभ्यार्थियों ने डीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि इस मामले में फैसले को निर्गत कराने के लिए सरकार द्वारा प्रार्थनापत्र दाखिल किया जाए। इलाहाबाद हाइकोर्ट लखनऊ खंडपीठ के पारित आदेश के अनुपालन में एक जून, 2020 को 69000 पदों के सापेक्ष 67,867 चयनित अभ्यार्थियों की चयन सूची जारी कर दी गई थी जिसमें सभी प्रार्थी चयनित हैं। चयनित शिक्षकों ने ज्ञापन के जरिए मामले में सरकार से सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रेरणा, अर्चना गौतम, निधि गुप्ता, नितिन, पंकज गुप्ता, स्वदेश यादव, आंचल, भास्कर आदि शामिल थे।



कविनगर पुलिस द्वारा पकड़े गए चारों आरोपी।

### छेड़छाड़ के आरोप में चार मनचले गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** महानगर में पुलिस का मिशन शक्ति का असर दिखने लगा है। राजनगर आरडीसी में चार मनचलों को थाना कविनगर एनटी रोमियो स्कॉवायड ने उस समय दबोच लिया जब ये लोग शराब पीकर आने जोन वाली महिलओं के साथ बदतमीजी कर रहे थे। ये चारो स्वीफट कार नम्बर 14 डीएम 1548 में बैठकर अश्लील हरकते कर रहे थे। इसी दौरान आरडीसी में तैनात रोमियो स्कॉवायड ने इन्हे दबोच लिया । पकड़े गये आरोपियों के नाम नवीन पुत्र बिसम्बरदत्त निवासी 315 जैड ब्लॉक सैक्टर 12 नोएडा, शनि त्यागी पुत्र प्रमेश त्यागी निवासी आरसी 750 वन्दना एन्क्लेव खोडा, हिमान्शु श्रीवास्तव पुत्र श्यामकान्त श्रीवास्तव निवासी जी 405 सैक्टर 23 संजयनगर गाजियाबाद व राजेश पन्डित पुत्र दिनेश पन्डित निवासी मकान नम्बर 21 आजाद विहार खोडा कॉलोनी जिला गाजियाबाद है।

### प्रदूषण फैलाने पर प्राधिकरण ने ठोका जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने प्रदूषण की रोकथाम संबंधी चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (ग्रैप) का पालन नहीं करने पर नौ बिल्डरों, एक आईटी कंपनी और नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) पर जुर्माना लगाया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नरेंद्र भूषण ने नौ विभिन्न बिल्डरों एवं डेवलपरों पर 45 लाख रुपए, एक आईटी-आईटीएस कंपनी पर 50 लाख रुपए तथा एनपीसीएल पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया। भूषण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के तहत प्रदूषण की रोकथाम के लिए ग्रैप का कड़ाई से अनुपालन कराने के भी निर्देश दिए। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने शारदा विश्वविद्यालय और बालक इंटर कॉलेज का भी निरीक्षण किया।

## नगर निगम ने लगाई जन चौपाल, सुनी गईं समस्याएं

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा जनससमयाओं के निस्तारण के लिए आयोजित की जा रही जनचौपाल अभियान के दौरान मंगलवार को सिटी जोन के पांच वार्डों के निवासियों ने मेयर आशा शर्मा व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर को अपनी समस्याओं से रूबरू कराया। जनचौपाल में आए अधिकतर निवासियों की समस्याएं जलभराव को लेकर थी जिसको हल करने के लिए मेयर व नगरायुक्त ने ठोस कार्य योजना बनाकर तत्काल मामले को निस्तारित करने का आश्वासन दिया।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत दूसरा घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर 30 में एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य युवक घायल हो गया। इस बीच, सूरजपुर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि निठारी गांव में रहने वाले दो युवक रिजवान तथा शाहनवाज सोमवार देर रात को मोटरसाइकिल पर सवार होकर सेक्टर 30 स्थित राम विहार सोसाइटी के पास से गुजर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि कार चालक मौके से भाग गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शाहनवाज को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि रिजवान की हालत नाजुक बनी हुई है।

## दोस्त को चूना, फोन लेकर निकाले रुपए

**नोएडा।** पुलिस ने फोन करने के बहाने अपने सहकर्मी का मोबाइल फोन लेकर उसके खाते से पैसे निकालने के मामले में तीन लोगों को मंगलवार को गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष शरद मलिक ने बताया कि आदित्य, राज कुमार तथा राहुल ने अपने सहकर्मी से फोन करने के बहाने उसका मोबाइल फोन ले लिया और गूगल पे के जरिए उसके खाते से 1,42,000 रुपए कथित रूप से निकाल लिए। उन्होंने बताया कि तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## लिव इन में साथ रह रहे युवक पर युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर नौ में एक महिला ने लिव इन में उसके साथ रह चुके व्यक्ति पर बलात्कार का आरोप लगाया है।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक आर के सिंह ने बताया कि सेक्टर नौ में रहने वाली महिला ने सोमवार रात थाना सेक्टर 20 में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पड़ोसी शफीक ने कुछ दिन पहले उससे कथित बलात्कार किया।

उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला और आरोपी दोनों पहले लिव इन में रह चुके हैं।

इस बीच, थाना सेक्टर 39 में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि गाजियाबाद के प्रताप विहार में रहने वाले राजवीर ने उसे धोखे से नशीला पदार्थ पिलाकर उसका कथित बलात्कार किया, उसकी अश्लील वीडिया बनाई तथा ब्लैकमेल करके उससे 13 लाख रुपए ले लिए।

## बिजली के तार जलाकर प्रदूषण फैलाने के आरोप में 3 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



**प्रदूषण फैलाने के आरोप में गिरफ्तार तीनों आरोपी।**

लोनी में यमुना नदी के किनारे बिजली के तारों को जलाकर प्रदूषण फैलाने के आरोप में तीन लोगों को लोनी ट्रोनिका सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक कुन्तल चालीस किलो बिना जला तार व दस किलो जला तार, एक मारूती वैन बरामद की है।

पुलिस को आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली के गोदामों से तार खरीदकर लाते हैं और यमुना के किनारे जलाकर उसमें कॉपर के तार को निकालकर बेचते हैं। यह इनकी आजीविका का साधन है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम जावेद उर्फ मोनू पुत्र साजन, अमरपाल पुत्र हरिशंकर, फिरोज पुत्र वलीमुहम्मद सभी लोनी गाजियाबाद के निवासी हैं।

## ग्रेटर नोएडा में बनेंगे तीन नए बिजली सब स्टेशन

**बेहतर होगी आपूर्ति, गांवों को भी मिलेगा लाभ**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में बिजली की मांग को देखते हुए सब स्टेशन की क्षमता कम पड़ने लगी है। शहर की बिजली जरूरत में हर साल इजाफा हो रहा है। इसे देखते हुए शहर में तीन नए सब स्टेशन बनाने की योजना है। इनके लिए प्राधिकरण ने जमीन मांगी है। यह बिजली घर ग्रेटर वेस्ट व ईस्ट समेत गांवों की बिजली जरूरत को भी पूरा करेंगे।

ग्रेटर नोएडा में बिजली की आपूर्ति सूरजपुर 132 केवी स्टेशन व 220 केवी आरसी ग्रीन सब स्टेशन से होती है। इस साल बिजली की मांग साढ़े चार सौ मेगावॉट तक पहुंची थी, अगले साल इसके पांच सौ मेगावॉट के अधिकतम आंकड़े को पार करने का अनुमान है। इस मांग को पूरा करने के लिए ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत करने की जरूरत है। इसलिए शहर में तीन नए सब स्टेशन का प्रस्ताव है।

एक सब स्टेशन ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे के नजदीक व दूसरा जलपुरा में बनाने की योजना है। एक्सप्रेस वे के समीप बनने वाले सब



फाइल फोटो

स्टेशन से सेक्टर छह, सात, आठ, नौ, दस व 11, ईकोटेक एक एक्सटेंशन एक, अमरपुर, नियाना आदि गांवों की बिजली आपूर्ति बेहतर होगी। वहीं जलपुरा सब स्टेशन से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की बिजली जरूरत पूरा करने में मदद मिलेगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की बिजली जरूरत अगले साल सौ मेगावॉट से अधिक होने का अनुमान है। एनपीसीएल अधिकारियों का कहना है कि कंपनी के पास बिजली की उपलब्धता पर्याप्त है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती बिजली भार को लेकर है। अगर ट्रांसमिशन नेटवर्क बेहतर होगा तो बिजली की मांग पूरा करना आसान हो जाएगा।


## JAMIA CO-OPERATIVE BANK LTD.

Administrative Office: 2/30, Okhla Road, Sarai Jullena, New Delhi-110025, Tel.: 011-26322236, 64558232
Telefax: 011-26322236, Email: info@jamiacoopbank.com, Website: www.jamiacoopbank.com

### Balance Sheet As on 31st March, 2020

(Amount in Rupees)

| Capital & Liabilities | As on 31st March, 2020 | As on 31st March, 2019 |
|---|---|---|
| Capital | 7,18,19,800 | 6,96,89,900 |
| Reserve fund & other reserves | 29,84,59,736 | 25,65,92,718 |
| Deferred Tax liability | 51,14,077 | 74,33,903 |
| Deposits & Other Accounts | 2,40,80,21,517 | 2,56,91,55,434 |
| Borrowings | Nil | Nil |
| Bills for collection being bills receivable as per contra | 4,96,844 | 5,80,076 |
| Branch adjustment | Nil | Nil |
| Overdue interest reserve | 8,29,98,392 | 5,85,17,680 |
| Interest Payable | 36,77,347 | 31,33,705 |
| Prov. for Interest on NPA A/c | 94,049 | 13,09,546 |
| H.O. Prov. for ITAX (Liability) (Net of TDS & Advance Tax) | 34,04,867 | 88,60,830 |
| Other liabilities | 10,80,78,758 | 13,60,07,679 |
| Profit & Loss A/c | 4,27,20,427 | 4,60,42,737 |
| **Total** | **3,02,48,85,814** | **3,15,73,24,208** |
| **ASSETS** | | |
| Cash & Balances with other banks | 57,16,32,069 | 61,73,71,598 |
| Money at call & short notice | Nil | 20,000,000 |
| Investments | 937,394,156 | 106,56,88,065 |
| Investment out of principal / subsidiary state partnership fund | Nil | Nil |
| Deferred tax assets | Nil | Nil |
| Advances | 1,36,10,85,698 | 1,32,55,42,430 |
| Interest receivable | 11,07,83,803 | 9,03,62,671 |
| Bills receivable being bills for collection as per contra | 4,96,844 | 5,80,076 |
| Branch adjustment | 446,816 | 38,39,450 |
| Premises less depreciation | Nil | Nil |
| Fixed Assets | 2,12,68,580 | 1,96,37,937 |
| Other Assets | 2,17,77,848 | 1,43,01,981 |
| Non-banking assets acquired in satisfaction of claims | Nil | Nil |
| **Total** | **3,02,48,85,814** | **3,15,73,24,208** |
| Contingent liabilities | 16,820,985 | 20,918,705 |
| **Total** | **16,820,985** | **20,918,705** |

***Note:*** Significant Accounting Policies and Notes on Accounts as per annexure 1 form an integral part of accounts.

| Sd- | Sd- | Sd- | Sd- | Sd- |
|---|---|---|---|---|
| **Mohammad Adil** | **Rajesh Gupta** | **Dr. Pushpa Bhargava** | **R.N. Srivastava** | **M.Q.H. Beg** |
| CEO | Director | Director | Vice Chairman | Chairman |

*As per our Audit Report of even date*

**For PREM GUPTA & CO.**
Chartered Accountants
Sd/-
Anil Kumar Gupta (Partner)
M.No. 082847, FRN. 000425N

Place: New Delhi
Date: 30.09.2020

### Profit & Loss Account For The Year Ended 31st March, 2020

(Amount in Rupees)

| | For the Yr. Ended 31st March, 2020 | For the Yr. Ended 31st March, 2019 |
|---|---|---|
| **I. Income** | | |
| Interest & Discount | 27,15,13,840 | 26,38,44,730 |
| Commission Exchange & Brokerage | 3,80,827 | 6,14,078 |
| Income from Non Banking Assets | Nil | Nil |
| Profit on sale of GOI securities | Nil | 112,500 |
| Depreciation on Govt. Securities (Written Back) | 37,012,525 | 15,755,775 |
| Other receipts | 25,492,276 | 27,948,424 |
| **Total** | **33,43,99,468** | **30,82,75,507** |
| Balance of Profit b/d | 6,93,00,601 | 7,12,15,238 |
| **Total** | **6,93,00,601** | **7,12,15,238** |
| **Expenditure** | | |
| Interest on Deposits, Borrowing etc. | 11,12,20,151 | 10,60,25,600 |
| Salaries & Allowances and Provident Fund | 6,56,27,598 | 5,03,87,764 |
| Board & Sub-committees sitting fees | 15,31,000 | 12,16,000 |
| Rent, Taxes, Insurance, Lighting etc. | 2,59,02,882 | 2,30,51,587 |
| Law Charges/Professional Fee Exps. | 99,83,132 | 84,81,722 |
| Postage, Telegrams & Telephone Charges | 377,272 | 418,941 |
| Auditor's Fees | 1,32,000 | 1,32,000 |
| Depreciation & Repairs on fixed assets | 56,92,775 | 61,13,569 |
| Stationary, Printing and Advt. etc. | 12,41,935 | 13,38,992 |
| Loss from Sale of Non Banking Assets | Nil | Nil |
| Depreciation on Govt. securities | Nil | Nil |
| Loss on Govt. securities | 57,68,679 | Nil |
| Contingent prov. on standard assets | 45,43,980 | 700,000 |
| Contingent prov. on bad & doubtful debts | 13,927,926 | 13,912,844 |
| A.G.M. Expenses | 14,50,679 | 13,33,902 |
| Election Expenses | 663,672 | Nil |
| Other Expenditures | 1,70,35,186 | 2,39,47,348 |
| Balance of Profit c/d before tax | 6,93,00,601 | 7,12,15,238 |
| **Total** | **33,43,99,468** | **30,82,75,507** |
| **Provision for Income Tax** | | |
| (a) Current Tax | 28,900,000 | 27,674,194 |
| (b) Deferred Tax | -2,319,826 | -2,501,693 |
| Income Tax related to previous year | Nil | Nil |
| Bal. of Profit tranf. to Balance Sheet | 42,720,427 | 46,042,737 |
| **Total** | **69,300,601** | **71,215,238** |

***Note:*** Significant Accounting Policies and Notes on Accounts as per annexure 1 form an integral part of accounts.

| Sd- | Sd- | Sd- | Sd- | Sd- |
|---|---|---|---|---|
| **Mohammad Adil** | **Rajesh Gupta** | **Dr. Pushpa Bhargava** | **R.N. Srivastava** | **M.Q.H. Beg** |
| CEO | Director | Director | Vice Chairman | Chairman |

*As per our Audit Report of even date*

**For PREM GUPTA & CO.**
Chartered Accountants
Sd/-
Anil Kumar Gupta (Partner)
M.No. 082847, FRN. 000425N

Place: New Delhi
Date: 30.09.2020

### INDEPENDENT AUDITOR'S REPORT

The Members
**JAMIA CO-OPERATIVE BANK LTD.**

**OPINION**

We have audited the accompanying financial statements of **JAMIA CO-OPERATIVE BANK LIMITED,** which comprise the Balance Sheet as at March 31, 2020, the statement of Profit and Loss and the Receipts & Payments Account for the year then ended, and notes to the financial statements, including a summary of significant accounting policies and other explanatory information.

In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the aforesaid financial statements give the information required by the Banking Regulation Act, 1949 and Delhi Co-operative Societies Act, 2003 in the manner so required for Banking Societies and give a true and fair view in conformity with the accounting principles generally accepted in India, of the state of affairs of the Bank as at March 31, 2020, its profit and the Receipts & Payments for the year ended on that date.

**BASIS FOR OPINION**

We conducted our audit of the financial statements in accordance with the Standards on Auditing issued by the Institute of Chartered Accountants of India. Our responsibilities under those Standards are further described in the *Auditor's Responsibilities for the Audit of the Financial Statements* section of our report. We are independent of the Bank in accordance with the Code of Ethics issued by the Institute of Chartered Accountants of India ("ICAI") together with the ethical requirements that are relevant to our audit of the financial statements under the provisions of the Act and Rules made thereunder, and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the ICAI's Code of Ethics. We believe that the audit evidence obtained by us is sufficient and appropriate to provide a basis for our audit opinion on the financial statements.

**EMPHASIS OF MATTER**

We draw attention to *Accounting policy no. 7 regarding accounting of retirement benefits which is not in conformity with AS-15 (revised) issued by the Institute of Chartered of Accountants of India so far it relates to accounting of Leave Encashment on cash basis.*

Our opinion is not modified in respect of this matter.

**INFORMATION OTHER THAN THE FINANCIAL STATEMENTS AND AUDITOR'S REPORT THEREON**

The Bank's Board of Directors is responsible for the other information. The other information comprises the information included in the Board's Report but does not include the financial statements and our auditor's report thereon.

Our opinion on the financial statements does not cover the other information and we do not express any form of assurance conclusion thereon.

In connection with our audit of the financial statements, our responsibility is to read the other information and, in doing so, consider whether the other information is materially inconsistent with the financial statements or our knowledge obtained during the course of our audit or otherwise appears to be materially misstated. If, based on the work we have performed, we conclude that there is a material misstatement of this other information, we are required to report that fact. We have nothing to report in this regard.

**RESPONSIBILITY OF MANAGEMENT AND THOSE CHARGED WITH GOVERNANCE FOR THE FINANCIAL STATEMENTS**

The Bank's Board of Directors is responsible for the matters stated in Banking Regulation Act, 1949, Delhi Co-operative Societies Act, 2003 and the Reserve Bank of India circulars, guidelines and directions with respect to the preparation of these financial statements that give a true and fair view of the financial position, financial performance and other accounting principles generally accepted in India. This responsibility also includes maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Act for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting frauds and other irregularities; selection and application of appropriate accounting policies; making judgments and estimates that are reasonable and prudent; and design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls, that were operating effectively for ensuring the accuracy and completeness of the accounting records, relevant to the preparation and presentation of the financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

In preparing the financial statements, management is responsible for assessing the Bank's ability to continue as a going concern, disclosing, as applicable, matters related to going concern and using the going concern basis of accounting unless management either intends to liquidate the Bank or to cease operations, or has no realistic alternative but to do so. The Board of Directors are responsible for overseeing the Bank's financial reporting process.

**AUDITOR'S RESPONSIBILITIES FOR THE AUDIT OF THE FINANCIAL STATEMENTS**

Our objectives are to obtain reasonable assurance about whether the financial statements as a whole are free from material misstatement, whether due to fraud or error, and to issue an auditor's report that includes our opinion. Reasonable assurance is a high level of assurance, but is not a guarantee that an audit conducted in accordance with SAs will always detect a material misstatement when it exists. Misstatements can arise from fraud or error and are considered material if, individually or in the aggregate, they could reasonably be expected to influence the economic decisions of users taken on the basis of these financial statements.

As part of an audit in accordance with SAs, we exercise professional judgment and maintain professional scepticism throughout the audit. We also:

- Identify and assess the risks of material misstatement of the financial statements, whether due to fraud or error, design and perform audit procedures responsive to those risks, and obtain audit evidence that is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion. The risk of not detecting a material misstatement resulting from fraud is higher than for one resulting from error, as fraud may involve collusion, forgery, intentional omissions, misrepresentations, or the override of internal control.
- Evaluate the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of accounting estimates and related disclosures made by the management.
- Conclude on the appropriateness of management's use of the going concern basis of accounting and, based on the audit evidence obtained, whether a material uncertainty exists related to events or conditions that may cast significant doubt on the Bank's ability to continue as a going concern. If we conclude that a material uncertainty exists, we are required to draw attention in our auditor's report to the related disclosures in the financial statements or, if such disclosures are inadequate, to modify our opinion. Our conclusions are based on the audit evidence obtained up to the date of our auditor's report. However, future events or conditions may cause the Bank to cease to continue as a going concern.
- Evaluate the overall presentation, structure and content of the financial statements, including the disclosures, and whether the financial statements represent the underlying transactions and events in a manner that achieves fair presentation.

We communicate with those charged with governance regarding, among other matters, the planned scope and timing of the audit and significant audit findings, including any significant deficiencies in internal control that we identify during our audit.

We also provide those charged with governance with a statement that we have complied with relevant ethical requirements regarding independence, and to communicate with them all relationships and other matters that may reasonably be thought to bear on our independence, and where applicable, related safeguards.

**REPORT ON OTHER LEGAL AND REGULATORY REQUIREMENTS**

1. As required by the Delhi Co-operative Societies Act, 2003 read with the Delhi Co-operative Societies Rules, 2007, the comments on the financial statements of the Bank have been given in Part-A, Part-B and Part-C of the Report.
2. As required by the Delhi Co-operative Societies Act, 2003, read with the Delhi Co-operative Societies Rules, 2007 and the Banking Regulation Act, 1949, we report as under:

(a) We have obtained all the information and explanations which, to the best of our knowledge and belief, were necessary for the purpose of our audit and have found them to be satisfactory.

(b) The transactions of the Bank, which have come to our notice, have been within the powers of the bank.

(c) In our opinion, information received from the branches of the bank is adequate for the purposes of our audit.

(d) In our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the Bank so far as appears from our examination of those books.

(e) The Bank's Balance Sheet, Profit and Loss Account and Receipts & Payments Account dealt with in this report are in agreement with the Books of account.

(f) The Balance Sheet and the Profit & Loss Account have been drawn up in Form A and B respectively of the third schedule to the Banking Regulation Act, 1949 in accordance with the provisions of Section 29 of the Banking Regulation Act, 1949 and comply with the Accounting Standards issued by Institute of Chartered Accountants of India to the extent applicable.

For **PREM GUPTA & CO.**
Chartered Accountants, FRN: 000425N
Sd/-
**(Anil Kumar Gupta)**
Partner, M.NO. 082847

Place : New Delhi
Date : 30th September, 2020


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# धमकी का असर: निगम ने डॉक्टरों को दिया वेतन

## कर्मचारियों का बकाया पैसा चरणबद्ध तरीके से मिलेगा, अस्पताल में शीघ्र बहाल हो सकती हैं स्वास्थ्य सेवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निगम संचालित अस्पतालों में डॉक्टरों की हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं शीघ्र सामान्य हो सकती हैं। सकारात्मक रुख अपनाते हुए उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) ने मंगलवार को सभी डॉक्टरों का सितंबर महीने तक का वेतन जारी कर दिया है। हालांकि अन्य कर्मचारियों की तनख्वाह आंशिक रूप से जारी की गई है। हिंदूराव अस्पताल के डॉक्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। एनडीएमसी ने कहा कि फंड की व्यवस्था के अनुसार चरणबद्ध तरीके से शेष श्रेणियों के कर्मचारियों को वेतन जारी करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सभी डॉक्टरों का वेतन जारी कर दिया है। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों और डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स का अगस्त तक का वेतन दिया गया है। नर्सों का जुलाई और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को जून तक की तनख्वाह जारी की गई है। निगम के अनुसर शिक्षकों तथा ग्रुप ए, बी, सी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, दैनिक वेतनभोगियों को भी जून तक का वेतन देने को मंजूरी मिली है। इस साल अप्रैल तक की पेंशन को भी स्वीकृति दे दी गई है। दूसरी ओर, भाजपा ने भी आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार निगमों के बकाए फंड को देने में आनाकानी कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का 60 हजार करोड़ रुपये का बजट है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बताना चाहिए कि बजट का पैसा अभी तक दिल्लीवासियों के हितों में कहां और कितना खर्च हुआ है? भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आप सरकार को नगर निगमों को 13500 करोड़ रुपये देने हैं। यह राशि तीसरे और चौथे दिल्ली वित्त आयोग द्वारा निगमों के लिए स्वीकृत है। इस बीच, भूख हड़ताल कर रहे निगम के अस्पतालों के डॉक्टरों को मंगलवार को एम्स व दिल्ली सरकार के अस्पतालों के डॉक्टरों का भी समर्थन मिला। दूसरी ओर, एम्स रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के तीन पूर्व अध्यक्षों डॉ. विजय गुर्जर, डॉ. हरजीत सिंह भट्टी व डॉ. अमरिंदर सिंह मल्ही ने राष्ट्रपति व सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप करने की मांग की।

डॉ. विजय गुर्जर ने कहा कि कोरोना महामारी के बीच डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को वेतन नहीं देना देश के लिए शर्मनाक है।



अस्पताल के बाहर प्रदर्शन करते डॉक्टर



हड़ताल के चलते नहीं चली ओपीडी।

### भाजपा ने साधा आप सरकार पर निशाना

उत्तरी दिल्ली के महापौर जय प्रकाश, दक्षिणी दिल्ली की महापौर अनामिका मिथिलेश व पूर्वी दिल्ली के महापौर निर्मल जैन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यदि दिल्ली सरकार ने 10 दिन के अंदर निगमों का बकाया फंड जारी नहीं किया तो तीनों महापौर दोबारा मुख्यमंत्री आवास पर धरना प्रदर्शन करेंगे। बीते सोमवार को भी तीनों महापौरों ने मुख्यमंत्री आवास पर धरना दिया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार निगमों को उनका बकाया फंड जारी करें ताकि त्योहारों पर निगम के कर्मचारियों का घर खर्च चल सके।

# केंद्र सरकार एमसीडी को जारी करे 12,000 करोड़ : मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एमसीडी के डॉक्टरों को कई महीने से तनख्वाह नहीं मिलना शर्मनाक बात है। कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार से एमसीडी नहीं चल सकती। केजरीवाल ने कहा कि जिन डॉक्टरों ने कोरोना संकट में राजधानी के लोगों की रक्षा, इलाज और सेवा के लिए अपनी जान जोखिम में डाली, आज उन्हें हड़ताल करनी पड़ रही है। इससे पहले एनडीएमसी की सदन की बैठक में कर्मचारियों के वेतन के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी ने जमकर हंगामा किया।

उन्होंने इशारों में ही केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार देशभर में नगर निगम इलाकों में रहने वाले लोगों को 485 रुपये प्रति व्यक्ति अनुदान देती है। पूरे देश में सभी नगर निगमों को यह अनुदान मिल रहा है, लेकिन पिछले कुछ सालों से दिल्ली को यह रकम नहीं मिली। दिल्ली में सवा दो करोड़ जनसंख्या है। इस तरह 485 रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से लगभग 1100 से 1200 करोड़ रुपये प्रति वर्ष बनते हैं। बीते 10 सालों की बकाया यह धनराशि 12000 करोड़ बैठती है।

केंद्र सरकार इस रकम को जारी करे। उन्होंने कहा कि 2015 में आप सरकार बनने के बाद से पिछली सरकारों की तुलना में दो से तीन गुना ज्यादा पैसे का भुगतान एमसीडी को किया गया है, लेकिन वह पैसा कहां खर्च हुआ, कुछ हिसाब नहीं है।

# उपलब्धि: सरकारी स्कूल के 5 बच्चे आईआईटी में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### आरपीवीवी स्कूल के शिक्षकों को उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने दी बधाई

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली सरकार के एक स्कूल आरपीवीवी, पश्चिम विहार का दौरा किया। इस साल इस स्कूल के 5 बच्चे आईआईटी में दाखिला ले रहे हैं। इसी स्कूल के 22 बच्चों नें नीट की परीक्षा भी क्वालीफाई की है।

सिसोदिया नें स्कूल जाकर वहां के शिक्षकों और प्रिंसिपल को इस ऐतिहासिक सफलता की बधाई दी। सिसोदिया ने कहा कि जिस तरह इस स्कूल से पांच बच्चे आइआइटी में और 22 बच्चे नीट की परीक्षा में सफल हुए हैं वैसा ही कमाल बाकी सभी स्कूल भी कर सकते हैं। सिसोदिया ने विद्यालय का दौरा करके इस ऐतिहासिक सफलता के लिए प्रिंसिपल और शिक्षकों को बधाई दी।



उन्होंने कहा कि हर सरकारी स्कूल के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और देश का नाम रौशन करने का भरपूर अवसर मिल रहे है। मीटिंग के दौरान स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षकों ने अपनी बेस्ट प्रेक्टिस की विस्तार से जानकारी दी।

प्रिंसिपल प्रीति सक्सेना ने कहा कि स्कूल छठी से आठवीं कक्षा के दौरान ही बच्चों को सभी प्रकार के शैक्षणिक कैरियर के बारे में जागरूक करते हैं ताकि वे अपना सही रास्ता चुन सकें। शिक्षकों ने कहा कि हमने बच्चों की यह धारणा बदलने का भरपूर प्रयास किया कि जेईई, नीट में सफलता के लिए कोचिंग जरूरी है। बच्चों ने हम पर भरोसा किया और सफलता मिली। शिक्षकों ने यह भी बताया कि केजरीवाल सरकार द्वारा हमें कैम्ब्रिज और सिंगापुर में मिले प्रशिक्षण का भी इस सफलता में बड़ा योगदान है।

साथ ही, हमें मिले टैबलेट जैसे उपकरणों ने भी अच्छी तरह शिक्षण में काफी मदद की। उल्लेखनीय है कि इस साल आरपीवीवी स्कूल, पश्चिम विहार के पांच बच्चों को आइआइटी में एडमिशन का मौका मिला है। इसी स्कूल के 22 बच्चों को नीट में भी सफल रहे हैं।

# नीरज बवाना गिरोह के तीन गुर्गे हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कराला इलाके में मंगलवार सुबह दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने एक मुठभेड़ के बाद नीरज बवाना गिरोह के तीन कथित गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, मनीष डबास और दीपक उर्फ कातिया को गोली लगी।

प्रिंस नामक एक व्यक्ति को भी दबोचा गया है। अधिकारी ने बताया कि ए सभी शहर के मॉडल टाउन इलाके में एक व्यापारी के घर पर जबरन वसूली करने और गोलीबारी करने के एक मामले में शामिल थे। आगे का विवरण अभी आना बाकी है। आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस गिरोह की जानकारी ले रही है।

# मुर्गा मंडी के कूड़े से बनेगी बिजली और खाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### केजरीवाल ने किया संयंत्र का उद्घाटन

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गाजीपुर के पोल्ट्री मार्केट में मंडी से निकलने वाले कूड़े से बिजली और खाद बनाने के प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन गोपाल राय समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गाजीपुर मंडी से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे से वेस्ट टू पावर प्लांट की मदद से बिजली बनाई जाएगी। दिल्ली में कचरा प्रबंधन के लिए आने वाले कुछ वर्षों में इस तरह के कई छोटे-छोटे प्लांट स्थापित किए जाने की जरूरत है। मौजूदा बड़े



डब्ल्यूटीपी प्लांट और ऐसे सैकड़ों छोटे प्लांट्स को स्थापित करने के बाद रोजना निकलने वाले कचरे को कूड़े के पहाड़ों पर नहीं डालना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि कचरे को री-साइकिल किया जाना चाहिए, खाद में बदलने, बिजली पैदा करने या ईंट भट्टों में उपयोग होना चाहिए, इससे दिल्ली समृद्ध हो सकती है। इस मंडी में जितना भी प्रतिदिन के आधार पर कूड़ा पैदा होगा, उस सारे कूड़े से रोज बिजली बनाई जाएगी। दिल्ली देश की राजधानी है, राजधानी होने के नाते दिल्ली को राजधानी जैसे दिखना भी चाहिए, उस स्तर की साफ-सफाई भी होनी चाहिए। आज जो यह प्लान चालू हो रहा है, इसी तरह के ढेर सारे प्लांट पूरी दिल्ली में लगने की जरूरत है। यह छोटा सा प्लांट है, 15 टन कूड़ा कुछ भी नहीं होता है, उससे 1500 यूनिट बिजली प्रतिदिन बनेगी, जो बहुत ज्यादा नहीं है। लेकिन ऐसे छोटे-छोटे सैकड़ों प्लांट पूरी दिल्ली के अंदर लगने की जरूरत है।

# भारत में कोरोना रिकवरी रेट सबसे अधिक: हर्षवर्धन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### समिति अध्यक्षों से पीएम मोदी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का किया आग्रह

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सदस्य डॉ. हर्ष वर्धन ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के समिति अध्यक्षों से कोरोना से बचाव के प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के काम में जुट जाने का आग्रह किया।

उन्होंने 150 समिति अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से संवाद करते हुए कहा कि अभी कोरोना का खतरा समाप्त नहीं हुआ, कुछ लोग कोरोना को समाप्ति के करीब मानते हुए एहतियात बरतने में लापरवाही कर रहे हैं। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि कोरोना के खिलाफ जंग में हम नौ महीने पूरे कर चुके हैं और दसवें महीने में पहुंचने वाले हैं। इस समय कुछ लोग लापरवाही कर रहे हैं, इसे देखते हुए प्रधानमंत्री को राष्ट्र को संबोधित करते हुए सावधानियों का पालन करने और कोरोना के बचाव के उद्देश्य से इसे जन-आंदोलन में बदलने का आह्वान किया।

हमारी रिकवरी दर 90 से 91 प्रतिशत के बीच है, जो कि विश्व में अधिकतम है। इसी तरह मृत्यु दर 1.50 प्रतिशत है, जो कि न्यूनतम है। देश में प्रयोगशाला की संख्या एक से बढ़कर 2006 हो गई है। हमने कोविड विशेष अस्पताल, कोविड विशेष स्वास्थ्य केन्द्र और कोविड केयर सेंटर स्थापित किए।


सत्यनिष्ठा दिवस पर अधिकारियों को शपथ दिलाते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन

# औद्योगिक प्रदूषण पर एनजीटी ने मांगी रिपोर्ट

### दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दो माह में देना होगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने यहां मायापुरी और बवाना में औद्योगिक प्रदूषण के आरोपों से संबंधित याचिका पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) से रिपोर्ट मांगी है।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल ने डीपीसीसी को दो महीने के अंदर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अधिकरण ने दिल्ली के निवासी वरुण की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया है।

याचिका में मांग की गई है कि दिल्ली के मायापुरी, बवाना और आसपास के अन्य इलाकों में औद्योगिक इकाइयों को औद्योगिक प्रदूषण से संबंधित निर्देशों का पालन करने के लिए कहा जाए।

अधिकरण ने डीपीसीसी से इस बारे में रिपोर्ट मांगी थी। डीपीसीसी की रिपोर्ट के अनुसार नियमों का उल्लंघन करती पाई गईं सात इकाईयों के खिलाफ सुधारात्मक कार्वाई की गई है और उन्हें मुआवजा देने के लिए भी कहा गया है। याचिकाकर्ता ने डीपीसीसी के जवाब के खिलाफ अब कहा है कि उसने सूचना का अधिकार कानून के तहत जानकारी मांगी थी, जिसमें पता चला कि अभी तक कार्वाई नहीं की गई।




पीठ ने कहा, उपरोक्त दलीलों को मद्देनजर रखते हुए डीपीसीसी ई-मेल के जरिए दो महीने के अंदर अपना जवाब दाखिल करे।

# दिल्ली दंगे: अदालत ने खारिज की जामिया छात्र की जमानत याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में षड्यंत्र से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र आसिफ इकबाल तनहा की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि उसने पूरी साजिश में कथित रूप से सक्रिय भूमिका निभाई थी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने कहा कि इस बात पर भरोसा करने के पर्याप्त आधार हैं कि तनहा के खिलाफ लगे आरोप प्रथम दृष्ट्या सही हैं। तनहा को दंगों के संबंध में सोची समझी साजिश का कथित रूप से हिस्सा होने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

# सफाई कार्य का निजीकरण गलत : कर्मचारी आयोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष संजय गहलोत ने एसडीएमसी की स्टैंडिंग कमेटी में सफाई व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने को लेकर लाए जा रहे प्रस्ताव का विरोध किया है।

संजय गहलोत ने कहा है कि साउथ एमसीडी द्वारा सफाई कार्य का निजीकरण करने को लेकर बनाई गई योजना गलत है। दिल्ली सरकार ने वर्ष 2006 में दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग का निर्माण किया गया। तब से लेकर आज तक दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग जो भी सफाई कर्मचारी हैं, चाहे वह सरकारी हों या प्राइवेट सेक्टर के हों, उन सभी के विकास के लिए काम करता रहा है।

# दिल्ली में बनेगा मल्टीलेवल पार्किंग बस डिपो

### डीटीसी व एनबीसीसी में हुआ समझौता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम ने विभिन्न स्थानों पर स्थित डीटीसी के प्रमुख भूमि पार्सलों के विकास के लिए राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

समझौता ज्ञापन दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किए गए। इस मौके पर परिवहन आयुक्त, एमडी



(डीटीसी), एमडी (एनबीसीसी) और परिवहन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में कार्य करेगा जिसके तहत बहु-स्तरीय बस पार्किंग डिपो का निर्माण, डीटीसी की आवासीय कॉलोनियों का पुनर्विकास और वाणिज्यिक सुविधाओं का विकास शामिल है।

एनबीसीसी पहले चरण में वसंत विहार डिपो, शादीपुर आवासीय कॉलोनी, हरि नगर आवासीय कॉलोनी और हरि नगर का पुनर्विकास करेगा।

मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए लिखा डीटीसी और एनबीसीसी ने हरि नगर और वसंत विहार में देश के पहले सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस बहु-स्तरीय बस डिपो बनाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। अब अधिक बसें सीमित उपलब्ध स्थान पर खड़ी की जा सकती हैं। प्रति बस पार्किंग लागत भी बहुत कम होगी।

# संक्षिप्त समाचार



### कोरोना महामारी से बचाव के उपाय बताए

**नई दिल्ली।** लॉकडाउन खत्म जरूर हुआ है लेकिन अभी कोरोना वायरस गया नहीं है इसलिए हमें त्योहारों के मौसम में और भी ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। इसी उद्देश्य के साथ और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार ने आईटीओ रेड लाइट पर बैनर और प्लेकार्ड के माध्यम से लोगों को कोरोना से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया और जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं का संदेश दिया। इस क्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा और दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष कौशल मिश्रा ने शास्त्री नगर रेड लाइट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी ने निर्माण विहार मेट्रो रेड लाइट पर बैनर और प्लेकार्ड के माध्यम से लोगों को कोरोना से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया और कोरोना को लेकर लापरवाही न बरतने की अपील की।

### सतर्क भारत, समृद्ध भारत जागरूकता सप्ताह शुरू

**नई दिल्ली।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत करते हुए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष धर्मेंद्र ने परिषद के सभी विभागों के प्रमुखों को भ्रष्टाचार से लड़ने और पारदर्शिता लाने के लिए सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा एनडीएमसी दिलाई। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है, ताकि सरकारी कर्मचारी के रूप में सरकारी कामकाज और सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा के महत्व पर जोर दिया जा सके। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय सतर्क भारत, समृद्ध भारत है। पालिका ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह की पूर्व संध्या पर एक वेबिनार का आयोजन किया था, जिसमे ने दिल्ली के शहरी निकायों द्वारा सर्वोत्तम प्रविधियों और नवाचार पर अपने अपने अनुभव साझा किए।



### महिला ने पंखे से लटकर की आत्महत्या

**नोएडा।** कासना कस्बे में रहने वाली एक महिला ने सोमवार रात अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि कासना कस्बा में रहने वाली बबीता (38) ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच, थाना बीटा- दो क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। शक है कि व्यक्ति की मौत अत्यधिक नशा करने के कारण हुई। प्रवक्ता ने बताया कि थाना बीटा-2 क्षेत्र में रहने वाले मिर्जा नूर इस्लाम (31) का शव पुलिस को सोमवार को मिला। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### थाने के पिंक बॉक्स में शिकायत पत्र डाल सकेंगी महिलाएं

**गाजियाबाद।** लोनी के दो थानों में महिलाओं की समस्याओं से संबंधित शिकायतों के लिए पिंक बॉक्स स्थापित कर दिये गये हैं। महिलायें अपनी समस्याओं को इन शिकायत पेटिकाओं में अपनी शिकायत पोस्ट कर सकती हैं। इसके बाद पुलिस इन शिकायतों को वरीयता क्रम के आधार पर इनका निस्तारण करेगी। लोनी के विधायक नन्दकिशोर गुजर ने इन पिंक बॉक्स को लोनी व ट्रोनिक सिटी थाने में स्थापित कराया है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि लोनी की महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा का एहसास दिलाने और उनकी समस्याओं को समयावधि में निस्तारित करने के लिए इन पिन बॉक्स को स्थापित किया गया है।

# सिविल सेवा के लिए फ्री कोचिंग ले सकेंगे सिख छात्र

## आवास की सुविधा के साथ अकादमी शुरू, पहला बैच दिसंबर से, पूर्व आईएएस करेंगे छात्रों का चयन

### भावी पीढ़ी प्रशासनिक सेवाओं से जुड़कर करेंगी देश सेवा: सिरसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने सिविल सेवाओं की परीक्षा की तैयारी कर रहे सिख छात्रों को निशुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए एक अकादमी की शुरुआत की है।

डीएसजीएमसी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया कि गुरु तेग बहादुर अकादमी देश में यूपीएससी परीक्षा के लिए विशेष रूप से सिख छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाला ऐसा पहला संस्थान होगा। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड पंजाबी ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष और विक्रम साहनी की अध्यक्षता में अकादमी की स्थापना की गई है। अकादमी में सिख छात्रों को निशुल्क आवास सुविधा भी प्रदान की जाएगी। सिरसा ने कहा कि सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके सिख अभ्यर्थी स्वत: ही आवासीय कोचिंग के पात्र होंगे।

अकादमी में पहला कोचिंग सत्र दिसंबर के अंत तक शुरू हो सकता है और आवेदन आमंत्रित करने, काउंसेलिंग तथा छात्रों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। सिरसा ने बताया कि अकादमी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सिख बच्चों को प्रतिष्ठित प्राईवेट कोचिंग संस्थानों में स्पांसर करेगी तथा स्पॉसर बच्चों की कोचिंग फीस का 85 फीसदी अंशदान दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी द्वारा वहन किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि गरीब परिवार के मेधावी सिख छात्र/छात्राओं को शत प्रतिशत कोचिंग फीस भी स्पांसर की जाएगी तांकि वह देश के सुविधा सम्पन्न अमीर परिवार के बच्चों की बराबरी कर सकें। इस योजना में समर्पित मेधावी बच्चों के चयन के लिए सेवानिवृत पांच सिख आईएएस/आई.पी.एस अधिकारियों की कमेटी गठित की गई है जोकि बच्चों के रूझान/ उपयोगिता/ समर्पण/ प्रतिबद्धता के मापदण्डों के अनुरूप सिख बच्चों का चयन करेगी जिन्हें कमेटी द्वारा प्रशिक्षण के लिए स्पांसर किया जाएगा। चयनित बच्चों के पहले बैच की कोचिंग दिसम्बर में शुरु हो जाएगी। उन्होंने बताया कि यह योजना भावी सिख धर्म की पीढ़ी को प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवाओं के माध्यम से देश की सेवा करने के लिए शुरु की गई है तांकि सिख समुदाय देश की भागीदारी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

# नमस्ते कर लोगों से करते थे लूटपाट, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नमस्ते गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने का मंगलवार को दावा किया। यह गिरोह लोगों से लूटपाट करने से पहले हाथ जोड़कर उनका अभिवादन करता है। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के फरीदाबाद का रहने वाला चांद मोहम्मद (35) बुजुर्ग लोगों को उनके किसी संबंधी का परिचित या दोस्त बनकर निशाना बनाता था और उनके गहने लूट ले जाता था।

मोहम्मद ने 2017 के बाद दिल्ली और आसपास के इलाकों में ऐसे 100 से अधिक अपराधों को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने शिकारों को हाथ जोड़कर नमस्कार करता था और उनके पैर छूकर आशीर्वाद मांगता था। वह कपट से उनसे उनके गहने मांग लेता था। पुलिस ने फरीदाबाद के ही रहने वाले दिनेश कुमार सोनी नाम के व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार 28 अक्टूबर, 2020



# 876.30 लाख की परियोजनाओं के साथ चार स्कूलों का दर्जा बढ़ाया

## बिजली मंत्री रणजीत सिंह पहुंचे गुरुग्राम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वर्तमान** हरियाणा सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर जिले को 1876.30 लाख रुपये की परियोजनाओं की सौगात मिलने के साथ चार सरकारी विद्यालयों का दर्जा बढ़ाया गया। गुरुग्राम नगर निगम से संबंधित इन तीन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इन तीनों परियोजनाएं मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हिसार में सरकार की पहली वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 1843 करोड़ रुपये की 306 परियोजनाओं, जिनका उद्घाटन व शिलान्यास किया है।

सरकार की पहली वर्षगांठ पर यहां सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत सिंह मुख्य अतिथि थे। मुख्यमंत्री की ओर से गुरुग्राम में बिजली मंत्री ने तीनों परियोजनाओं की आधारशिला रखी और अपग्रेड किए गए चार राजकीय स्कूलों का उद्घाटन किया। जिन तीन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है, उनमें खांडसा गांव में 1395.47 लाख रुपये की लागत से बनाए जाने वाले 45 एमएलडी क्षमता का मेन पंपिंग स्टेशन व अन्य सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य, बंधवाड़ी और बालियावास में लगभग 480.83 लाख रुपये की अनुमानत लागत से बनने वाले सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण शामिल है। इनके अलावा जिला के अपग्रेड किए गए चार विद्यालयों में राजकीय माध्यमिक विद्यालय नौरंगपुर को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनाया गया है, जबकि राजकीय उच्च विद्यालय ऊंचा मांजरा, राजकीय उच्च विद्यालय लोकरा और राजकीय माध्यमिक विद्यालय जाटौली को भी अपग्रेड करके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दर्जा दिया है।

सरकार की पहली वर्षगांठ पर हिसार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिससे सोनीपत जिला को छोड़कर प्रदेश के सभी 21 जिले सीधे जुड़े हुए थे।



गुरुग्राम में मंगलवार को हरियाणा सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तिका का विमोचन करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह, सोहना के विधायक संजय सिंह व मेयर मधु आजाद।

गुरुग्राम में बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद हरियाणा सरकार ने विकास की गति को जारी रखा। विकास कार्यों को सरकार तेजी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना से नुकसान भी हुआ लेकिन हमने संभाला भी और लोगों को बचाया भी। जनसंख्या को देखते हुए हमारे यहां कोरोना से जान का नुकसान अपेक्षाकृत कम हुआ है। कोरोना काल में चिकित्सकों और अन्य अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी बहुत अच्छे से निभाई। उन्होंने कहा कि कोरोना के खत्म होने के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन हम सभी को बचाव के उपाय अपनाते हुए सावधानी बरतनी है।

कार्यक्रम में पटौदी विधायक सतप्रकाश जरावता, सोहना विधायक संजय सिंह, बादशाहपुर विधायक राकेश दौलताबाद, मेयर मधु आजाद, सीनियर डिप्टी मेयर परमिला कबलाना, डिप्टी मेयर सुनीता कटारिया, भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ मौजूद रहे।

# पंचायती जमीन पर कब्जाधारी दबंगों के आगे अधिकारी पस्त

**फर्रूखनगर।** प्रदेश के मुखिया भले ही जनता जनार्दन की समस्याओं के जल्द समाधान करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हों, लेकिन विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उनकी कार्यशैली को धुमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है।

सीएम विंडो पर लगाई शिकायतों का समाधान तो दूर शिकायतकर्ता का मजाक उड़ाया जाता है। एक ऐसा ही मामला खंड के गांव खंडेवला में प्रकाश में आया है। गांव की पंचायती भूमि और फिरनी पर दबंगों के ही नहीं, अपितु जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि भी कब्जा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। अवैध कब्जों से सरकारी भूमि को मुक्त कराने के लिए संतरी से लेकर मुख्यमंत्री तथा सीएम विंडो पर करीब 50 से अधिक शिकायतें ग्रामीणों द्वारा लगाई जा चुकी है।

हैरत की बात तो यह है कि एक शिकायतकर्ता हरीशचंद शर्मा खंडेवला की मृत्यु तक हो चुकी है, लेकिन न्याय अभी तक नहीं मिला है। सीएम विंडो शिकायतकर्ता धर्मबीर कौशिक पुत्र हरीराम कौशिक खंडेवला ने बताया कि उनके गांव की करीब 100 एकड़ उपजाऊ भूमि तथा दो किलोमीटर लम्बी और 33 फीट चौड़ी फिरनी पर गांव के ही दबंगों द्वारा वर्षों से कब्जा किया हुआ है। जिसके कारण गांव की फिरनी अवरुद्ध हो गई है। ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं 100 एकड़ उपजाऊ कृषि योग्य भूमि पर कब्जा होने के कारण पंचायत के राजस्व को भी हानि पहुंच रही है। गांव के जनप्रतिनिधि भी कब्जा करने में पीछे नहीं है।

सरकारी भूमि और फिरनी को कब्जा मुक्त कराने के लिए दी गई शिकायतों को कर्मचारी, अधिकारी राजनीतिक दवाब में आकर दबा देते है। उन्होंने सीएम विंडों पर भी दर्जनों बार शिकायत दी। लेकिन सरकारी भूमि कब्जा मुक्त होना तो दूर की बात, शिकायत पर फर्जी हस्ताक्षर करके उसको बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कई बार आरटीआई भी लगाई, लेकिन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, तहसील कार्यालय के अधिकारियों द्वारा जवाब देना भी मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचायती जमीनों को कब्जा मुक्त कराने की मुहिम चला रहे हैं, वहीं गांव खंडेवला में दबंगों के आगे अधिकारी और कर्मचारी पस्त साबित हो रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईटीआई पलवल में 29 अक्टूबर को लगेगा जॉब मेला

**पलवल।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के आदेश अनुसार 29 अक्टूबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल में जॉब फेयर व कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। जॉब फेयर व इंटरव्यू के लिए पलवल और फरीदाबाद के कई उद्योग प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। मुख्य रूप से डी डेवलपमेंट इंजिनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, पूजा फोर्ज प्राइवेट लिमिटेड, फिनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, वमानी ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड, वाइट पेपर फैब्रिक्स इंडिया लिमिटेड, वीनस इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन, मैसर्स शिवानी लॉक्स एवं अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, वेल्डर, कारपेंटर, हेल्पर, ऑपरेटर आदि सहित कई पदों के लिए कैंपस प्लेसमेंट की जाएगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल के प्रधानाचार्य भगत सिंह ने बताया छात्रों को 100 फीसद रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभाग के आदेश अनुसार इस कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। सभी कैंडिडेट इस साक्षात्कार में भाग लेने के लिए मास्क पहनकर अवश्य आएं।

### बाइक और कार चोरी

**सोहना।** भोंडसी व सोहना सिटी थाना क्षेत्र में कार और बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने दोनों थानों में मिली शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर लिए हैं। भोंडसी की वाटिका कुंज कॉलोनी निवासी रविन्द्र ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि उसने अपनी अल्टो कार शनिवार शाम अपने घर के बाहर खड़ी की थी। रविवार सुबह उठकर देखा तो कार घर के बाहर से गायब थी। सोहना ट्रेजरी कार्लालय में तैनात कर्मचारी अमन पुत्र निहाल सिंह ने सिटी सोहना थाना पुलिस को बताया कि उसने अपनी बाइक सोमवार सुबह दस बजे कार्यालय के बाहर खड़ी कर की थी। उसने तीन बजे देखा तो उसकी बाइक गायब थी। जिसे कोई अज्ञात चोर ले गया। पुलिस चोरी हुए वाहनों की तलाश में जुट गए है।

### युवक से मारपीट कर लूटी बाइक, मुकदमा दर्ज

**नूंह।** पुन्हाना सिटी चौकी एरिया के मशीन बाजार से एक युवक के साथ मारपीट कर बाइक छीनकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नूंह सिटी चौकी प्रभारी भरतसिंह ने बताया कि ठेक निवासी आस मोहम्मद ने मुकदमा दर्ज कराया है कि वह शनिवार दोपहर गांव से पुन्हाना घर के सामान की खरीदारी करने के लिए आया था। पुन्हाना मशीन बाजार में उनके गांव के साहून, मकसूद, ताहिर, कासम, जम्मी, ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट कर उससे बाइक छीना ले गए। जांच अधिकारी ने बताया कि पीडित आस मोहम्मद की शिकायत पर साहून, मकसूद, ताहिर, कासम, जम्मी, सभी निवासी ठेक सहित छह अरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### कमेठी गठित, जल्द सुधरेंगे फर्रूखनगर थाना के दिन

**गुरुग्राम।** खंड फर्रूखनगर के जर्जर थाना भवन के जल्द ही दिन बहुरेंगे। इसके लिए पुलिस प्रशासन युद्ध स्तर पर काम में जुट गया है। भवन की प्रक्रिया को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पुलिस उपायुक्त मुख्यालय गुरुग्राम धीरज कुमार सेतिया ने 22 अक्टूबर 2020 को चार सदस्यों की कमेठी का गठन किया। इस जांच कमेटी में सहायक पुलिस आयुक्त पटौदी को चेयरमैन, एसडीओ तथा जेई हरियाणा पुलिस हाउसिंग कापोरेशन गुरुग्राम, थाना प्रभारी फर्रूखनगर को सदस्य नियुक्त किया गया है। साथ ही गठित कमेटी को आदेश दिए है कि थाना फर्रूखनगर की जर्जर इमारत का निरीक्षण करके 10 दिन के अंदर रिपोर्ट पेश करे, ताकि जल्द से जल्द नई इमारत के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जा सके। क्षेत्र के लोगों द्वारा गत दिनों विधायक राकेश दौलताबाद से थाना फरुखनगर के कार्यालय व रिहायशी भवन की जर्जर इमारत को तोड़कर नया भवन बनाने की मांग की थी। साथ ही सीएम विंडो पर इस बाबत पत्र भेजा गया था। सब इंस्पेक्टर देविंद्र सिंह को सौंपी गई है। उन्होंने पुलिस कमिश्नर गुरुग्राम के नाम भेजे पत्र में बताया कि थाना फरुखनगर की इमारत काफी पुरानी और जर्जर हो गई है। जिसके कारण पुलिस कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इमारत के जर्जर होने के कारण कभी भी कोई हादसा घटित हो सकता है। इसलिए इस इमारत को कंडम घोषित किया जाये। पूर्व नगर पार्षद नीरू शर्मा ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व पुलिस विभाग ने उनके एक छोटे से आग्रह पर थाना फरुखनगर के ऑफिस व रिहायशी भवन को जर्जर घोषित करके तोड़कर दोबारा बनाने के लिए चार सदस्यों की कमेटी का गठन किया है। पुलिस विभाग द्वारा बनाई गई कमेटी में पुलिस अधिकारियों के अलावा दो स्थानीय ग्रामीणों अथवा शहरवासियों में सदस्य शामिल करने चाहिए थे।

### प्रतियोगिता में देशभर के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**पलवल।** गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज के रसायन विभाग द्वारा विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन आलेख लेखन एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ अंजू ने बताय कि प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 10 राज्यों से महाविद्यालय के लगभग 50 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीके सपरा के सफल मार्गदर्शन में हुई। आलेख लेखन में भोपाल मध्य प्रदेश की छात्रा तन्वी मीना प्रथम स्थान पर, डीएवी सैंटनरी कॉलेज फरीदाबाद की रचना द्वितीय, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अंबाला के यश बिंदल और जेसी बोस वाईएमसीए विश्वविद्यालय की जया तृतीय स्थान पर रहे। केएल मेहता दयानंद फरीदाबाद की छात्रा नेहा को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया। स्लोगन लेखन में एमकेपी पीजी कॉलेज देहरादून की साक्षी खनेजा प्रथम स्थान पर, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ की छात्रा कोमल यादव एवं जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल की छात्रा एकता द्वितीय स्थान पर, सोनिया तंवर, राजकीय महाविद्यालय बल्लभगढ़ एवं जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की छात्रा दीपशिखा बाजरा तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार आंचल गुप्ता डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद, राजकीय महाविद्यालय मोहना की निधि को दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीके सपरा ने सभी प्रतिभागियों को ई प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। तथा रसायन शास्त्र के सभी प्राध्यापकों डॉ अंजू, डॉ रुचि शर्मा, डॉ रमन सैनी तथा डॉ वनिता सपरा को बधाई दी।

# डिंगरहेड़ी कांड के आरोपी युवक की तलाश में तावडू पहुंची सीबीआई

**तावडू।** नूंह जिले का बहुचर्चित डिंगरहेड़ी प्रकरण एक बार फिर सुर्खियों में आया है। इस प्रकरण में फरार चल रहे एक आरोपित की तलाश में सीबीआई की टीम ने मंगलवार को उनके ठिकाने पर फिर दबिश दी, लेकिन आरोपित नहीं मिला और सीबीआई टीम बैरंग लौट गई। सीबीआई ने 11 युवकों को आरोपित बनाया है जिनमें से 10 की गिरफ्तारी हो चुकी है और एक आरोपित फरार है।

बहुचर्चित डिंगरहेडी कांड में सीबीआई अब तक गांव मोहम्मदपुर अहीर के 5, गांव गोयला नंदू की ढाणी व गांव बाघनकी के एक-एक व एक्सल गैंग के चार सहित 11 युवकों को आरोपित बना चुकी है। जिनमें से 10 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गांव मोहम्मदपुर अहीर का अमरजीत नाम का आरोपित अभी गिरफ्त से बाहर है। मामले में मामले में शुरुआती जांच में स्थानीय पुलिस द्वारा आरोपित बनाए गए 4 आरोपितों अमरजीत, कर्मजीत, संदीप और राहुल को हाई कोर्ट द्वारा 27 अप्रैल 2018 को अंतरिम जमानत दी थी। करीब 1 वर्ष बाद पीड़ित परिवार की अपील पर हाईकोर्ट द्वारा आरोपितों की जमानत याचिका को रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद आरोपितों को नोटिस जारी कर अदालत में पेश होने को कहा गया।

# विद्यार्थियों की सुरक्षा हमारा कर्तव्य : मनजीत ठाकुर

## 6वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को दिए मास्क

## सर्व हितकारी इंटर कालेज में मास्क वितरण कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**भारतीय** जनता पार्टी के जेवर विधानसभा क्षेत्र से युवा नेता मनजीत ठाकुर की ओर से सर्व हितकारी इंटर कालेज दयानतपुर में विद्यार्थियों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क वितरित किए। यूपी में सरकार द्वारा स्कूल खोले जाने के आदेश के बाद उन्होंने मास्क वितरण का कार्यक्रम शुरू किया।



नोएडा के जेवर विधानसभा क्षेत्र के गांव दयानतपुर स्थित सर्व हितकारी इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को मास्क वितरित करते युवा भाजपा नेता मनजीत ठाकुर और अन्य।

यहां सर्व हितकारी इंटर कालेज में 6वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मनजीत ठाकुर की ओर से मास्क वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने सेहत के प्रति जागरुक रहना होगा, तभी हम कोरोना से बचे रह सकते हैं। कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। सर्दी में इसके बढ़ने के भी चांस हैं। इसलिए हम किसी भी तरह से लापरवाही न करें। बच्च्वों के भविष्य के मद्देनजर हम सबकी यह जिम्मेदारी और कर्तव्य बनता है कि हम उनकी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रखें। मनजीत ठाकुर ने कहा कि जिले के और भी कॉलेजों में मास्क व सेनिटाइजर वितरित किए जाएंगे।

कॉलेज के प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी ने इस कार्य के लिए मनजीत ठाकुर का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए कालेज में आधुनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। स्वच्छता के प्रति यहां पूरी सावधानी बरती जा रही है। साथ ही पर्यावरण बचाने को पेड़-पौधे भी लगाए गए हैं। कार्यक्रम में ठाकुर किशोर सिंह, समाजसेवी ठाकुर करनेश सिंह, भाजपा नेता सुरेश चंद शर्मा, भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह, विनोद चौहान, यतीश ठाकुर समेत स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## नागरिक अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन पांच माह बाद फिर शुरू

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में करीब 5 माह के बाद सिजेरियन ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। बीते दो दिन में किए गए तीन ऑनरेशन में सफलता मिली गई है। वहीं दो नवंबर तक गर्भवती महिलाओं को ऑपरेशन कराने की अलग-अलग तिथियां दी गई हैं।

कोविड-19 के कारण नागरिक अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन बंद कर दिये गये थे। यहां आने वाली गर्भवती महिलाओं की साधारण डिलेवरी कराई जा रही थी। सिजेरियन डिलेवरी के लिए महिलाओं को गुरुग्राम रेफर किया जा रहा था। करीब पांच माह बाद ऑपरेशन थियेटर को एक बार फिर चालू किया है। डॉ. सुनीता ने बताया कि उनके पास दो नवंबर तक ऑपरेशन से होने वाले बच्चों की गर्भवती महिलाएं आ चुकी हैं। जिन्हें अलग-अलग तिथि में समय दे दिया गया है। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि गर्भवती महिला को अब ऑपरेशन की हालत में रेफर नहीं किया जाएगा।

# शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव : जगदीश भट्ठी

## अखिल भारतवर्षीय जोगी नाथ समाज संस्था की हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। कलानौर

**अखिल** भारतवर्षीय जोगी नाथ समाज संस्था की महत्वपूर्ण बैठक खंड के गांव सुंडाना में हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भट्ठी ने की। बैठक में पवन कुमार को हल्का कलानौर का अध्यक्ष चुना गया।

प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भट्ठी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए संस्था दिन-रात प्रयासरत है। समाज के हर व्यक्ति को संस्था के साथ जुड़कर काम करना चाहिए, ताकि समाज में लोगों की समस्याओं का भी हल हो और सुविधाएं भी मिल सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का उत्थान शिक्षा के माध्यम से ही हो सकता है। इसलिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। खास बेटियों को। बैठक का संचालन जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार योगी ने किया। मौके पर मुख्य समाजसेवी डा. रामफल भट्ठी, पवन कुमार भट्ठी, ईश्वर सिंह मौजूद रहे। इन्होंने कहा कि समाज के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। समाज के उत्थान का काम करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार योगी ने कहा कि बेटियों को अच्छी शिक्षा देकर हम अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं। क्योंकि बेटियों से दो घर शिक्षित होते हैं। आज सिर्फ बेटियां बचाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा दिलाकर समाज में प्रमुख स्थान बनाने के लिए प्रयास करना होगा। बैठक में सतबीर भट्ठी, महावीर सिंह, राजबीर सिंह फौजी, ओमप्रकाश, सुरेश, राठी, राजकपूर, फूलकुंवार, रविंद्र कुमार, कर्मवीर गुजरान, बिजेंद्र, बलबीर सिंह, अमित राठी, सुरेश भट्ठी और जोगेंद्र आदि मौजूद रहे।



अखिल भारतवर्षीय जोगी नाथ समाज संस्था की बैठक में मौजूद लोग।

# प्रदूषण फैलाने पर तीन के चालान 25-25 हजार का लगाया जुर्माना

## नगर निगम की टीमों ने निगरानी के दौरान धूल उड़ाने संबंधी गतिविधियां करने वालों पर लगाया 75 हजार का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान के पालन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत 3 उल्लंघनकर्ताओं पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। नगर निगम गुरुग्राम की टीमों ने क्षेत्र में निगरानी के दौरान पाया कि सीएंडडी गतिविधियां करते समय धूल उड़ाने संबंधी अवहेलना तीन उल्लंघनकर्ताओं द्वारा की जा रही है।

टीमों ने तीनों उल्लंघनकर्ताओं पर 25-25 हजार रुपये अर्थात कुल 75 हजार रुपये का जुर्माना किया तथा आगाह किया कि वे प्रदूषण बढ़ाने संबंधी गतिविधियां न करें अन्यथा उनके खिलाफ विभिन्न नियमों के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। नगर निगम द्वारा ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान के पालन में सड़कों व पेड़ों पर पानी का छिड़काव लगातार किया जा रहा है। इस कार्य के लिए नियुक्त 35 टैंकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से ट्रीटिड पानी का छिड़काव कर रहे हैं। इसके अलावा सफाई के लिए 10 मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त जसप्रीत कौर के अनुसार नगर निगम ग्रेडिड रेस्पांस प्लान का पालन सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रहा है।

ग्रैप की उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने और उन्हें रोकने के लिए निगम की टीमें क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं। नागरिकों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों तथा जनप्रतिनिधियों से निवेदन है कि वे अपने क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां करने वालों को ऐसा करने से रोकें और उनके बारे में नगर निगम को सूचित करें।

# अब आप अपने स्थानीय बचत खाते से बिटकाइन खरीद सकेंगे

## यूनाइटेड मल्टी स्टेट क्रेडिड को-ऑपरेटिव सोसायटी को मिली कासा पावर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**यूनाइटेड** मल्टी स्टेट क्रेडिड को-ऑपरेटिव सोसायटी के नए, मौजूदा सदस्य अपना बचत खाता खोल कर उसका उपयोग क्रिप्टोकरेंसीज खरीदने के लिए कर सकेंगे। यूनाइटेड, मल्टी स्टेट क्रेडिट जिसकी पूरे उत्तर भारत में 34 शाखाएं कार्यरत हैं, ने लंदन के प्रतिष्ठित नियो बैंक कासा के साथ भागीदारी की है जिसके कारण वह उस बैंक की प्रणाली के अनुरूप क्रिप्टोकरेंसी का एक हिस्सा बन सकेंगे।

यूनाइटेड मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कुकरेजा ने कहा यह हमें स्थानीय भारतीय बाजारों के लिए अनुकूलित वित्तीय और क्रिप्टो उत्पादों के निर्माण, पैमाने और प्रस्ताव की अनुमति देगा। श्री कुकरेजा को नए यूनिकास उपक्रम का सीईओ भी नियुक्त किया गया है।

सोसायटी की इन शाखाएं अब एक क्रिप्टो लांजेज के रूप में भी काम करेगी। बचत खाता धारक यहां से बिटकाइन (बीटीसी), कासा (सीएएस), इदिरियम (ईटीएच) और रिप्पल (एक्सआरपी) का लेनदेन कर सकेगा। यहां यूजर्स क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग को लेटरल लोन, जैसा कि बैंकों द्वारा पारम्परिक ऋण दिया जाता है ले सकेंगे। इसके अलावा यह लांज एक ऐसे सेंटर के रूप में कार्य करेंगे जहां कोई भी उभरती टेक्नोलॉजी जैसे क्रिप्टोकरेंसी और उनके निवेश के के बारे में जानकारी ले सकेंगे। इस अवसर पर कासा के संस्थापक एवं सीईओ कुमार गौरव ने कहा कि अधिकांश भारतीय या तो जागरूक नहीं है या फिर उन्हें ऑनलाइन उत्पाद होने की वजह से क्रिप्टोकरेंसी के बारे में भ्रामक जानकारी है यही कारण रहा है कि वो जिसे देख पाते हैं या सरकार द्वारा मान्य एवं अनुमोदित मुद्रा पर ही विश्वास करते हैं। इसके साथ ही भारत अभी भी विमुद्रीकरण के बावजूद अधिकांश में नकद आधारित अर्थव्यवस्था है। यूनिकेस क्रिप्टो लांज इन दोनों मसलों का जवाब है, जिस कारण भारत में क्रिप्टोकरेंसी को अपनाने की आदत धीमी रही है।

इस कदम के साथ ही यूनाइटेड मल्टीस्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव की योजना अपने परिचालन क्षेत्र को यूनिकास के माध्यम से पूरे भारत में दिसम्बर 2021 तक विस्तारित करने की है। 175 कर्मचारियों के अपने चरम पर, सहकारी योजनाएं टियर 2 शहरों और कस्बों में भारतीय अर्थव्यवस्था को गति दी है।

# सोहना मंडी में धान की सरकारी खरीद न होने से किसान मायूस

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**किसान** सोहना अनाज मंडी में भी धान की सरकारी खरीद किए जाने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय मंडी में धान की सरकारी खरीद न होने से किसान अपनी फसल औने-पौने दाम में बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

सोहना से लगती पलवल, नूंह, गुरुग्राम, पटौदी आदि की अनाज मंडियों में धान की सरकारी खरीद हो रही है। इस बार धान की 1509 किस्म के धान का सरकारी मूल्य किसान ने 1888 रुपये तय किया है। सोहना अनाज मंडी में भी सबसे ज्यादा अब तक जो आवक हुई है। वह 1509 किस्म के धान की 1483 क्विंटल आवक हुई है। इस बार क्षेत्र किसानों ने करीब पांच हजार एकड़ जमीन में धान की बिजाई थी।

**क्या कहना है किसानों का :** धान की फसल औने-पौने भाव में बेचने के लिए मजबूर किसान तेजराम का कहना है कि स्थानीय मंडी छोड़कर किसान अन्य स्थान पर नहीं जा सकता। क्योंकि उनका व्यापार स्थानीय मंडी में बैठे आढ़तियों से ही चलता है। अन्य मंडियों में धान लेकर जाना बहुत की नुकसानदेय होता है। किसान जगदीश का कहना है कि सोहना मंडी में किसान सरकार द्वारा निरधारित कीमत से 250 से 300 रुपये तक कम खरीदा जा रहा है। जिसकी खरीद आढ़ति ही करते हैं। किसान को एक क्विंटल धान पर लगभग 300 रुपये का नुकसान हो रहा है। सरकारी बोनस मिलाकर किसान को एक क्विंटल पर करीब 400 रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है।



सोहना अनाज मंडी में धान बेचने के लिए लेकर आए किसान ट्राली से खाली करते हुए।

# खरीदारों व विक्रेताओं से एक प्रतिशत से अधिक कमीशन वसूलने पर प्रतिबंध

## ब्रोकर्स के लिए आचार संहिता तैयार

## लगभग दो दर्जन बिल्डरों और ब्रोकर्स के खातों का फोरेंसिक ऑडिट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** में रियल एस्टेट के खरीदारों के हित में पहली बार ब्रोकर्स की नापाक हरकतें जांच के दायरे में हैं। उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा सकती है। हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (हरेरा), गुरुग्राम के अध्यक्ष डॉ. केके खंडेलवाल और सदस्य एससी कुश ने इस मामले में संज्ञान लिया है कि प्रॉपर्टी डीलर्स संपत्ति विक्रेताओं के साथ-साथ खरीदारों से मनमाना कमीशन वसूल रहे हैं।

रियल एस्टेट की पंजीकृत परियोजनाओं के लिए हरेरा ने हरियाणा प्राप्टी डीलर्स एवं कंसल्टेंट्स विनियामक अधिनियम, 2008 के तहत बनाए गए हरियाणा प्रॉपर्टी डीलर्स एवं कंसल्टेंट्स विनियामक नियम, 2009 में निधाज़्रित से अधिक कमीशन नहीं लेने पर सभी प्रमोटरों और ब्रोकर्स को प्रतिबंध आदेश जारी करने का निर्णय लिया है। उक्त नियमों के नियम 10 में संपत्ति के विक्रेता एवं खरीददार द्वारा भुगतान के लिए सहमत मूल्य पर एक प्रतिशत कमीशन का प्रावधान है। यानी वैध रसीद के तहत डीलर के रजिस्टर में दर्ज उनके समझौते के अनुसार सौदे के अंतिम रूप पर उनमें से प्रत्येक को आधा-आधा प्रतिशत का भुगतान करना होता है।

प्रॉपर्टी डीलर प्रोमर्ट्स के साथ सांठ-गांठ करके गलत व्यवहार कर रहे हैं। विक्रेताओं और खरीदारों दोनों से निर्धारित कमीशन से अधिक मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। यह पता चला है कि संपत्ति के मूल्य का 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक कमीशन एजेंट द्वारा वसूला जा रहा है और इस अतिरिक्त कमीशन का बोझ अंततः आवंटी द्वारा सांझा किया जाता है।

हरियाणा प्राप्टी डीलर्स एवं कंसल्टेंट्स विनियामक अधिनियम, 2008 के तहत संबंधित उपायुक्त द्वारा प्रॉपर्टी डीलर को लाइसेंस दिए जाते हैं। पंजीकृत परियोजना की रियल एस्टेट डील के लिए बातचीत करने के लिए प्रॉपर्टी डीलर का पंजीकरण रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 9 के तहत रेरा द्वारा किया जाता है और पंजीकरण तब इस शर्त के अधीन होता है कि रियल एस्टेट एजेंट उस समय लागू होने वाले किसी अन्य कानून के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राह्मण सभा ने की न्याय की मांग



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने नितिका की हत्या के विरोध में मंगलवार ये निकिता के न्याय की मांग उठाई। इस मौके पर उन्होंने नितिका को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस घटना से जहां एक तरफ मानवता शर्मशार हुई है। एक हत्यारा सरेआम दिन दहाडे गोली मारकर हत्या कर जाता है, बड़े दुख की बात है हम सभी को सचेत होना चाहिए, ताकि इस तरह के कुकृत्य न हो और प्रशासन से मांग है, कि इन्हें कड़ी सजा मिले और फांसी हो। इस अवसर पर पंडित संजय शर्मा, पंडित सूरज प्रकाश, मनोज, फूल सिंह, नवीन, सम्पतराम,धर्मपाल पूर्व पार्षद सहित अन्य उपस्थित रहे।

### डीएवी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में विज्ञान विभाग व गॉड एंड साइंस क्लब द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी 'मांइड फिज' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डा. सविता भगत ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के युवा वर्ग को हर प्रकार की प्रतिस्पर्धा के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ तैयार रहने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से कॉलेज में समय-समय पर छात्रों को प्रोत्साहित करने व बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं व वेबिनारों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 14 में से 6 टीमों को स्क्रीनिंग टेस्ट द्वारा चयन किया गया जिसको बहुत ही रोचक तरीके से बनाया गया था, जिसमें सभी प्रतिभागियों की स्पर्धा को स्क्रीन पर दर्शाया गया। चार राउंड में विस्यूअल राउंड, क्रॉस राउंड, गेस द लॉ व साइंटिफिक रिडिलस थें, जिनमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान गणित व कंप्यूटर साइंस से जुड़े प्रश्न पूछे गए थे। विज्ञान विभाग के संयोजक सतीश बंसल ने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें विज्ञान के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। ऑन लाइन क्वीज में विज्ञान विभाग के छात्रों व स्टाफ द्वारा बहुत ही रोचक तरीके से बनाया गया था। कार्यक्रम में जेसी बोस यूनिवर्सिटी के आर्यन और रक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। केएल मेहता कॉलेज के ऊषा व नंदिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल के मोहम्मद ईशाद और मनीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मिस सुजाता द्वारा किया गया व क्वीज मास्टर डा. राजकुमारी व किरन रहे। मिस भानु ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की संरक्षिका डॉ. प्रिया कपूर (डीन विज्ञान विभाग) व डॉ. अंकुर अग्रवाल (एचओडी, विज्ञान विभाग) रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विज्ञान विभाग के समस्त स्टाफ पंकज कुमार, राघव, पूजा, रीशिता, प्रिया गर्ग का सहयोग रहा। विज्ञान विभाग के छात्रों गौरव, रवीना, शालिनी, अनीता, तनुज, सिमरन व खुशबु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आपकी सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पुलिस को मिले 50 स्कूटर



**फरीदाबाद।** हीरो मोटर कॉर्प एवं सहगल ऑटोमोबाईल ने फरीदाबाद पुलिस को पेट्रोलिंग के लिये 50 मोटरसाइकिल आपकी सुरक्षा - आपके साथ प्रोग्राम के तहत दी है। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह एवं हीरो मोटर कॉर्प के अभियता उमेश भाटिया एवं सहगल ऑटोमोबाइल के मालिक पकंज सहगल ने पुलिस आयुक्त कार्यालय, फरीदाबाद से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। मौके पर पुलिस विभाग की तरफ से पुलिस आयुक्त ओपी सिंह, डीसीपी एनआईटी अर्पित जैन, सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्यालय आदर्शदीप सिंह मौजूद रहे। सहगल ऑटो मोबाइल की तरफ से पकंज सहगल और हीरो मोटर कॉर्प की तरफ से अंभियता उमेश भाटिया मौजूद रहे। फरीदाबाद पुलिस के द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग के अन्तर्गत चलाये गये अभियान आपकी सुरक्षा-आपके साथ के तहत हीरो मोटर कॉर्प एवं सहगल ऑटोमोबाईल ने पुलिस को पेट्रोलिंग के लिए 50 स्कूटर दिए हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि स्कूटर के द्वारा पुलिस पेट्रोलिंग करेगी, जिससे कानून व्यवस्था बनाए रखने में फरीदाबाद पुलिस को मदद मिलेगी। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने बताया कि ये स्कूटर पेट्रोलिंग करने के साथ पीडित की मदद करने में भी काम में लाए जाएंगे। पुलिस इन राईडरों के द्वारा पीडित की मदद करने के लिए मौके पर जल्दी पहुंच सकेगी। साथ ही पुलिस की पेट्रोलिंग बढेगी और अपराध में भी कमी आएगी। पंकज सहगल और उमेश भाटिया ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि पुलिस आयुक्त ओपी सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि फरीदाबाद पुलिस को पेट्रोलिंग के लिए 50 स्कूटर देकर हमें बहुत खुशी हो रही है। हम इसी तरह आगे भी पुलिस की मदद करते रहेंगे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने पंकज सहगल एवं उमेश भाटिया का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुलिस के बेड़े में 50 स्कूटर और शामिल हुए है यह पुलिस के लिए बड़ी खुशी की बात है।

## प्रताड़ना के बाद अब मां का साया उठने से बेसहारा हुए मासूम

**कविता।** फरीदाबाद

**पति** की मौत और जेठ की प्रताड़ना का शिकार हुए अपने दो मासूम बच्चों की हालत को देखते हुए महिला ने जब अपने दोनों बच्चों को संभलना चाहा, तो वह स्वयं ही क्षयरोगी हो गई। ऐसे में स्वयं की बीमारी और बच्चों की खराब हालत को देखते हुए वह आए दिन परेशान रहने लगी। इसी मानसिक परेशानी में मंगलवार को उसकी सांसें थम गई। रोहतक मेडिकल कॉलेज प्रशासन और चाइल्ड हेल्पलाइन की तरफ से बच्चों की बुआ को इसकी सूचना दी गई। जिस पर बुआ परिवार के अन्य सदस्यों के साथ महिला का शव लेने रोहतक पहुंची। क्योंकि मृतक महिला के मायके में भी कोई नहीं है।



**है बहुत परेशानी**

महिला की ननद सुमन जब उसकी मौत की खबर सुनी, तो वह कुछ पड़ोसियों को साथ लेकर अपनी भाभी का शव लेने रोहतक के लिए निकल पड़ी, झज्जर पहुंचने से पहले उनकी गाड़ी का टायर फट गया। ऐसे में सुमन ने पायनियर संवाददाता को बताया कि वह अपनी भाभी का अंतिम संस्कार रोहतक में ही करा देंगे। क्योंकि शव को फरीदाबाद तक लाने तक के लिए उनके पास कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं दूसरी तरफ उसकी भाभी के मायके में भी कोई नहीं है। भाभी के माता-पिता और भाई, पति की मौत के बाद उनके परिवार में सिर्फ यह मासूम दो बच्चे ही बचे हैं।

**कैसे होगा पालन पोषण**

डेढ़ वर्षीय बच्ची और चार साल के बच्चे की बुआ सुमन ने कहा कि पिता का साया उठने के बाद ताऊ ने पालने का झांसा देकर बच्चों को बेरहमी से प्रताड़ित किया है। आरोपी ताऊ ने बीड़ी-सिगरेट से झुलसा कर बच्चों को काफी दर्द दिया है। अब ऐसे में भगवान ने बच्चों से मां का साया भी छीन लिया। ऐसे में उनका पालन पोषण कैसे होगा, क्योंकि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह भी बच्चों को अपने घर रखकर पालने में असमर्थ है।

**हालत है नाजुक**

क्षयरोग और बच्चों की चिंता से जहां मां की मौत हो गई, वहीं बच्चों की हालत नाजुक बनी हुई है। बच्चें की त्वचा की समस्या ठीक न होने से उसके हाथ का ऑपरेशन अभी तक नहीं हो सकता है। ऐसे में यदि बच्चों को मां के बारे में पता चला, तो उनकी हालत बिगडने की संभावनाएं अधिक है। फिलहाल दोनों बच्चे चाइल्ड हेल्पलाइन की देखरेख में उपचाराधीन हैं।

## एक से तीन नवंबर तक चलेगा पोलियो अभियान : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा एक से तीन नवंबर तक 0 से 5 साल के बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उपायुक्त यशपाल मंगलवार सुबह लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि इस पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले के हाई रिस्क एरिया में 2 लाख, 13 हजार 235 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 1176 टीमें गठित की गई है। जिला में 1112 हाई रिस्क एरिया हैं और इसमें 681 स्लम एरिया हैं। इसके साथ ही 39 डेरा क्षेत्रों, 146 भट्टा क्षेत्रों, 219 कंस्ट्रक्शन साइटों को भी कवर किया जायेगा।

इस अभियान मेंनो टच वैक्सीन का प्रयोग किया जाएगा, ताकि कोरोना संक्रमण के किसी भी संभावित प्रभाव से खुद को व दुसरों को बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि यूपी, बिहार के बाद हरियाणा प्रदेश इस संबंध में हाई रिस्क एरिया में आता है। इसमें गुड़गांव, मेवात, फरीदाबाद क्षेत्र ज्यादा संवेदनशील हैं।

# नितिका का गुनाहगार गिरफ्तार पर लोगों में रोष बरकरार

### आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाएगी : सीपी

**फरीदाबाद से पलवल एवं मेवात तक पांच घंटे चले ऑपरेशन में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** स्थित अग्रवाल कॉलेज की छात्रा नितिका की दिनदहाड़े हत्या करने वाले आरोपी तौसीफ को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने बीती रात पांच घंटे के भीतर मेवात से दबोचा था। वहीं आरोपी के सहयोगी को पुलिस ने मंगलवार दोपहर को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश कर पुलिस ने रिमांड पर लिया है, लेकिन तेज कार्रवाई के बाद भी लोगों रोष जरा भी कम नहीं हुआ।

**यह है मामला**

पुलिस के मुताबिक मृतका निकिता के भाई नवीन ने 26 अक्टूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम 4 बजे के आसपास 20 वर्षीय उसकी बहन अग्रवाल कॉलेज से परीक्षा देकर निकली थी थोड़ी दूर चलने पर आरोपी ने लड़की को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। लड़की द्वारा विरोध करने पर आरोपी युवक



लड़की को गोली मारकर अपने एक अन्य साथी सहित कार में फरार हो गया था। जिस पर आरोपीयों के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

मामला पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के संज्ञान में आने पर उन्होंने तुरंत प्रभाव से क्राइम ब्रांच की 10 टीमों को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे। क्राइम ब्रांचों की टीमों द्वारा फरीदाबाद से पलवल एवं मेवात तक चलाए गए 5 घंटे के ऑपरेशन के दौरान आरोपी को दबोचा गया है। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने बताया कि आरोपी वारदात को अंजाम देकर पलवल होते हुए मेवात नूहं चला गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी वर्ष 2018 में भी लड़की को अपने साथ ले गया था। मामला थाना सिटी बल्लभगढ़ में दर्ज किया था। 21 वर्षीय आरोपी तौसीफ फिजियोथैरेपिस्ट के कोर्स में थर्ड ईयर में है। वारदात में शामिल दूसरा आरोपी रेहान निवासी रेवासन मेवात तौसीफ का दोस्त है। ओपी सिंह ने बताया कि रेहान को भी क्राइम ब्रांच की टीमों ने पीछा करके गिरफ्तार कर लिया है।

**एसआईटी करेगी जांच**

ओपी सिंह ने बताया कि मामले में एसआईटी टीम भी गठित की गई है। जिसका इंचार्ज राजपत्रित अधिकारी होगा। पुलिस के पास आरोपी के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अन्य कई तरह के गुप्त साक्ष्य हैं। जिनके आधार पर कोर्ट में अच्छी पैरवी कर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से हथियार, गाड़ी आदि बरामद की जाएगी। वारदात के कारण के बारे में गहनता से पूछताछ की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ पुलिस की तेज कार्रवाई के बावजूद लोगों का रोष कम नहीं हुआ है। पुलिस ने परिजनों को कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन देकर किसी तरह शांत किया है।

## प्रदूषण की रोकथाम को बनाई रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**निगमायुक्त** डॉ. यश गर्ग के आदेशानुसार त्यौहारों के सीजन को मद्देनजर रखते हुए अधीक्षण अभियंता विजय ढाका ने प्रतिदिन प्रदूषण की रोकथाम और शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर पांचों जोनों के कार्यकारी अभियंताओं की मीटिंग ली और प्रतिदिन होने वाले कार्य रिपोर्ट की समीक्षा की। मीटिंग में अतिरिक्त निगमायुक्त इंद्रजीत कुल्हारिया भी उपस्थित थे।

उन्होंने पांचों जोनों के कार्यकारी अभियंताओं को कहा कि प्रतिदिन प्रदूषण की रोकथाम और क्लीन फरीदाबाद-ग्रीन फरीदाबाद के अंतर्गत शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर निगम अपनी गतिविधियों में और तेजी लाए और प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ प्रतिदिन चालान काटे जाए।

अधीक्षण अभियंता ने कहा कि अगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति रबड़, प्लास्टिक, कपड़ा और कूड़ा जलाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करके चालान काटे जाए तथा होटल व ढाबों पर कोयला व लकड़ी के धुएं से होने वाले प्रदूषण पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। मीटिंग में कार्यकारी अभियंता ओमवीर सिंह, ज्ञान प्रकाश वधवा, विवके गिल, सुंदर श्योराण, एसडीओ खेमचंद सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। मीटिंग में अधीक्षण अभियंता को अधिकारियों ने अवगत कराया कि निग्मायुक्त डा. यश गर्ग के निर्देश पर सफाई विभाग द्वारा निगम क्षेत्र में 132 जगह सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

## इस नए शेड्यूल से होगा अब दाखिला

**फरीदाबाद।** उच्चतर शिक्षा विभाग ने स्नातक के द्वितीय व तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर कोर्स के दाखिले की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। जिसके तहत नया शेड्यूल जारी किया है। अब छात्र 5 नवंबर तक फीस भुगतान कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है गवर्नमेंट एडेड व सेल्फ फाइनेंस महाविद्यालयों में स्नातक के द्वितीय व तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर कोर्स में दाखिला प्रक्रिया 23 अक्टूबर से शुरू हुई थी। वहीं राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक के द्वितीय वर्ष में दाखिले 26 अक्टूबर से और तृतीय वर्ष के दाखिले 29 अक्टूबर से शुरू हुए थे। विद्यार्थी 31 अक्टूबर तक फीस भुगतान कर दाखिला सुनिश्चित कर सकते थे।

## गांव-गांव जाकर वोट मांग रही भाजपा नेत्री

**फरीदाबाद।** बरोदा उपचुनाव में जीत दर्ज कराने के उदेश्य से जहां भाजपा के वरिष्ठ नेता दिन रात एक किए हुए है वहीं कार्यकर्ता भी पार्टी के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेवारी को समझते हुए गांव गांव जाकर प्रत्याशी योगेश्वर दत्त के लिए वोट मांग रहे है।

इसी कड़ी में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं फरीदाबाद की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष कुसुम महाजन ने प्रदेशध्यक्ष निर्मल बैरागी, प्रदेश उपाध्यक्ष भिवानी मीना परमार जिला उपाध्यक्ष फरीदाबाद आशा रानी व टीम की अन्य महिला सदस्यों के साथ मिलकर बरोदा विधानसभा के कई गांवों में घर घर जाकर वोट मागें और प्रत्याशी योगेश्वर दत्त को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। अमरवली गांव में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कुसुम महाजन ने कहा कि भाजपा-जजपा ने ऐसे प्रत्याशी को उतारा है जो विजयी होने पर आपकी उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेगा और सुख दुख में आपके परिवार के सदस्य के रूप में कन्धे से कन्धा मिलाकर आपके साथ खड़ा रहेगा।

कुसुम महाजन ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति झूठ के सहारे चल रही है जोकि किसानों में भ्रम फैलाकर एक औछी राजनीति कर रही है। उन्होनें कहा कि योगेश्वर दत्त ने पहलवानी में देश का नाम रोशन किया है आप उसे अपने गले से लगा लो आपके हल्के में भी ऐसा विकास करवाएगा कि हरियाणा ही नहीं पूरे देश में आपके गांव का नाम होगा।

## 190 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 24,287

**कोरोना**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले में** कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को शहर में जहां एक तरफ 190 नए मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 24,287 पर पहुंच गया है। वहीं राहत की बात यह रही कि 158 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 95.1 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

**ये हैं पॉजिटिव**

190 पॉजिटिव में ऊंचागांव, तिलपत, एनएच-एक, सेक्टर-77, 82, 7, 63, 91, 14, 15, 30, 10, 37, 88, 29, 55, 46, पल्ला, स्प्रींग फिल्ड कालोनी, भाटिया कालोनी, खेड़ी कला, अजाद नगर, नंगला, ईस्माइलपुर, शिव कालोनी, अशोका इंक्लेव, एनएचपीसी कालोनी, बसेलवा कालोनी, ओल्ड फरीदाबाद से 2-2 मरीज है। सेक्टर-34, 8, 21, 11, 18, 31, 16, 3, इंदिरा कॉम्पलेक्स, ग्रीन फिल्ड कालोनी, अशोका इंक्लेव, जीवन नगर, गर्ग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, एसी नगर से 3-3 मरीज है। बल्लभगढ़, राजा गार्डन, पाली, सेक्टर-23, गोपी कालोनी, बड़ौली, शिव इंक्लेव, गाजीपुर कालोनी, अंनगपुर, भनकपुर, सुभाष नगर, आईपी कालोनी से 1-1 मरीज है।

**ये हैं आंकड़े**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 241241 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 216658 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 296 |
| अब तक पॉजिटिव | 24287 |
| अब तक मौतें | 244 |
| गंभीर भर्ती हैं | 44 |
| आईसीयू में भर्ती | 08 |
| अब तक ठीक | 23095 |

## प्रदेश में कानून का नहीं जंगल राज है: सुशील गुप्ता

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के सांसद व हरियाणा के सहप्रभारी सुशील गुप्ता ने सोमवार को बल्लभगढ़ के अग्रवाल कालेज के बाहर दिन-दहाडे छात्रा के अपहरण के प्रयास की कडी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं है। भाजपा-शासित हरियाणा प्रदेश में गुंडाराज चल रहा है। यह बदमाश पुलिस को ललकारते हुए अपना काम कर चले जाते है, पुलिस और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे है। सांसद सुशील गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल कालेज के पास वाला हादसा पहली बार नहीं हुआ है। बल्कि इससे पहले ही इस तरह की कोशिश की जा चुकी है। इसके बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अगर वहां पुलिस की पीसीआर होती तो यह हादसा नहीं होता।

## हमले के विरोध में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद ने प्रदर्शन को दिया समर्थन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य माधव रावत ने कहा कि कैम्पस में पिछले वर्ष 2019 जनवरी माह में छात्र संघ अध्यक्ष शुभम कपासिया पर दिन दहाड़े देशी कट्टे से हुए प्राणघातक हमले के बाद। एक बार फिर से एक दु:खद घटना घटित हुई है यह घटना कॉलेज प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण हुआ है। जिला संयोजक राहुल राणा ने बताया कि एबीवीपी ने छात्र संघ अध्यक्ष पर हुएं हमलें के विरोध में जोरदार विरोध प्रर्दशन किया था। उस समय कालेज प्राचार्य ने छात्रों को प्रर्दशन स्थल पर आकर आसवासन दिया था कि कालेज में शुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं कही गई जिसके कारण आज फिर यह घटना हम सभी के सामने है। प्रीति नागर ने कहा अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के सामने फाइनल ईयर की छात्रा निकिता तोमर को सरेआम गोली मार दी गई जिसके बाद उसकी मौत हो गई। विद्यार्थी परिषद हत्याकांड की निंदा कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। कंचन डागर ने कहा आखिर उसका गुनाह क्या था? जो उसे इस तरह से सरेआम गोली मार दी गई। पहले उसे जबरन गाड़ी में बैठाना चाहा और जब नहीं बैठी तो उसको गोली मार दी। इस बेगुनाह बच्ची के साथ इन हत्यारों की क्या दुश्मनी थीं जो सीधा गोली ही मार दी? इतना बेखौफ होकर घूमने वाले अपराधियों में कानून नाम का कोई भय नहीं हैं? वो दिन कब आएगा जब हमारे देश में हमारी बहन-बेटियां अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकेंगी? मीडिया प्रमुख रवि पाण्डेय ने कहा विद्यार्थी परिषद मांग करती है।

## सीएम विंडो की लंबित शिकायतों पर उपायुक्त लेंगे संज्ञान

### जिला उपायुक्त के साथ लोकसभा निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रैक्सवाल ने की बैठक

**जल्द निपटाए जाएंगे सीएम विंडो की शिकायत के लंबित मामले**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**लोकसभा** निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रक्षवाल की जिला उपायुक्त के साथ लघु सचिवालय पर एक समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों के एमिनेंट पर्सन भी उपस्थित रहे। बैठक में सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के निपटारे पर विस्तार से चर्चा हुई। छह विधानसभा क्षेत्रों के एमिनेंट पर्सन अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र के अनुसार लंबित शिकायतों की सूची जिला उपायुक्त यशपाल यादव को सौपेंगे। जिसे जिला प्रशासन देखेगा की अब-तक लंबित मामले क्यों नहीं निपटाए गए हैं।

लोकसभा निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रैक्सवाल ने बताया कि सभी लंबित मामलों का जिला उपायुक्त यशपाल यादव स्वंय संज्ञान लेंगे और देखेंगे की यदि किसी समस्या का लंबे समय से निपटारा नहीं हो पाया है तो उसकी क्या वजह है। इस में किसी कर्मचारी की लापरवाही है या फिर कोई और वजह। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायत को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल बहुत ही संजीदा हैं। वो चाहते हैं की आम आदमी को अपनी शिकायतों के लिए अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। बल्कि उनकी समस्या का समाधान बिना खर्ची-पर्ची के घर बैठे ही हो जाए। जिला प्रशासन भी सीएम विंडो की शिकायत को लेकर संवेदनशील है और वो चाहता है की आम आदमी की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो। उसे किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के एमिनेंट पर्सन आरएन सिंह, मनोज वशिष्ठ, सुधीर नागर, अनिल प्रताप सिंह, ऋषि चौधरी, वजीर सिंह डागर, राजेश अरोड़ा, राकेश कुमार मौर्या, रमेश भारद्वाज, राकेश खटाना, महावीर सैनी, राकेश नर्वत मौजूद रहे।

मौके पर लोकसभा निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रक्षवाल ने जिला उपायुक्त यशपाल यादव की प्रशंसा करते हुए कहा की ये फरीदाबाद का सौभाग्य रहा है की कोरोना के शुरू होते ही उनकी यहा पर नियुक्ति हो गई और उनकी कार्यकुशलता के चलते इतनी बड़ी महामारी से लड़ने में फरीदाबाद कामयाब रहा।

## उपचुनाव में रंग लाएगी कांग्रेस की मेहनत : अरोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बरोदा** विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी इन्दुराज नरवाल के समर्थन में प्रचार-प्रसार करने पहुंचे कांग्रेसी नेता भारत अशोक अरोड़ा ने सर्वप्रथम कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षा कुमारी शैलजा से आशीर्वाद लिया और उनके के साथ प्रचार अभियान में जुट गए। भारत अशोक अरोड़ा ने कहा कि बरोदा उपचुनाव में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मेहनत रंग लाएगी और भारी मतों से कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का असल चेहरा जनता के सामने आ चुका है, अब वह चाहे किसी खिलाड़ी पर दाव लगाए या फिल्म स्टार पर, लोग उनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं। कोरोना काल में भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा किए गए फैसलों ने आज देश को बहुत पीछे खड़ा कर दिया है। लोग कोरोना से कम, आर्थिक मंदी, भूख एवं बेरोजगारी से अधिक मर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी घोषित किया गया 20 लाख करोड़ का आर्थिक पैकेज केवल घोषणाओं तक ही सीमित रह गया है। देश भारी आर्थिक मंदी से गुजर रहा है।

# भारत में पोम्पियो व एस्पर

## मजबूत होंगे भारत-अमेरिका संबंध

अमेरिका में चुनाव के बाद चाहे जो सत्ता में आए, चीन के प्रति साझा संदेह से संचालित भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिकी विदेश व रक्षा सचिव माइक पोंपियो तथा मार्क एस्पर की नई दिल्ली यात्रा दोनों देशों के बीच दो प्लस दो संवाद के लिए है जिसमें उनके भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। यह भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम है जो चीनी विस्तारवाद के खिलाफलड़ रहे हैं। हालांकि, 20 जनवरी, 2021 के बाद अमेरिका में 46वें राष्ट्रपति सत्ता में आएंगे, पर द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती तथा दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा शासित चीन लोकतांत्रिक गणतंत्र के बीच विरोध और तीखा होगा। इस यात्रा से साझा उद्देश्य के लिए प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है जो राजनय की निरंतरता की पुष्टि करती है। ध्रुवीकरण करने वाले डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव पर कोरोनावायरस महामारी से निपटने में लापरवाही का चाहे जो प्रभाव पड़े, पर उन्होंने निश्चित रूप से चीन के आक्रामक व्यवहार के प्रति विमर्श बदला है। भारत इसका नवीनतम शिकार है। तीसरा भारत-अमेरिका दो प्लस दो मंत्रिस्तरीय संवाद समग्र वैश्विक रणनीतिक साझेदारी व सहयोग के विस्तार पर केन्द्रित होगा। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा दुनिया में स्थिरता व समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इसमें क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग व रक्षा सूचनाओं का साझा शामिल है जिससे दोनों देश पड़ोसियों से पैदा होने वाली चुनौतियों के साथ ही कोविड-19 के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र व अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों से निपटने में सफल होंगे। दोनों



देशों द्वारा बेसिक एक्सचेंज एंड कोआपरेशन एग्रीमेंट-बीका पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है जो चार मूल समझौतों में से एक है। इससे भारत-अमेरिका उच्च सैनिक प्रौद्योगिकी, लाजिस्टिक्स व जियोस्पेटियल मानचित्रों का साझा करने में सफल होंगे। चीन इस समझौते से अत्यधिक व्यथित है और उसके आधिकारिक मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि 'वाशिंगटन के लिए नई दिल्ली से वैसा गठबंधन बनाना बहुत कठिन है, जैसा उसका टोकियो के साथ है। ज्यादा शक्तिशाली बनने की इच्छा रखने वाला भारत किसी अन्य वैश्विक प्रतियोगी को सहन नहीं करेगा।' पिछले कुछ महीनों में दक्षिण चीन सागर में अमेरिका की दक्षिण चीन सागर में सक्रियता बढ़ी है, जबकि हांगकांग में चीन-विरोधी प्रदर्शन तेज हुए हैं। ऐसे में भारत अमेरिका से हथियार खरीद के साथ नजदीकी सैनिक व आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है ताकि चीन के साथ किसी संभावित टकराव से निपटा जा सके। गलवान घाटी में हुई घटनाओं के बाद अपाचे व चिनूक हेलीकाप्टरों की नई खेप भारत को मिली है तथा द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए हैं। भारत द्वारा आस्ट्रेलियाई नौसेना को जापान व अमेरिका के साथ मलाबार नौसैनिक अभ्यास में आमंत्रित करने से क्वाड गठबंधन या चतुमुर्खी सुरक्षा संवाद मजबूत हुआ है। इस समूह ने सप्लाई श्रृंखला मजबूत करने, वैकल्पिक बाजार तलाशने, गलत सूचनाओं का मुकाबला करने तथा समुद्री सुरक्षा मजबूत करने का काम किया है।

भारत को चीन के खिलाफ गठबंधन बनाने का काम और तेजी से करना चाहिए। वर्तमान परिदृश्य में अब सीधे-सीधे अमेरिका और चीन के बीच टकराव शुरू हो गया है और नई दिल्ली को विभिन्न देशों को अपने साथ लाकर इस स्थिति का लाभ उठाना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आर्थिक साम्राज्यवाद का लाभ उठा कर तुर्की के राष्ट्रपति रेसिप तैयब इर्दोगान को अपने पक्ष में लाने में सफलता पाई है। रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन भारत को अनदेखा कर चीन के साथ दीर्घकालीन ढांचागत व आर्थिक समझौते कर रहे हैं। ऐसे में भारत को रूसी सैनिक सामग्री खरीदने पर पुनर्विचार करना चाहिए। भले ही सालों तक भारत-अमेरिका संबंध अच्छे न रहे हों, पर वर्तमान समय में मजबूत द्विपक्षीय संबंध दोनों के हित में हैं। चीन भारत का मित्र नहीं है और ऐसे में अमेरिका से मजबूत संबंध बहुत अच्छी बात है।

# पाकिस्तान में निशाने पर सेना

**एक झटके में नवाज शरीफ ने 'सिविलियन सरकार' के परम्परागत पाकिस्तानी मुखौटे को तार-तार कर सीधे सेना को देश की बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया है।**



भूपिंदर सिंह
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



मियां साहब ऐसे पाकिस्तानी राजनेता नहीं हैं जो अपना लक्ष्य आसानी से छोड़ दें। जब पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज, यानी पीएमएल-एन के नेता तथा जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मिर्जा गालिब का शेर सुना दिया, 'उनके देखे से जो आ जाती है मुंह पर रौनक, वो समझते हैं कि बीमार का हाल अच्छा है।' भले ही प्रमुख पंजाबी राजनेता नवाज शरीफफिलहाल पाकिस्तान में न हों और जमानत पर ब्रिटेन में रह रहे हों तथा उनको 'भगोड़ा' घोषित किया गया हो, लेकिन वास्तव में वे कश्मीरी नस्ल के हैं जिनके पिता अनन्तनाग से व माता पुलवामा से थीं। इसके बावजूद तीन बार निर्वाचित व सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नवाज शरीफविपरीत स्थितियों में सामंजस्य बैठाने वाले चालाक राजनेता हैं। अब उन्होंने पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' या सेना पर सर्वाधिक नियोजित हमला बोला है।

पाकिस्तान के लड़खड़ाते लोकतंत्र में रावलपिंडी मुख्यालय से सरकार चला रहे सैनिकों की अशुभ छाया बड़ी होती जा रही है जिनका उल्लेख बहुत दबी जुबान से होता है। सैनिकों को फ़रिश्ता या ख़लाई मख़लूक यानी परग्रही प्राणी समझा जाता है जो पीछे से काम करते रहते हैं। कभी-कभी वे औपचारिक रूप से सामने भी आ जाते हैं, जैसा कि अयूब खान, याहिया खान, जियाउल हक या परवेज़ मुर्शरफके मामले में हुआ। लेकिन अब पाकिस्तानी राजनीति में परोक्ष भूमिका निभाने वाले पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा तथा कुख्यात इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई के प्रमुख का नाम सीधे-सीधे इमरान खान की सरकार चलाने वालों के रूप में लिया जा रहा है। एक झटके में शरीफ़ ने 'सिविलियन सरकार' का परंपरागत पाकिस्तानी मुखौटा तार-तार कर दिया है। उन्होंने सेना को सीधे-सीधे देश की वर्तमान बदहाली तथा अनिश्चित भविष्य के लिए जिम्मेदार व जवाबदेह ठहरा दिया है। इससे जनता में उसकी छवि ध्वस्त हो गई है।

शरीफ की वर्तमान लोकतांत्रिक पैंतरेबबाजी चाहे जो हो, वे स्वयं पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना का उत्पाद तथा उसका औजार रहे हैं। आमतौर से सभी लोग मानते हैं कि शरीफपूर्व सैनिक तानाशाह जनरल जियाउल हक की व्यक्तिगत पसंद थे, पर वास्तव में एक और पाकिस्तानी जनरल गुलाम गिलानी ने मियां साहब को राजनीतिक रूप से आगे बढ़ाने में प्रारम्भिक भूमिका निभाई थी। लेफ्टीनेंट जनरल गुलाम गिलानी के बहुरंगी अतीत का एक हिस्सा कश्मीर घाटी में 'अनियमित' संघर्ष्ज्ञ के लिए उनकी एक साल की सबाटिकल छुट्टी थी जिसके चलते 1947-48 में भारत-पाक युद्ध हुआ था। उन्होंने 1965 तथा 1971 के भारत-पाक युद्धों में भी भाग लिया था। कुख्यात आईएसआई के महानिदेशक के रूप में सेवा करते हुए उन्होंने जियाउल हक के सैनिक विद्रोह की रूपरेखा तैयार की थी जिसे कोड नाम 'फेयर प्ले' दिया गया था। उन्होंने जुल्फिक़ार अली भुट्टो को फांसी के तख्ते तक पहुंचाने की गलत सलाह भी दी थी।

बाद में जनरल जिया ने लेफ्टीनेंट जनरल गुलाम गिलानी को प्रभावशाली पंजाब प्रांत का गवर्नर बना दिया जहां उन्होंने जानबूझ कर सुरक्षित रणनीति पर चलते हुए गैर-सामंती व उभरते हुए उद्योगपति नवाज शरीफ को पंजाब का वित्त मंत्री बनाया। शहरी, आज्ञाकारी व सौम्य शरीफजल्द ही मुख्यमंत्री के पद पर उस अंधकारमय समय में पहुंच गए जब जनरल जिया पाकिस्तान का शरीयाकरण कर रहे थे। हालांकि, शरीफ को किसी तरह धार्मिक कट्टरपंथी नहीं कहा जा सकता है। पंजाबी, सामंत या सैनिक न होने के बावजूद शरीफ राजनीति के चतुर खिलाड़ी तथा आगे बढ़ने में सक्षम राजनेता थे। जिया की रहस्यमय विमान दुर्घटना में मौत के बाद उन्होंने धार्मिक पार्टियों से नजदीकी बढ़ाई, आईएसआई का संरक्षण प्राप्त किया तथा जिया की राजनीतिक पार्टी में एक विरोधी गुट खड़ा किया जिसका नाम पाकिस्तान मुस्लिम लीग पगारा गुट था। बाद में यह पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज़ या पीएमएल-एन में बदल गया। उस समय शरीफ पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की बेनजीर भुट्टो के प्रतिद्वंद्वी थे जिनके पिता को पाकिस्तानी जनरलों का विरोध करने के कारण अपनी जान से हाथ धोने पड़े थे। लेकिन उस समय शरीफ'डीप स्टेट' के बहुत निकट तथा उसके आंतरिक कामकाज से परिचित थे।

लेकिन चालाक नवाज़ शरीफ ने भी पाकिस्तानी जनरलों की शक्ति का गलत व कम आंकलन किया। मियां साहब को 6 पाकिस्तानी सेना प्रमुखों से निपटना पड़ा जिनमें से चार की उन्होंने व्यक्तिगत रूप से नियुक्ति की थी। बिना किसी अपवाद के उनके सभी जनरलों के साथ टकराव वाले संबंध रहे। शरीफ द्वारा नियुक्त पहले जनरल वहीद काकर ने बाद में प्रधानमंत्री के रूप में उनके इस्तीफे का दबाव डाला। बेनजीर भुट्टो के बाद दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आए शरीफ को भुट्टो द्वारा नियुक्त जनरल जहांगीर करामत ने समय से पहले इस्तीफा देने पर मजबूर किया। करामत के साथ शरीफ के अच्छे संबंध नहीं थे। इस प्रकार अतीत पर नजर डालें तो शरीफ ज्यादा बुद्धिमान नहीं सिद्ध होते हैं। उन्होंने सुरक्षित समझे जाने वाले मुहाजिर जनरल परवेज़ मुशर्रफ़ को सेना प्रमुख बनाया। उन्होंने न केवल बिना उनसे पूछे कारगिल युद्ध शुरू किया, बल्कि एक और सैनिक विद्रोह कर उनको सऊदी अरब निर्वासित होने के लिए मजबूर किया। प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल में शरीफने सावधानी से जनरल परवेज कियानी को नियुक्त किया जिनको पहले उनके धुर विरोधी परवेज़ मुशर्रफ ने पदोन्नत कर उनका कार्यकाल भी बढ़ाया था। शरीफ की तीसरी व्यक्तिगत पसंद दूसरों को पीछे छोड़ कर जनरल राहील शरीफ को सेना प्रमुख बनाना था। लेकिन वे भी अलग नहीं सिद्ध हुए तथा 'आर्मी हाउस' आमतौर से शरीफ़ सरकार पर हुक्म चलाया तथा उनके लिए 'लाल रेखायें' परिभाषित करता रहता था। जनरल राहील शरीफ ने नवाज़ शरीफ के लिए अपमानजनक परिस्थितियां पैदा कीं। इसका उदाहरण उफा सम्मेलन के बाद हुई गतिविधियां, नीतिगत उलटफेर तथा सार्वजनिक रूप से सिविलियन सरकार को खासकर पनामागेट मामले के बाद भ्रष्टाचार पर उपदेश देना है। लेकिन दूसरों को पीछे छोड़ कर उनकी चौथी पसंद के रूप में सेना प्रमुख बने जनरल कमर बाजवा वास्तव में गैर-राजनीतिक तथा लो-प्रोफाइल वाले समझे जाते थे। इस प्रकार ऐतिहासिक रूप से जनरलों ने नवाज़ शरीफका लाभ उठाया तथा उन्होंने लगातार मियां साहब को दबाव में डाल कर उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को बढ़ावा दिया। हालांकि, ऐसे लोगों के प्रति जनरलों की कोई वैचारिक पसंद नहीं थी, पर उनका प्रयोग सेना को संस्थागत रूप से मजबूत करने के लिए किया गया। इस प्रकार पाकिस्तानी सेना को सिविलियन सरकार का संरक्षक बताने का मुखौटा तैयार हुआ।

लेकिन अब शरीफ ने एक बार फिर युद्ध की रेखायें बदल दी हैं और सैनिक जनरलों को घेरे में खड़ा कर दिया है। पाकिस्तानी जनरलों का दुर्भाग्य है कि इमरान खान सरकार सभी स्तरों पर भयानक रूप से विफल हो रही है और पाकिस्तान की 'डीप स्टेट' या सेना भी इस 'भयानक' स्थिति से बाहर निकलने में कठिनाई का अनुभव कर रही है। पाकिस्तान की जनता लगातार सेना के कामकाज व उसके संरक्षण के बारे में संदेह व आशंकाओं का शिकार हो रही है। ऐसे में जनरल सिविलियन सरकार की 'विफलताओं' के साथ खड़े नहीं हो सकते हैं क्योंकि इससे उस संस्थान की वैधता समाप्त हो जाएगी जो 1965, 1971 तथा कारगिल की अपमानजनक पराजयों के बावजूद फलता-फूलता रहा है। शरीफ सैनिक अवस्थापना पर दबाव डाल कर इमरान खान सरकार को अपदस्थ कराना चाहते हैं जैसा सेना हमेशा करती रही है। क्या इस बार सचमुच मियां साहब ने जनरलों को मजबूर कर दिया है?

# यूपी की राजनीति में साजिशों का बोलबाला

> समग्रता में देखने पर योगी सरकार कई मायनों में पिछली सरकारों से बेहतर नजर आ रही है। संभवत यही बात विपक्ष को बेचैन कर रही है।

शशिकांत
(लेखक एक स्तम्भकार हैं)



यूपी में पिछले साढ़े तीन साल में विपक्ष सरकार के खिलाफ ऐसा एक भी मुद्दा नहीं उठा पाया, जिसे विपक्ष जनांदोलन में तब्दील कर पाए और सरकार को जनविरोधी साबित कर सके। फिलहाल यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि विपक्ष के रूप में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा पाया है या ऐसी कोई सशक्त कोशिश भी है। प्रदेश की कई खबरें मीडिया की सुर्खियां तो बनीं, लेकिन जब गहराई से पड़ताल हुई, तो विपक्ष की ओर से जोर शोर से उठा गए, इन मुद्दों में सच्चाई कम, शिगूफा ज्यादा निकला। यूपी में विधानसभा चुनाव होने में अभी तकरीबन डेढ़ साल का वक्त है, लेकिन विपक्ष अभी तक मुद्दे तलाश रहा है, सरकार को घेरने में वह अब तक नाकाम साबित हो रहा है और उसे अभी ठोस आधार नहीं मिल सका है। जबकि सूबे में मुद्दों की कमी नहीं है। इसलिए बड़ा सवाल यह है कि विपक्ष को अभी से आखिर क्यों राजनीतिक साजिश का सहारा लेना पड़ रहा है? इस पर मंथन जरूरी है।

हो सकता है यह सुनने में आश्चर्यजनक लगे कि योगी सरकार को घेरने के नाम पर बदनाम करने के लिए विपक्ष साजिश रच रहा है, लेकिन यह सौ फीसदी सही है। सबसे ताजा उदाहरण हाथरस का है, जिसमें एसटीएफ की टीमें सूबे में जातीय दंगा कराने की साजिश की जांच कर रही हैं। इसका खुलासा मथुरा में पांच अक्तूबर को गिरफ्तार किए गए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया के चार सदस्यों से पूछताछ और उनके पास से बरामद किए गए सामाग्रियों से हुआ है।

इसी से जोड़कर गाजियाबाद के करहेड़ा गांव में कथित तौर पर 236 लोगों के धर्म परिवर्तन को भी देखा जा रहा है। मामले में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। पुलिस और खुफिया विभाग ने अपनी रिपोर्ट में कुछ लोगों के राजनीतिक दलों और कुछ संगठनों के संपर्क में होने की बात कही है। यहां से उन्हें फंड मिल रहा है, ताकि मामले को तूल दिया जा सके। इलाके में कुछ दिनों से आप कार्यकर्ताओं के सक्रिय होने की भी सूचना है। मामले को लेकर यह दिखाने का प्रयास किया गया कि दलितों ने आहत होकर धर्म परिवर्तन किया। जबकि ऐसा नहीं है। इससे पहले लॉकडाउन के दौरान भाजपा नेताओं ने उन्हें नगद के अलावा राशन की भी मदद की थी। आरोप है कि यह मांग कुछ समय बाद बढ़ती गई, तो वे गुपचुप तरीके से कुछ अन्य राजनीतिक दलों के संपर्क में आ गए।

इससे पहले 14 अक्तूबर को लखनऊ में विधानसभा के सामने महराजगंज जिले की एक महिला को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने कांग्रेस नेता आलोक प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आलोक प्रसाद पूर्व राज्यपाल सुखदेव प्रसाद के पुत्र हैं। पुलिस का दावा है कि महिला ने जहां खुद को आग लगाकर आत्मदाह करने की कोशिश की थी, आलोक की लोकेशन उसी जगह के पास थी। इसके अलावा इसी साल जुलाई में कांग्रेस के प्रवक्ता अनूप पटेल को अमेठी की दो महिलाओं को विधानसभा के सामने खुद को आग लगाने के उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जलने के कारण एक महिला की मौत हो गई थी। पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने तब कहा था कि, एआईएमआईएम नेता सहित गिरफ्तार किए गए लोगों पर साजिशन आत्मदाह के लिए उकसाने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। महिलाएं चार जुलाई को यूपी कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में अनूप पटेल से मिलीं, जिन्होंने उन्हें यही सलाह दी थी और पत्रकारों को इसे कवर करने के लिए कहा था। इससे पहले सीएए और एनआरसी के खिलाफ हुए उग्र प्रदर्शनों में भी पीएफआई का नाम आया था और इससे जुड़े लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी हुई थी। इसमें कांग्रेस की एक महिला प्रवक्ता को जेल भी भेजा गया था।

इसी तरह लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और विधान भवन के सामने पिछले साल छह जनवरी को सड़कों पर आलू फेंका गया था। एक सप्ताह बाद पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दावा किया था कि सरकार को बदनाम करने के लिए समाजवादी पार्टी से जुड़े नेताओं ने आलू फेंका था। इनमें कन्नौज की सपा से जिला पंचायत अध्यक्ष शिल्पी कटियार के पति संजू कटियार, सपा से ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी रहे जय कुमार तिवारी और शिवेंद्र सिंह उर्फ कुक्कू चौहान समेत कई सपा नेताओं के नाम सामने आए थे।

पुलिस को पड़ताल के दौरान मोबाइल नंबरों की लोकेशन और सीडीआर के आधार पर विधान भवन, राजभवन और मुख्यमंत्री आवास के आसपास घटना के वक्त कन्नौज और लखनऊ के कई सपा नेताओं की लोकेशन मिली थी। सीसीटीवी फुटेज में एक महिंद्रा पिकप गाड़ी कैद हुई थी, जिसके नंबर के आधार पर छानबीन की गई थी। इस दौरान गाड़ी के चालक कन्नौज के ठठिया निवासी संतोष पाल और फगुहा, लोहमन, तिरवा निवासी कुक्कू चौहान के करीबी अंकित सिंह को गिरफ्तार किया गया था।

इसमें संदेह नहीं कि समग्रता में देखने पर योगी सरकार कई मायनों में पिछली सरकारों से बेहतर नजर आ रही है। वह ना सिर्फ आगे बढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने की कोशिश कर रही है बल्कि जनता के सामने लगातार अपना रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने प्रस्तुत करने का साहस कर रही है। यह छोटी बात नहीं है। संभवत यही बात विपक्ष को बेचैन कर रही है। यही कारण है कि यूपी में इस तरह की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें सरकार को बदनाम करने की नीयत से साजिश रचीं गई हैं। सरकार को घेरने से पहले विपक्ष को कड़ा होमवर्क करना चाहिए, ताकि सरकार को मुद्दों पर घेरें, न कि शिगूफों के आधार पर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास करें। राज्य सरकार के अच्छे कार्यों में सहयोग नहीं कर सकते, तो कम से कम व्यवधान भी न पैदा करें।

## आप की बात

### दलबदलुओं को सबक सिखाएं

**चुनावी** माहौल में अभी हमेशा की तरह नेताओं की एक दूसरे दल में छलांग जारी है। एक दूजे को फूटी आंख न सुहाने वाले अभी एक ही घाट पर पानी पीते नजर आ रहे हैं। बकरी और शेर की दोस्ती का हश्र क्या होगा यह तो परिणाम ही बताएंगे पर फिलहाल गिरगिट की तरह नेताओं का रंग बदलना जारी है। वैसे चुनावी माहौल में राजनीति का गिरगिटियाई स्वरूप कोई नया नहीं है। चुनावों की आहट के साथ ही नेता दल बदलने की मानसिकता से गुजरते हैं। इस समय भी लगभग वैसा ही हो रहा है। सबसे अधिक निर्दलीयों की तूती बजती है। इस तरह के लगभग 90 प्रतिशत उम्मीदवार केवल चुनावी समीकरण बिगड़ते हैं और जीतने वाले को हार और हारने वाले को जीता देते हैं। निर्दलीय जीतने वालों की तो अल्पमत सरकारों के समय चांदी हो ही जाती है। बिहार विधानसभा चुनाव और देश में हो रहे अन्य उपचुनाव में इस तरह की बानगी देखने को मिल रही है। बकरी और शेर का वैरभाव और वैमनस्य छोड़कर एक ही घाट पर पानी पीते देखना अचरज पैदा करता है।अब देखना यही है कि अभी एक ही थाली में साथ खा रहे नेता परिणामों के बाद उस थाली का क्या हाल करते हैं?

– **अमृतलाल मारू**, दसई, धार

### लचर आंतरिक सुरक्षा

**भारत** देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर चुस्त दुरुस्त बनाने की ओर केंद्र और राज्य सरकारों का ध्यान नही जा रहा है। ज्ञातव्य है इसी देश मे प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री और भारत की आत्मा संसद भवन पर हमला हो चुका है। हाल ही में शौर्य चक्र विजेता पंजाब राज्य के तरनतारन जिले के बलविंदर सिंह की शुक्रवार सुबह गोली मार कर हत्या कर दी गई। 20 आतंकियों का सामना करने वाले इस जवान का परिवार 1980 से 1993 तक कि आतंकी हमले झेल चुका था। राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा द्वारा इनके बड़े भाई राजेन्द्र सिंह और इनकी पत्नियों को शौर्य चक्र प्रदान किया था। ऐसे बहादुर बलविंदर सिंह परिवार पर कई टेली फ़िल्म बनाई गई है। लेकिन बलविंदर जैसे आतंकवादियों से निपटने वाले बहादुर की सुरक्षा जो सरकार द्वारा दी गई थी। उसे हटा लिया गया। सबसे चिंतनीय बिंदु है। बलविंदर के सुरक्षा उपलब्ध कराने की उच्चाधिकारियों से मांग पर कोई प्रभावी सुरक्षा उपलब्ध नही कराई गई। जिसका लाभ उठाते हुये आतंकियों ने घर में घुसकर कायराना हमला कर उनकी जान ले ली। सवाल प्रशासनतन्त्र है। जब एक बहादुर जवान की गुहार पर सुरक्षा नही मिलती तो आमजन की बात ही नही की जा सकती।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

### बेलगाम सोशल मीडिया

**सोशल** मीडिया इन दिनों अभिव्यक्ति का एक सबसे सुगम साधन बन गया है जिसके माध्यम से तमाम प्रकार की जानकारियां पलक झपकते ही हमें प्राप्त हो जाती है , लेकिन यह सुगम साधन धीरे धीरे कई अव्यवस्थाओं लापरवाही यो की भेंट चढ रहा है। इस सोशल मीडिया का उपयोग उपयोगिता के मान से बहुत कम हो रहा है , बल्कि दुरुपयोग सबसे ज्यादा हो रहा है यह कहने में कोई संकोच नहीं दरअसल मीडिया एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां हर व्यक्ति पल भर में अपने भावों की अभिव्यक्ति , संवेदनाएं , वेदना , सुख-दुख जैसी तमाम प्रकार की बातों को प्रकट करता है। सोशल मीडिया पर कई पत्रकार अखबार हैं वह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में सजगता और सजग प्रहरी होने का प्रमाण भी दे रहे हैं , लेकिन कुछ बाजारी चैनल या खबरिया चैनल की फेकू न्यूज़ जो 24 घंटे इस बात के लिए दिखाई जा रही है कि यह खबर सबसे पहले हमने दिखाई या फिर यह ब्रेकिंग न्यूज़ हमारे चैनल की है और वह टीआरपी की दौड़ में खुद को इतना दौड़ाते हैं कि वह अपने प्रसारण के नियम भूल जाते हैं।

– **प्रकाश हेमावत**, टाटानगर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**यह** दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैक्रों ने हिंसा फैलाने वाले आतंकियों के बजाए इस्लाम पर हमला बोलने का विकल्प चुनकर इस्लामोफोबियो को उकसाया है।

– **इमरान खान**
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री



**जम्मू-कश्मीर** में अनुच्छेद 370 को हटाने का काम संवैधानिक ढंग से किया गया था और अब वह बहाल नहीं होगा।

– **रविशंकर प्रसाद**
केंद्रीय मंत्री



**जब** तक आप यह न कहें कि सर्वोच्च न्यायालय भी आपसे निर्देश लेता है, तबतक कृपया यह न बताएं कि न्यायाधीश क्या निर्णय लेंगे।

– **उमर अब्दुल्ला**
नेशनल कान्फ्रेंस नेता

# राज्यसभा चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन नौ लोगों ने भरे पर्चे

● बीजेपी के आठ और एक निर्दलीय ने किया नामांकन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यसभा** चुनाव में नामाकंन के अंतिम दिन मंगलवार को बीजेपी समेत कुल नौ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें बीजेप के आठ और एक निर्दलीय प्रत्याशी है जो कि सपा समर्थित है। बीजेपी के सभी आठ प्रत्याशियों ने सुबह साढ़े ग्यारह बजे नामांकन किया। विधान भवन स्थिति राजर्षि पुरूषोत्तमदास टंडन हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डा. दिनेश शर्मा सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व राज्य सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहे। नामांकन करने वालों में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अरूण सिंह, हरिद्वार दूबे, बृजलाल, नीरज शेखर, गीता शाक्य, बीएल वर्मा व सीमा द्विवेदी हैं। इससे पहले बीजेपी के सभी प्रत्याशी सुबह



लगभग 10:30 बजे पार्टी के राज्य मुख्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे हाल में एकत्रित हुए। इसके बाद यहां से स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में सभी प्रत्याशी भाजपा विधानमण्डल दल कार्यालय के लिए निकले। बाद में पार्टी के विधानमण्डल दल कार्यालय से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्यसभा चुनाव के लिए सभी प्रत्याशी नामांकन करने पहुंचे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, ब्रज बहादुर भारद्वाज, प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, गोविन्द नारायण शुक्ला, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, आशुतोष टण्डन गोपाल, रमापति शास्त्री, राज्यमंत्री बलदेव ओलख सहित कई अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी व वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। इसके बाद काफी देर तक इस बात का हल्ला था कि अलका दास भी पर्चा भरेंगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। करीब पौने तीन बजे प्रकाश बजाज सपा विधायकों के साथ अपना नामांकन करने पहुंचे और सपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में उन्होंने अपना पर्चा दाखिल किया।

## सपा ने बसपा का खेल बिगाड़ने का किया इंतजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यसभा** का चुनाव अब और दिलचस्प हो गया है। सपा ने समर्थन देकर एक प्रत्याशी प्रकाश बजाज को उतार दिया है। इससे जहां बसपा का खेल बिगड़ सकता है वहीं बीजीपी को भी अपने विधायकों को बांधे रखना चुनौती होगी। सपा के प्रोफेसर राम गोपाल यादव तो अधिकृत प्रत्याशी हैं लेकिन बजाज को भी सपा का समर्थन मिल गया है। ऐसे में बसपा को जो अभी तक अपनी जीत के काफी करीब दिखाई पड़ रही थी अब गणित उलझ गई है। अब जहां इस चुनाव में वोटिंग होगी तो वहीं क्रास वोटिंग की भी संभावना बढ़ गई है।

सपा और बसपा दोनों के ही पास इतना संख्या बल नहीं है कि वह अपने सभी प्रत्याशियो को जीता पाए। सपा का एक प्रत्याशी तो जीत जाएगा जबकि दूसरे समर्थित प्रत्याशी के लिए क्रास वोटिंग और जोड़-तोड़ तय है। प्रकाश बजाज के पिता प्रदीप बजाज वाराणसी से विधायक रह चुके हैं। मूल रूप से देवरिया के निवासी हैं। सपा से पुराना नाता रहा है। वोटिंग होने से निर्दलीय और छोटे दलों की हैसियत बढ़ जाएगी। सुहेलदेव भासपा पार्टी के चार विधायक हैं। उन पर सभी दल डोरे डालेंगे। भासपा योगी सरकार में सहयोगी दल रहा है लेकिन अब रिश्ते खराब हो चुके हैं। ऐसे ही निर्दलीय तीन विधायक हैं। उन पर भी सब की निगाह हैं। उधर बसपा को अपने प्रत्याशी राम जी गौतम को जिताने के लिए दूसरे दलों के विधायकों का सहारा है। सबसे बड़ी बात यह है कि उसे बीजेपी की बी टीम की छवि से उबरना भी है। इसलिए उसने अपना प्रत्याशी खड़ा किया ताकि विपक्ष एकजुटता दिखाए और बसपा के प्रत्याशी को विजयी बनाए। दरअसल विधान सभा के कुल विधायकों की संख्या के आधार पर ही यह तय होता है कि एक सीट पर कितने विधायकों का वोट चाहिए होगा। मौजूदा समय सात विधान सभा सीटों पर उप चुनाव हो रहे हैं। इन विधायकों के शपथ दिलाए जाने के बाद वह भी वोट डालने के हकदार हो जाएंगे। संख्याबल के आधार पर बीजेपी की आठ सीट तो क्लीयर हो रही हैं जबकि एक सीट के लिए बीजेपी अभी कोई रिस्क नहीं लेना चाह रही है। इसलिए बीजेपी ने अपना नौंवा प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। उसके पीछे मुख्य वजह यह है कि अभी उप चुनाव चल रहा है। मंत्री-विधायक सभी उसमें जुटे हुए हैं। ऐसे में भाजपा नहीं चाहती है कि नौवे प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतार कर वह उप चुनाव की समीकरण को बिगाड़े, इसलिए इस बार उसने संख्याबल के आधार पर ही आठ प्रत्याशी घोषित किए हैं।

# भ्रष्टाचार मामला: यूपीसीडा के सीजेएम गिरफ्तार

● अदालत ने नौ नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

**लखनऊ/कानपुर (पीएनएस)।** कानपुर पुलिस ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीएसआईडीए) के पूर्व मुख्य अभियंता व वर्तमान में यूपीसीडा के सीजीएम अरुण कुमार मिश्रा को 2.11 करोड़ रुपए के 8 वर्ष पुराने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया है। चकेरी क्षेत्र के सहायक पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि मिश्रा को चकेरी इलाके में रामादेवी से गिरफ्तार किया गया है। एएसपी ने बताया कि मिश्रा 2.11 करोड़ रुपए के घोटाले के आरोपी हैं। वहीं वर्ष 2012 के दौरान सड़क निर्माण में करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने के मामले में गिरफ्तार यूपीसीडा के चीफ इंजीनियर अरुण मिश्रा को अदालत ने नौ नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एसीजेएम पीयूष त्रिपाठी ने न्यायिक रिमांड मंजूर करते हुए मुल्जिम को नौ नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

एएसपी ने बताया कि मिश्रा के कार्यकाल के दौरान चकेरी-पाली सड़क का निर्माण केवल कागजों पर दिखाया गया था। गुप्ता ने कहा कि 10 दिन पहले राज्य सरकार ने तत्कालीन सहायक अभियंता नागेंद्र सिंह और कनिष्ठ अभियंता एसके वर्मा सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र प्रस्तुत करने के लिए अभियोजन स्वीकृति दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि 2009 में यूपीएसआईडीए जिसे पहले यूपीएसआईडीसी के नाम से जाना जाता था, ने प्रयागराज नेशनल हाइवे से चकेरी औद्योगिक क्षेत्र तक तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण किया था। इसके आगे 1940 मीटर की सड़क लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनाई गई थी लेकिन पूर्व मुख्य अभियंता सहित अधिकारियों ने पीडब्लूडी के हिस्से को भी अपनी निर्माण परियोजना में दिखाया था। यूपीएसआईडीए के तत्कालीन कार्यकारी अभियंता अजीत सिंह, सहायक अभियंता नागेंद्र सिंह और कनिष्ठ अभियंता एसके वर्मा ने जनवरी 2009 में सड़क के निर्माण के लिए मेसर्स कार्तिक इंटरप्राइजेज फर्म को 2.11 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया जबकि सड़क लोक निर्माण विभाग ने बनाई थी। यह धनराशि यूपीएसआईडीए से दो किश्तों में भुगतान की गई थी। जब वर्ष 2012 में यूपीएसआईडीए के तत्कालीन प्रबंधन निदेशक मोहम्मद इफ्तिखारुद्दीन की जानकारी में यह मामला आया तो उन्होंने कार्तिक एंटरप्राइजेज, पूर्व मुख्य अभियंता मिश्रा और अन्य अभियंताओं के खिलाफ चकेरी पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

# विपक्ष को अपनी आंखों पर पड़े पर्दे को हटाकर सच्चाई देखने की जरूरत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जो विपक्षी दल केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारों पर पिछले तीन वर्षों में कुछ न कर पाने का आरोप लगा रहे है उनको अपनी आंखों पर पड़े पर्दे हटाकर सच्चाई देखने की जरूरत है। मोदी-योगी के नेतृत्व की सरकारें लगातार किसानों, महिलाओं व गरीबों के प्रति संवेदनशील होकर काम कर रही है। उनकी मूलभूत सुविधाओं व उनकी उन्नति के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। भाजपा सरकार गरीब व छोटे दुकानदारों की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण पीएम मोदी द्वारा यूपी के साढ़े तीन लाख से ज्यादा रेहड़ी वाले, खोमचें वाले, पटरी दुकानदारों का प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोन वितरित किया जाना है। भाजपा सरकार कोरोना के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित समाज के तबके की समस्याओं को हल करने का लगातार काम कर रही है। पीएम ने स्वनिधि योजना के तहत गरीबों और छोटे दुकानदारों के कल्याण के लिए जो सपना देखा उसे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार धरातल पर उतारने का काम कर रही है। इस बात का उदाहरण है कि स्वनिधि योजना के तहत ऋण बांटने में पूरे देश में उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान मिला है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार के लिये गरीब और मेहनतकश राजनीति का नहीं राष्ट्रनीति का हिस्सा है जिसके समग्र विकास के लिये मोदी-योगी सरकार प्रतिबद्ध है।

# सभी मोर्चों पर विफल है भाजपा सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता में भाजपा सरकार के प्रति गहरा आक्रोश है। इसकी नीतियों से विकास अवरुद्ध है और मंहगाई, बेकारी में वृद्धि हुई है। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों की लूट हो रही है। धान किसान परेशान हैं। नौजवानों के पास रोजगार नहीं है। भाजपा सरकार बताए कि दो बार भूमि पूजन के अलावा जो चार लाख करोड़ का एमओयू हुआ था उससे जमीन पर क्या काम हुआ। भाजपा सरकार सभी मोर्चों पर विफल है। प्रदेश में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत से वर्ष 2022 के चुनावों का भविष्य भी तय होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रति जनता का भरोसा बढ़ा है और इसमें शामिल होने के लिए बड़े नेता भी उत्सुक हैं। सपा मुखिया



अखिलेश यादव ने यह बात सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। श्री यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया कोरोना संक्रमण से लड़ रही है। हमने शुरू में ही ज्यादा टेस्टिंग के लिए कहा था ताकि पता चले कि इसका संक्रमण कितना फैला है। इस वायरस से कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों सहित पत्रकारो की भी मौतें हुई है। लेकिन उसके बाद भी सरकार आंकड़े छुपा रही है और झूठ बोल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न तो कोरोना बीमारी से लड़ रही है और न ही अस्पतालों में इलाज की सही व्यवस्था है। भाजपा सरकार अब कह रही है कि इस कोरोना वायरस के साथ हमें रहने की आदत डालनी होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है।

# अखिलेश के बयान बेबुनियाद व तथ्यों से परे: सिद्धार्थनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा राज्य सरकार के कामकाज पर की गई टिप्पणी को बेबुनियाद और तथ्यों से परे बताया है।

सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऐसा चश्मा पहन रखा है कि उन्हें राज्य सरकार के कार्य दिखायी नहीं पड़ते। जमीनी हकीकत से दूर हुए लोगों को वास्तविकता की जानकारी नहीं होती। अखिलेश यादव की ताजा बयानबाजी भी इसी बात का जीता-जागता उदाहरण है। प्रदेश सरकार ने किसानों का 36 हजार करोड़ रुपए का ऋण माफ किया। सपा की सरकार के मुकाबले उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार ने किसानों से एमएसपी पर 8 गुना अधिक उपज की खरीद की। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार हुए हैं लेकिन अखिलेश यादव को यह दिखायी नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को लेकर अत्यन्त संवेदनशील है। कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में उत्तर प्रदेश अव्वल नम्बर पर है।

राज्य में प्रतिदिन लगभग डेढ़ लाख टेस्ट हो रहे हैं, जिससे कोरोना की रोकथाम सम्भव हो पा रही है लेकिन यह भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को नहीं दिखायी देता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के लिए एमओयू हुए थे। इसमें से 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश जमीन पर उतारा गया है। 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए कार्य हो रहा है।

# बारावफात के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर की जाए प्रभावी पेट्रोलिंग: डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी** बारावफात त्यौहार के मद्देनजर डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने प्रदेश में सुरक्षा के समुचित इंतजाम किए जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों एवं अन्य स्थानों पर भी और प्रभावी पुलिस पेट्रोलिंग कराए जाने के लिए डीजीपी ने निर्देश दिए हैं। सभी जिलों के पुलिस कप्तानों और जोन व रेंज के पुलिस अधिकारियों को दिए गए निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि बारावफात के अवसर पर कोविड के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार व उप्र शासन द्वारा जारी एसओपी - गाइड लाइन में निहित निर्देशों के अनुरूप पर्व को मनाए जाने के लिए जनमानस को जागरूक किए जाने के विस्तृत दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मसलन त्यौहार रजिस्टर में विगत वर्षों की प्रविष्टियों का अध्ययन करके पुराने एवं सम्भावित प्रकरणों का सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान कराना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रध्वज के अपमान पर प्रसपा ने दी तहरीर

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया की ओर से बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्र ने मंगलवार को हजरतगंज कोतवाली में जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती व तीन अन्य नेताओं के विरुद्ध राष्ट्रध्वज तिरंगा के अपमान का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। श्री मिश्र ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भी तिरंगे के अपमान के लिए पीडीपी जितना ही दोषी है । बीजेपी व पीडीपी मिलकर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का कुत्सित खेल खेल रही हैं। केंद्र में भाजपा की प्रत्यक्ष और उपराज्यपाल के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में परोक्ष सरकार हैए फिर भी महबूबा मुफ्ती के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सर्वविदित है कि मुफ़्ती भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना चुकी हैं । तिरंगे के अपमान पर कोई कार्रवाई न होना और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का रहस्यमयी तरीके से चुप रहना दोनों की आंतरिक मिली भगत को उजागर करता है। श्री मिश्र ने महबूबा पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार विफल व लापरवाह है।

# स्मार्ट मीटर भार जपिंग की रिपोर्ट दबाने की होगी जांच: ऊर्जा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में स्मार्ट मीटर भार जंपिंग की रिपोर्ट दबाने की सूचना मिलने पर ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने पावर कारपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन को निर्देश दिए हैं कि इस मामले की गहन जांच कर 15 दिन के अंदर दोषी अधिकारियों और स्मार्ट मीटर निर्माता कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस कार्रवाई से उन्हें अवगत भी कराया जाए।

विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मंगलवार को ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के समक्ष एक साल पहले लखनऊ में स्मार्ट मीटर के 30 गुना तेज गति से चलते पाए जाने के मामले का खुलासा किया है। इस खुलासे से संबंधित साक्ष्य भी उन्हें दिए हैं। स्मार्ट मीटर भार जंपिंग मामले में रिपोर्ट दबाए जाने की सूचना को ऊर्जा मंत्री ने गंभीरता से लिया है। दोषियों के



खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। अवधेश कुमार वर्मा ने प्रत्यावेदन को देने के साथ ही ऊर्जा मंत्री को अवगत कराया कि भार जंपिंग का खुलासा इसलिए नहीं हो सका क्योंकि विभागीय उच्चाधकारी मीटर निर्माता कंपनी की वकालत करने में जुटे रहे। 2019 में ही लखनऊ में ही दो बार स्मार्ट मीटरों की जांच हुई और दोनों बार मीटरों को तेज गति से चलता हुआ पाया गया। उपभोक्ता का मीटर बदलकर अधिकारियों ने मामले को रफा-दफा कर दिया था। एक साल बाद यह दबी रिपोर्ट उपभोक्ता परिषद के हाथ लग गई जिसके बाद यह पूरा प्रकरण मंत्री के संज्ञान में ले जाया गया।

## प्रियंका ने महंगाई को लेकर सरकार पर साधा निशाना



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने अब राज्य में सब्जियों के आसमान छूते दामों को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका ने मंगलवार को कहा कि पूरे उप्र में त्यौहारों के मौसम में महंगाई आम लोगों पर कहर बनकर टूट पड़ी है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। काम धंधे पहले से ठप पड़े हैं लेकिन करोड़ों रुपए झूठे प्रचार में खर्च करने वाली भाजपा सरकार जनता की परेशानियों पर चुप है। एक अन्य ट्वीट में प्रियंका ने पीएम के यूपी के कुछ रेहड़ी-पटरी दुकानदारों से बात करने पर कहा कि पूरे लॉकडॉउन में रेहड़ी-पटरी वालों, छोटे दुकानदारों पर भयंकर मार पड़ी। घर चलाना मुश्किल हो गया, रोजी-रोटी उजड़ गई। रेहड़ी-पटरी वालों, दुकानदारों, छोटे व्यापारियों को आज लोन नहीं एक स्पेशल सहायता पैकेज की जरूरत है।

# बीते सप्ताह 26594 लीटर अवैध शराब बरामद

● बिहार चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग ने राज्य की सीमा पर बनाए 33 चेकपोस्ट

**1050 मुकदमे दर्ज**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने कहा है कि प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है । विभाग द्वारा विगत सप्ताह प्रदेश भर में कुल 1050 मामले पकड़े गए, जिसमें 26,594 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 1,03,347 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 349 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 12 वाहनों को जब्त किया गया। वहीं हरियाणा राज्य की सीमा पर वाहनों की चेकिंग हेतु 16 चेकपोस्ट स्थापित किये गये हैं, जिनपर चौबीस घण्टे आबकारी स्टाफकी ड्यूटी लगाई गई है, जिससे कि हरियाणा राज्य से तस्करी होकर मदिरा बिहार राज्य भेजी न जा सके । इसके अतिरिक्त बिहार राज्य की सीमा पर 17 चेकपोस्टों का गठन करते हुए वहां पर भी आबकारी स्टाफ चौबीस घण्टे तैनात किये गये हैं । अपर मुख्य सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि बिहार विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2020 तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा उप निर्वाचन तथा मध्य प्रदेश राज्य के उप निर्वाचन को भी देखते हुए आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही हैं ।

इस क्रम में जनपद प्रयागराज में 240 ली स्प्रिट एवं नकली शराब बनाने के उपरकरणों के साथ एक कार बरामद किया गया और 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । एक अन्य कार्रवाई में नकली सेनेटाइजर बनाने की एक अवैध फैक्ट्री पकड़ी गई जिसमें 400 शीशी नकली सेनेटाइजर के साथ इससे सम्बन्धित अन्य उपकरण बरामद किया गया। मौके से गिरफ्तार व्यक्ति के साथ-साथ फैक्ट्री के मालिक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करायी गयी। जनपद बागपत में ईस्टर्न पैरीफेरल एक्सप्रेसवे पर रोड चेकिंग के दौरान एक कार से हरियाणा राज्य की 400 पौव्वा नकली देशी शराब बरामद करते हुए 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त एक बोलेरो पिकअप से हरियाणा राज्य की 139 पेटी अवैध विदेशी मदिरा जब्त की गयी तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जनपद गौतमबुद्धनगर में वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार से 284 पौवे विदेशी मदिरा एवं 48 कैन बीयर बरामद किया गया। जनपद बरेली में एक कार से हरियाणा राज्य की 128 बोतल अवैध विदेशी मदिरा बरामद की गयी तथा 2 व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। अपन मुख्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि बिहार राज्य की सीमा से तीन किलोमीटर के अन्दर स्थित 139 दुकानों की बिक्री की नियमित रूप से मानीटरिंग की जा रही हैं तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में ढाबों व होटलों पर मदिरापान पूर्णतया प्रतिबन्धित कर दिया गया है।

## अब बीईओ को सप्ताह में एक बार केजीबीवी का निरीक्षण करना अनिवार्य होगा

**लखनऊ।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में क्वालिटी आफएजुकेशन व सुरक्षा को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी बीईओ को सप्ताह में एक बार इन स्कूलों का निरीक्षण करना अनिवार्य कर दिया है। निरीक्षण के दौरान बीईओ एजुकेशन से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित रिपोर्ट तैयार कर भेजेंगे। इस बावत राज्य परियोजना निदेशक ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का संचालन ब्लाक स्तर पर होता है। ऐसे में इन विद्यालयों के नोडल अफसर खंड शिक्षा अधिकारी होते हैं। ऐसे में इन विद्यालयों में क्वालिटी आफ एजुकेशन के निर्धारण को लेकर दायित्व भी बीईओ की होती है। ऐसे में इन विद्यालयों में छात्राओं के सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ पढ़ाई सुनिश्चित किये जाने को लेकर राज्य परियोजना निदेशक विजय किरन आनंद ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को सप्ताह में एक बार निरीक्षण के निर्देश दिए है।

## उपचुनाव वाले सात जिलों में मतदान व मतगणना के दिन रहेगा ड्राई डे

**लखनऊ।** प्रदेश के सात जिलों के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए अमरोहा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, उन्नाव, कानपुर नगर, देवरिया तथा जौनपुर में मतदान तथा मतगणना के दिन ड्राई डे घोषित किया गया है। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि विधान सभा उपनिर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियत मतदान 3 नवंबर को और मतगणना 10 नवम्बर को होगी। इस संबंध में संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार तीन नवम्बर को मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व और मतगणना दिवस 10 नवम्बर को लोक शांति बनाये रखने, स्वतंत्र निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक मतदान कराने के उद्देश्य से आबकारी दुकानों की बंदी और मादक वस्तुओं के उपभोग को प्रतिबंधित व नियंत्रित करने के लिए सुसंगत नियमावली व लाइसेंस शर्तों के अधीन कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी समेत बसपा व भाजपा के कई नेता सपा में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा मुख्यालय में बदायूं से कांग्रेस के पांच बार सांसद रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलीम शेरवानी, अम्बेडकरनगर से बसपा के पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त समेत विभिन्नन दलों के कई नेता मंगलवार को समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

इसक साथ ही समाजवादी पार्टी में जिला पंचायत अध्यक्ष महाराजगंज प्रभु दयाल चौहान, हरदोई के शाहाबाद से बसपा विधायक रहे आसिफ उर्फ बब्बू खां, हापुड़ की धौलाना सीट से बसपा विधायक असलम चौधरी की पत्नी नसीम बेगम तथा भाजपा छोड़कर कैप्टन इंदर सिंह पाल पुत्र स्वर्गीय मथुरा पाल ने आज समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनके अतिरिक्त विधानसभा सिकन्दराबाद बसपा प्रत्याशी सलीम अख्तर बुलन्दशहर, हरदोई की नसरीन बानो अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शाहाबाद, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरपालपुर हरदोई कमलेश पाठक, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी समाज महासभा लोधी राकेश राजपूत, मुरादाबाद के सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी बीके सैनी, जिला संयोजक बसपा वेद प्रकाश सैनी, सैनी महासभा अध्यक्ष अशोक सैनी तथा ठाकुरद्वारा तहसील अध्यक्ष शिवराम सैनी, करन सिंह सैनी तहसील अध्यक्ष सैनी महासभा शिवराम सिंह सैनी तथा ब्लाक प्रमुख रामपुर कारखाना, देवरिया राजाराम चौहान भी आज समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।

# बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ी: अनिल दुबे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि जनविरोधी प्रदेश सरकार ने किसानों मजदूरों व युवाओं के बाद आम आदमी की थाली और रसोई पर सीधा हमला किया है। उन्होंने आलू व प्याज समेत सब्जियों और दालो के दामों में भारी बढ़ोत्तरी के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि सुरसा की तरह बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।

दुबे ने कहा कि कोरोना काल में समाज का हर तबका भयंकर आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा हैए एक-एक पैसे जुटाने उस पर भारी पड़ रहे हैं, ऐसे में सरकार के गलत फैसलों के चलते जरूरी चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अभी जो 3 नए कानून पूँजीपतियों और बिचैलियों को फायदा पहुँचाने के लिए बनवाए गए हैं उसका असर आम जनता पर पड़ना शुरू हो गया है। आवश्यक वस्तु अधिनियम की सूची से खाद्य पदार्थ और अनाज, तेल, दलहन, आलू प्याज जैसी आवश्यक जरुरत की वस्तुओं बाहर करने से काला बाजारी शुरू हो गयी है। परिणाम स्वरुप इन वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगे हैं और आम आदमी की पहुँच से बाहर हो चुके हैं। सारी दालें 120 से 150 रुपये में बिक रही हैं। खाद्य तेल के दाम भी आम आदमी की पहुँच से बाहर और पहले के मुकाबले 40 से 50 रुपया अधिक है। प्याज 80 से 100 रुपये किलो की दर से मिला रहा है। आलू 40 से 50 रुपये प्रति किलो की दर से मिल रहा है। जबकि सरकार ने खुद स्वीकार किया था की किसानों से आलू 475 रूपये क्विंटल खरीदा गया था। बाकी पैसा सरकार समर्थक बिचैलिये आम आदमी से मुनाफाखोरी के रूप में वसूल रहे हैं।

# राज्यपाल ने किया योगी आदित्यनाथ: राजपथ पर एक सच्चा संन्यासी पुस्तक का विमोचन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन में दो पुस्तकों योगी आदित्यनाथ: राजपथ पर एक संन्यासी तथा एक बूंद मिले सागर से का विमोचन किया। डा आदित्य पी त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तक योगी आदित्यनाथ: राजपथ पर एक संन्यासी में नाथ संप्रदाय की गौरवमयी परंपरा के वाहक एवं गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ के यशस्वी व्यक्तित्व की विशालता का उल्लेख किया गया है। दीपेंद्र बहादुर सिंह द्वारा रचित पुस्तक एक बूंद मिले सागर से कविताओं का संग्रह है, जिसमें साहित्यिक, सामाजिक एवं दार्शनिक दृष्टिकोण की झलक मिलती है।

# दो तिहाई बहुमत का विश्वास, केंद्रीय कृषि कानूनों को निष्प्रभावी करने के लिए विधेयक लाएंगे: तेजस्वी

**भाषा।** नई दिल्ली/पटना

**राजद** के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को दो तिहाई बहुमत मिलने की उम्मीद जताते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार बनने के बाद युवाओं को नौकरियां देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी तथा विधानसभा के पहले सत्र में केंद्रीय कृषि कानूनों को निष्प्रभावी बनाने के लिए विधेयक पारित किया जाएगा। महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार ने यह भी कहा कि वह विधानसभा चुनाव में मुद्दा आधारित प्रचार अभियान चला रहे हैं जिससे जनता खुद को जोड़ पा रही है और 10 नवंबर को मतगणना वाले दिन बिहार एक नए सवेरे का साक्षी बनेगा।

यादव ने कहा कि इतिहास में पहली बार बिहार के युवाओं से यह वादा किया गया है कि कैबिनेट की पहली बैठक में पहली कलम से 10 लाख नौकरियां दी जाएंगी। वह 243 सदस्ईय विधानसभा में महागठबंधन के कितनी सीटें जीतने की उम्मीद कर रहे हैं तो उन्होंने कहा, मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान जो जनसमर्थन मिल रहा है, उससे यह विश्वास मिलता है कि हमें बिहार की महान जनता का आशीर्वाद है और उन्होंने हमें बड़ी जिम्मेदारी देने का फैसला किया है।

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री यादव ने उम्मीद जताई कि इस चुनाव में महागठबंधन को दो तिहाई बहुमत मिलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, मैं आपको विश्वास के साथ कह सकता हूं कि ज्यादातर सीटों पर राजग उम्मीदवारों की जमानत जब्त होगी। 10 नवंबर को आइए, बिहार एक नए सवेरे का साक्षी बनेगा। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के मुताबिक, सत्ता में आने के बाद उनकी पहली सबसे बड़ी प्राथमिकता युवाओं को नौकरियां देने की होगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार एक जिम्मेदार सरकार होगी जो एक प्रतिक्रियाशील प्रशासन देगी। रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग ऐसे क्षेत्र जिनकी नीतीश कुमार के 15 वर्षों के शासन में उपेक्षा की गई, हम इन क्षेत्रों का पुनरुत्थान और कायापलट करेंगे।

लोजपा के अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ चुनाव बाद गठबंधन की संभावना से जुड़े प्रश्न के उत्तर में तेजस्वी यादव ने कहा कि पासवान पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह भाजपा के साथ हैं और नीतीश की जगह भाजपा का मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं। एआईएमआईएम, बसपा और रालोसपा के गठबंधन को लेकर कहा कि बिहार में सबसे ज्यादा राजनीतिक जागरूकता है तथा भाजपा के इन ए, बी, सी पैराशूट गठबंधनों का इस चुनाव में कोई असर नहीं होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार बनने के बाद वह भी पंजाब की तरह केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ विधेयक लाएंगे तो यादव ने कहा, हां, निश्चित तौर पर हम विस के पहले सत्र में विधेयक लाएंगे जो इन तीन कृषि कानूनों को निष्प्रभवी करेगा। यह हमारे महागठबंधन के घोषणापत्र में भी है।

राजद नेता ने यह दावा भी किया कि जनता में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर घोर नाराजगी है और यह स्थिति उनकी सत्ता की लालसा और कोविड महामारी के समय बेरोजगारों, मजदूरों और गरीबों के प्रति भेदभावपूर्ण रवैए के कारण पैदा हुई है। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार करने से राजग को फायदा मिलेगा तो यादव ने कहा कि बिहार की 12 करोड़ से अधिक जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें बेरोजगारी, पलायन, भ्रष्टाचार, गरीबी और महंगाई जैसे जीवन के असल मुद्दों पर वोट करना है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में राजद, कांग्रेस और वाम दल मिलकर चुनाव मैदान में उतरे हैं।



श्रीनगर में एक ग्रामीण क्षेत्र से केसर के फूल एकत्र करती महिलाएं

# मोदी आज बिहार में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा महासचिव व बिहार के प्रभारी भूपेन्द्र यादव ने मंगलवार को दी। यादव ने ट्वीट कर बताया, कल 28 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के दरभंगा, मुजफ्फरपुर और पटना में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। आपका स्वागत है प्रधानमंत्री जी। प्रधानमंत्री की पहली रैली दरभंगा के राज मैदान में सुबह 10 बजे होगी। इसके बाद वह मुजफ्फरपुर के मोतीपुर चीनी मिल स्थित पचरूखी मैदान में दूसरी जनसभा को संबोधित करेंगे। दिन की आखिरी रैली प्रधानमंत्री पटना हवाई अड्डे के निकट स्थित वेटरनरी कालेज कैंपस में होगी। प्रधानमंत्री की इस रैली का डिजीटल माध्यम से सीधा प्रसारण पटना के लगभग 300 मैदानों में किया जाएगा।

बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के तहत पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, वैशाली, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, नालंदा व पटना जिलों की 94 सीटों पर आगामी तीन नवंबर को मतदान होगा।

प्रधानमंत्री इससे पहले बिहार में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। सासाराम, गया और भागलपुर में रैलियों को संबोधित किया था। बिहार में भाजपा और जनता दल (यूनाईटेड) के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हम और वीआईपी का गठबंधन है। राजग के मुकाबले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व में कांग्रेस और वामपंथी दलों का महागठबंधन मैदान में है। भाजपा की सहयोगी और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान द्वारा गठित लोजपा अकेले चुनाव मैदान में है जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी रालोसपा और बसपा सहित कुछ छोटे दलों का गठबंधन भी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहा है।

# उपचुनाव में प्रचार के लिए मध्य प्रदेश आने पर पायलट का स्वागत है : सिंधिया

**भोपाल।** भाजपा के सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने पूर्व सहयोगी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट से ग्वालियर में मुलाकात की और उपचुनाव में प्रचार के लिए मध्य प्रदेश आने पर उनका स्वागत है। पायलट कांग्रेस के प्रचार अभियान में शामिल होने के लिए ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार सुबह को ग्वालियर पहुंचे। गत मार्च माह में ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सिंधिया ने पीटीआई भाषा से कहा, मैं उनसे ग्वालियर में मिला और उनका स्वागत किया। ग्वालियर राजघराने के वंशज सिंधिया ने कहा कि मध्य प्रदेश में सबका स्वागत करने की परंपरा है, इसलिए उनका (पायलट) यहां स्वागत है। यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस के पक्ष में पायलट के प्रचार करने से उपचुनाव में क्या कोई फर्क पड़ेगा, सिंधिया ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को प्रचार करने का अधिकार है।

# मप्र के मुख्यमंत्री के सामने जातिगत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ राजपूतों की नारेबाजी, हंगामा

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** विजय दशमी पर राजपूत समुदाय के मंगलवार को यहां आयोजित पारंपरिक शस्त्र पूजन समारोह के दौरान थोड़ी देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई, जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के भाषण के बीच कुछ श्रोताओं ने जातिगत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। सूबे की 28 विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को होने वाले उप चुनावों से पहले आयोजित इस समारोह में चौहान अपने व्यस्त चुनावी कार्यक्रम के बावजूद शरीक हुए। इसमें राजपूत समुदाय के सैकड़ों लोगों के साथ भाजपा नेता भी शामिल हुए।

चश्मदीदों के मुताबिक, समारोह में मुख्यमंत्री का भाषण जब समाप्ति की ओर था, तब श्रोताओं में शामिल कुछ महिलाएं और पुरुष अपनी कुर्सी से उठे और जातिगत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ अचानक नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने "मामाजी (चौहान का लोकप्रिय उपनाम) सबको नौकरी दो और "हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते" जैसे नारे भी लगाए। अपने व्यस्त चुनावी कार्यक्रम का हवाला देकर मुख्यमंत्री समारोह स्थल से रवाना हो गए।

नारे लगाने वाली महिलाओं में शामिल सरला सोलंकी ने संवाददाताओं से कहा कि सरकारी क्षेत्र की शिक्षा तथा नौकरियों में समाज के सभी वर्गों को समान अवसर दिए जाने चाहिए और जातिगत आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था खत्म की जानी चाहिए। कार्यक्रम में हंगामा करने वाले मनोहर रघुवंशी ने खुद को कांग्रेस समर्थक बताते हुए कहा, मुख्यमंत्री को चुनावों के दौरान ही राजपूत समुदाय की याद आती है। मैं जब इस बात को लेकर उनके सामने विरोध जता रहा था, तो कुछ पुलिस कर्मी मुझे पकड़कर ले गए और बाथरूम के पास एक कोने में बंद कर दिया। इस तरह मेरी आवाज को दबा दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बताया कि भोपाल की मनुआभान टेकरी पर रानी पद्मावती का स्मारक बनाने का फैसला काफी पहले ही किया जा चुका है और इसके लिए प्रदेश की राजधानी में जमीन भी आरक्षित हो चुकी है। उन्होंने संजय लीला भंसाली की विवादास्पद फिल्म "पद्मावत" (2018) को समाज के सम्मान पर आघात बताते हुए कहा कि इस बॉलीवुड शाहकार को सूबे में प्रतिबंधित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने बताया, हमने राज्य में इस फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर दर्ज सारे मामले वापस लेने का फैसला किया है क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने अन्याय का विरोध किया था। उन्होंने यह भी बताया कि रानी पद्मावती की वास्तविक जीवन गाथा को अगले सत्र से राज्य के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही, बहादुरी भरे काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं के हौसले को सलाम करने के लिए क्रमशः महाराणा प्रताप और रानी पद्मावती के नाम पर दो-दो लाख रुपए के वार्षिक पुरस्कार शुरू किए जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने से खफा व्यक्ति ने अभिनेत्री पर चाकू से हमला किया

**मुम्बई।** मुम्बई के अंधरी उपनगर मे शादी का प्रस्ताव ठुकराने से खफा एक व्यक्ति ने अभिनेत्री पर कथित तौर पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब नौ बजे अंधेरी के वर्सोवा इलाके मे हुई जब अभिनेत्री मालवी मल्होत्रा एक कैफे से घर लौट रही थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कार मे सवार आरोपी योगेश महिपाल सिंह ने मालवी को रास्ते मे रोका और उससे पूछा कि उसने उससे बात करना क्यों बंद कर दिया है। इस बात पर दोनो के बीच बहस शुरू हो गई, जिसके बाद आरोपी ने अभिनेत्री के पेट और दोनो हाथ पर चाकू से वार किया और फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री का एक निजी अस्पताल मे इलाज जारी है। वर्सोवा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक राघवेंद्र ठाकुर ने कहा, हमने भादंवि की धारा 307 सहित विभिन्न धाराओं के तहत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है और मामले की जांच जारी है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री ने पुलिस को बताया है कि वह आरोपी को पिछले एक साल से जानती है और वह उससे शादी करना चाहता था, लेकिन उसने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया था।

### केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले कोरोना वायरस से संक्रमित

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के मंगलवार को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के नेता को दक्षिण मुंबई के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। फरवरी मे प्रार्थना सभा मे एक चीनी राजनयिक और बौद्ध भिक्षुओं के साथ "गो कोरोना, गो कोरोना" बोलते हुए आठवले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। चीन मे कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए आयोजित एक प्रार्थना सत्र के दौरान 20 फरवरी को यहां गेटवे ऑफ इंडिया पर कथित तौर पर वीडियो को शूट किया गया था। आठवले (60) राज्य सभा के सदस्य हैं और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में सामाजिक न्याय राज्य मंत्री हैं। उनके एक सहयोगी ने बताया कि मंत्री मधुमेह से भी पीड़ित है। आठवले सोमवार को मुंबई मे अभिनेत्री पायल घोष के रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) मे शामिल होने के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

### चुनाव बाद नीतीश को बिहार से गायब कर देगी भाजपा: सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़े भाजपा के विज्ञापनों एवं पोस्टरों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर नही होने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा ने नीतीश को अभी पोस्टर से गायब किया है, लेकिन 10 नवंबर को बिहार से ही गायब कर देगी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि नीतीश कुमार के खिलाफ लोजपा प्रमुख चिराग पासवान की बयानबाजी के पीछे भाजपा है। बिहार से संबंधित कांग्रेस की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख सुरजेवाला ने बातचीत मे दावा किया, सात नवंबर को मतदान खत्म होने के बाद भाजपा, जद (यू) को कूड़ेदान मे डाल देगी। ए लोग नीतीश बाबू को दूध मे से मक्खी की तरह निकालकर फेंक देंगे। इसीलिए लोक जनशक्ति पार्टी को जद (यू) की सारी सीटो पर खड़ा किया है और भाजपा के 50 उम्मीदवार लोजपा के चुनाव चिन्ह पर जदयू के खिलाफ लड़ रहे हैं। नीतीश कुमार की तस्वीरें भाजपा के पोस्टरो मे नही होने का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा, नीतीश कुमार अभी पोस्टर से गायब हुए है, लेकिन भाजपा 10 नवंबर (मतगणना के दिन) को उन्हें बिहार से गायब कर देगी। यही भाजपाई षड्यंत्र है। सुरजेवाला ने दावा किया, बिहार चुनाव मे भाजपा तीन गठबंधन मे चुनाव लड़ रही है। एक गठबंधन जद(यू) के साथ है जो दिख रहा है। दूसरा गठबंधन लोजपा के साथ है और तीसरा गठबंधन असदुद्दीन ओवैसी के साथ है। उन्होंने कहा कि राजद, कांग्रेस और वाम दलो का गठबंधन वैचारिक रूप से मजबूत है और ऐसे मे जनता इसे एकमात्र विकल्प के तौर पर देख रही है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव मे राजद और वाम दलो के साथ तालमेल करके मैदान मे उतरी कांग्रेस 70 सीटो पर चुनाव लड़ रही है। राजद 144 और वाम दल 29 सीटो पर चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा की 243 सीटो के लिए तीन चरणो मे 28 अक्टूबर, तीन नवंबर और सात नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 10 नवंबर को होगी।

### गोवा में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी राकांपा : पटेल

**पणजी।** गोवा मे 2022 मे होने वाला विधानसभा चुनाव राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ लड़ेगी और समान विचार वाले दलो के साथ गठबंधन के बारे मे विचार करेगी। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पटेल ने कहा कि पार्टी अकेले प्रदेश की सभी 40 विधानसभा सीटो पर चुनाव लड़ने की स्थिति मे होगी और गठबंधन की स्थिति मे सीटो के बंटवारे पर बाद मे चर्चा की जाएगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन से इंकार करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राकांपा समान विचारधारा वाले दलो के साथ मिल कर गोवा मे अगली सरकार बनाने की स्थिति मे होगी और पार्टी, लोगो को कांग्रेस और भाजपा का विकल्प मुहैया कराएगी।



कुल्लू में दशहरा उत्सव के दौरान पारंपरिक ढंग से बैंड-बाजे के साथ अपनी कला का प्रदर्शन करते कलाकार

# बिहार जाति की गोलीबंदी से बाहर निकल चुका है: वशिष्ठ नारायण सिंह

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद के पदचिह्नों पर चलना चाहते हैं लेकिन बिहार की जनता जाति आधारित गोलबंदी से बाहर निकल कर विकास का रास्ता अपना चुकी है। सिंह ने बातचीत में कहा, बिहार उस छाया से निकल चुका है जहां सिर्फ जाति के आधार पर गोलबंदी होती थी। लेकिन तेजस्वी यादव आज भी अपने पिता (लालू प्रसाद) के पदचिह्नों पर चलना चाहते हैं। जातपात करने वाले ऐसे लोगों से प्रदेश के विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

आज बिहार की जनता विकास के रास्ते को अपना चुकी है, लोग सामाजिक रूप से जागरूक हुए हैं और हर चीज की विवेचना करने के बाद निर्णय करते हैं। नीतीश कुमार के प्रति लोगों की नाराजगी के बारे में एक सवाल के जवाब में सिंह ने कहा, नाराजगी नहीं है। कोई काम करता है तब उसी से लोगों की अपेक्षा रहती है, काम नहीं करने वाले से कोई अपेक्षा नहीं रहती है। नीतीश कुमार से लोगों की अधिक अपेक्षाएं हैं। समाज और सरकार में जब रिश्ता मजबूत हो जाता है, तब लोगों की सरकार से ऐसी ही अपेक्षाएं हो जाती हैं।

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि वह समय चला गया जब सरकार पोषित गुंडागर्दी होती थी, लूटपाट, अपहरण और फिरौती का कारोबार होता था। तेजस्वी यादव की रैलियों में भारी भीड़ जुटने के बारे में पूछे जाने एक सवाल के जवाब में वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा, भीड़ को वोट का पैमाना मानें तब नीतीश कुमार की रैली में भी कम भीड़ नहीं है। आज लोग अपने जीवन से जुड़ी सुविधाओं को देखते हैं, दिन प्रतिदिन के जीवन में होने वाले प्रभावों के आधार पर आकलन करते हैं।

# बिहार विस के दूसरे चरण के 34 फीसदी उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले : एडीआर

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मैदान में डटे 1463 उम्मीदवारों में से 34 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है। एक गैर सरकारी संगठन ने इसकी जानकारी दी है। चुनाव संबंधी गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि करीब 27 प्रतिशत तथा कुल 389 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। ए गंभीर मामले गैर जमानती अपराध हैं और इसमें पांच साल से अधिक की सजा हो सकती है।

कुल 502 उम्मीदवार अथवा 34 प्रतिशत प्रत्याशियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है। संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 34 फीसद अथवा 495 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति करोड़ों में बताई है जबकि तीन उम्मीदवारों ने कहा है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय जनता दल के 56 उम्मीदवारों में से 64 प्रतिशत अथवा 36 उम्मीदवारों ने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है और 50 फीसदी अथवा 28 उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले बताए हैं। भारतीय जनता पार्टी के 46 उम्मीदवारों में से 29 ने आपराधिक मामले जबकि 20 ने गंभीर आपराधिक मामले अपने हलफनामे में बताए हैं। इसमें कहा गया है कि इसी प्रकार लोक जनशक्ति पार्टी के 52 उम्मीदवारों में से 28 ने आपराधिक मामले जबकि 24 ने गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है। कांग्रेस के 24 उम्मीदवारों में से 14 ने, बसपा के 33 में से 16 ने तथा जद (यू) के 43 में से 20 उम्मीदवारों ने अपने अपने हलफनामे में आपराधिक मामलों की घोषणा की है। इसमें कहा गया है कि इसी प्रकार बसपा के 14, कांग्रेस के 10 तथा जद (यू) के 15 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है।

# हिजबुल के सरगना सलाहुद्दीन, आईएम के भटकल बंधु यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन और इंडियन मुजाहिदीन के संस्थापक भटकल बंधुओं सहित 18 लोगों को आतंकवाद विरोधी संशोधित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। संशोधित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत तैयार की गई इस सूची में 1999 में इंडियन एयरलाइन्स के विमान का अपहरण करने वाले अब्दुल रऊफ असगर, इब्राहिम अतहर और यूसुफ अजहर भी शामिल हैं। इससे पहले, केवल संगठनों को इसके तहत आतंकवादी घोषित किया जाता था।

राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं (शून्य सहनशीलता) की अपनी नीति की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, मोदी सरकार ने आज यूएपीए के प्रावधानों के तहत 18 और लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। ये लोग सीमा पार से आतंकवाद के विभिन्न कृत्यों में शामिल हैं और देश को अस्थिर करने की नापाक कोशिशें कर रहे हैं। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर साजिद मीर भी शामिल है, 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले का आरोपी एवं लश्कर कमांडर युसूफ मुज़म्मिल, लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बहनोई अब्दुर रहमान मक्की भी इस सूची में शामिल है।

इंडियन मुजाहिदीन के संस्थापक रियाज़ इस्माइल शाहबन्द्री उर्फ रियाज़ भटकल और उसका भाई मोहम्मद इक़बाल उर्फ इक़बाल भटकल भी शामिल है। ये दोनों जर्मन बेकरी (2010), चिन्नास्वामी स्टेडियम, बैंगलोर (2010), जामा मस्जिद (2010), शीतलाघाट (2010) और मुंबई (2011) हमले सहित कई आंतकवादी कृत्यों में शामिल रहे हैं। दाऊद इब्राहिम के चार करीबी सहयोगी - शेख शकील उर्फ छोटा शकील, मोहम्मद अनीस शेख, इब्राहिम मेमन उर्फ टाइगर मेमन और जावेद चिकना भी इस सूची में शामिल है। इन्हें संयुक्त राष्ट्र भी आतंकवादी घोषित कर चुका है। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के फलाह-ए-इन्सानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) के पाकिस्तान स्थित उप प्रमुख शाहिद महमूद उर्फ शाहिद महमूद रहमतुल्ला को भी आतंकवादी घोषित किया गया है। फ्लाह-ए-इन्सानियत आतंकी गुट लश्कर ए तैयबा का मुखौटा संगठन है। अक्षरधाम मंदिर (2002) और हैदराबाद में टास्क फोर्स कार्यालय पर आत्मघाती हमले (2005) में शामिल पाक के आतंकवादी फरहतुल्लाह गोरी उर्फ अबू सूफ़ियान तथा, जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूर अजहर के तीन परिवार वाले- अब्दुल रऊफ असगर, इब्राहिम अतहर और यूसुफ अज़हर भी शामिल हैं।



कोलकाता में प्रतिमा विसर्जन से पहले मां दुर्गा की पूजा करते बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली

# भ्रष्टाचार का वंशवाद बड़ी चुनौती: प्रधानमंत्री

● सतर्कता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले पीएम



भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भ्रष्टाचार का वंशवाद ना सिर्फ एक बड़ी चुनौती है बल्कि वह कई राज्यों में राजनीतिक परंपरा का हिस्सा बन गया है जो देश को दीमक की तरह खोखला करता है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सतर्कता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में देशवासियों से अपील की कि वे भारत बनाम भ्रष्टाचार की लड़ाई में देश का साथ दें और समृद्ध व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करें। उन्होंने कहा, आज मैं आपके सामने एक और बड़ी चुनौती का जिक्र करने जा रहा हूं।

ये चुनौती बीते दशकों में धीरे-धीरे बढ़ते हुए अब देश के सामने एक विकराल रूप ले चुकी है। ये चुनौती है- भ्रष्टाचार का वंशवाद। यानी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में ट्रांसफर हुआ भ्रष्टाचार। किसी राजनीतिक दल या परिवार का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि बीते दशकों में देश ने देखा है कि जब भ्रष्टाचार करने वाली एक पीढ़ी को उचित सजा नहीं मिलती तो दूसरी पीढ़ी और ज्यादा ताकत के साथ भ्रष्टाचार करती है। उन्होंने कहा, उसे दिखता है कि जब घर में ही करोड़ों रुपए कालाधन कमाने वाले का कुछ नहीं हुआ या थोड़ी सी सजा पाकर छूट गया तो उसका हौसला और बढ़ जाता है। इस वजह से कई राज्यों में तो ये राजनीतिक परंपरा का हिस्सा बन गया है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार का ए वंशवाद, देश को दीमक की तरह खोखला कर देता है। भ्रष्टाचार को देश के विकास में बहुत बड़ी बाधा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समृद्ध भारत के सामने और आत्मनिर्भर भारत के सामने बहुत बड़ी रुकावट है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ एक भी मामले में ढिलाई उसी मामले तक सीमित नहीं रहती बल्कि वो एक भविष्य के भ्रष्टाचार के लिए नींव बनाती है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ तनिक भी सहन नहीं करने की नीति पर आगे बढ़ रही है और इसी के मद्देनजर 2014 से अब तक देश की प्रशासनिक व्यवस्था, बैंकिंग प्रणाली, कृषि, स्वास्थ्य व शिक्षा सहित अन्य कई क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा, यह पूरा दौर बड़े सुधारों का रहा है। इन सुधारों को आधार बनाकर आज भारत आत्मनिर्भर भारत के अभियान को सफल बनाने में पूरी शक्ति के साथ जुटा हुआ है।

हम भारत को दुनिया के अग्रिम पंक्ति के देशों में लेकर जाए यह जरूरी है। उन्होंने कहा, हमारा इस बात पर ज्यादा जोर है कि सरकार का न ज्यादा दबाव हो और न सरकार का अभाव हो। सरकार की जहां जितनी जरूरत है, उतनी ही होनी चाहिए। इसलिए बीते वर्षों में डेढ हजार से कानून खत्म किए गए हैं। अनेक नियमों को सरल किया गया है। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार को प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सबसे बड़ा शत्रु बताया ओर कहा कि भ्रष्टाचार केवल कुछ रुपयों की ही बात नहीं होती, एक तरफ वह जहां देश के विकास को ठेस पहुंचाता है वहीं सामाजिक संतुलन को तहस-नहस कर देता है। उन्होंने कहा कि देश की व्यवस्था पर जो भरोसा होना चाहिए, एक अपनेपन का जो भाव होना चाहिए, भ्रष्टाचार उस भरोसे पर हमला करता है। भ्रष्टाचार पर डटकर मुकाबला करना एजेंसी या संस्था का दायित्व नहीं है सिर्फ बल्कि इससे निपटना एक सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश में अलग ही अलग ही परिस्थितियां थीं।

हजारों करोड़ के घोटाले, फर्जी कंपनियों का जाल, टैक्स चोरी यह सब वर्षों तक चर्चा के केंद्र में रहे लेकिन उसके बाद देश ने बड़े परिवर्तन का फैसला लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से गरीबों की मिलने वाला लाभ 100 प्रतिशत गरीबों तक सीधे पहुंच रहा है। अकेले इसकी वजह से। लाख 70 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा गलत हाथों में जाने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज ये गर्व के साथ कहा जा सकता है कि घोटालों वाले उस दौर को देश पीछे छोड़ चुका है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से अपील की कि वे भारत बनाम भ्रष्टाचार की लड़ाई में हमेशा की तरह भारत को मजबूत करते रहें। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को समाप्त करते रहिए। मुझे भरोसा है कि ऐसा करके हम सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों का भारत बनाने का सपना पूरा कर पाएंगे। ऐसा करके हम समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत बना पाएंगे। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय सतर्क भारत, समृद्ध भारत रखा गया है।

## राहुल गांधी को मानहानि के मामले में अदालत में पेशी से छूट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के एक मामले में पेशी से स्थाई छूट दे दी। मानहानि का यह मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ राहुल की टिप्पणी का है। राहुल गांधी के वकील ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट आर.बी. इटालिया ने उनके मुवक्किल की पेशी से छूट का अनुरोध करने वाली याचिका को मंजूरी दी। कांग्रेस नेता ने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान राजस्थान की एक चुनावी रैली में शाह को हत्या का आरोपी बताया था, उसी सिलसिले में वह मानहानि के इस मामले का सामना कर रहे हैं। गांधी के वकील ने पिछले वर्ष सितंबर में अदालत से उनके मुवक्किल को पेशी से स्थाई छूट देने की मांग की थी, इसके पीछे उन्होंने तर्क दिया था कि वह एक राष्ट्रीय सियासी दल के नेता हैं और उनकी अनेक व्यस्तताएं हैं।



भोपाल में मंगलवार को देवी काली की मूर्ति को विसर्जन के लिए ले जाते भक्तगण

## डांस बार के लिए युवतियों की मानव तस्करी के आरोपी ने फांसी लगाकर दी जान

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**मानव** तस्करी के जरिए अलग-अलग सूबों की युवतियों को यहां लाकर उनसे एक डांस बार में जबरन अनैतिक काम कराने के आरोपियों में शामिल 57 वर्षीय व्यक्ति ने मंगलवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले छोड़े गए कथित पत्र में उसने पुलिस और प्रशासन की कार्वाई से उसकी प्रतिष्ठा धूमिल होने की बात लिखी है।

अन्नपूर्णा पुलिस थाने के प्रभारी सतीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सुदामा नगर क्षेत्र में नरेंद्र रघुवंशी (57) का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। उन्होंने बताया कि रघुवंशी शहर के गीता भवन चौराहे पर स्थित डांस बार माय होम का व्यवस्थापक था जिसे अवैध निर्माण के चलते प्रशासन ने दिसंबर 2019 में ढहा दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि बार डांसर के रूप में काम कराने



के लिए अलग-अलग सूबों की युवतियों की मानव तस्करी और उनसे देह व्यापार कराने के आरोपों को लेकर 'माय होमै के मालिक जितेंद्र सोनी उर्फ जीतू (62) के साथ ही रघुवंशी और अन्य लोगों के खिलाफ पलासिया पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि रघुवंशी पैरोल पर एक स्थानीय जेल से बाहर आने के बाद अपने घर में रह रहा था।

उसकी पैरोल अवधि मंगलवार को ही खत्म होने वाली थी। लेकिन दोबारा जेल जाने से ऐन पहले उसने जान दे दी। इस बीच कि आत्महत्या से पहले रघुवंशी का छोड़ा गया कथित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें लिखा गया है कि मेरे खिलाफ पुलिस और प्रशासन की जो कार्वाई की गई है, उससे मेरी प्रतिष्ठा धूमिल हो गई है। इस वजह से मैं जान दे रहा हूं। रघुवंशी के कथित पत्र में यह भी लिखा गया है कि उसकी मौत के बाद उसके अंग किसी जरूरतमंद मरीज को दान कर दिए जाएं।

थाना प्रभारी ने यह पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि इसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 30 नवंबर 2019 की देर रात से शुरू हुई बड़ी मुहिम के दौरान डांस बार माय होमै की तलाशी ली गई थी और वहां छोटे-छोटे कमरों में रह रहीं 67 बार डांसरों को बचाया गया था। उन्होंने बताया कि इनमें डांस बार में कथित रूप से बंधक बना कर रखी गईं अलग-अलग राज्यों की महिलाएं शामिल हैं जिनसे जबरन अनैतिक काम कराया जाता था। मामले के मुख्य आरोपी जीतू सोनी को इस साल जून में पड़ोसी गुजरात से गिरफ्तार किया गया था।

## दो-तीन राज्य छोड़कर कोविड-19 के मामलों में गिरावट की प्रवृत्ति

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने मंगलवार को कहा कि दो से तीन राज्यों को छोड़कर देश में कोविड-19 महामारी में गिरावट की प्रवृत्ति देखने को मिल रही है और उत्तरी गोलार्द्ध के कुछ देशों की तुलना में यह बात महत्वपूर्ण है जहां वायरस के प्रकोप में तीव्रता देखी जा रही है। कोविड-19 पर राष्ट्रीय कार्यबल के अध्यक्ष वी के पॉल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दुनिया में महामारी से जुड़े हालात चिंताजनक हैं और देखा गया है कि अधिक आर्थिक क्षमता तथा प्रति व्यक्ति आय वाले एवं अच्छी स्वास्थ्य प्रणाली वाले देशों में दूसरे दौर का प्रकोप फैल सकता है।

स्वास्थ्य के लिए नीति आयोग के सदस्य पॉल ने कहा, यह हम सभी के लिए सबक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमारे यहां प्रवृत्ति विपरीत दिशा में है। हम सौभाग्यशाली हैं कि आज हम दो-तीन राज्यों को छोड़कर महामारी के मामलों में गिरावट की प्रवृत्ति देख रहे हैं। यह गिरावट इस लिहाज से खासतौर पर महत्वपूर्ण है कि उत्तरी गोलार्द्ध के अन्य देशों में महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है। पॉल ने कहा कि उत्तरी गोलार्द्ध के अनेक देशों में महामारी ने दोबारा हमला किया है। अमेरिका में तीसरी बार मामले उच्च स्तर पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तीसरी बार मामले उच्च स्तर की ओर बढ़ रहे हैं।

पॉल ने कहा कि यह चिंता का विषय है और आने वाले समय में कोविड-19 संबंधी उचित व्यवहार का पालन करने में कोई लापरवाही नहीं की जा सकती क्योंकि अभी और चुनौतियां सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि आगे कई त्योहार आ रहे हैं और अगर पिछले कुछ दिन में हम कहीं डगमगाए हैं तो अगले 10 से 12 दिन में यह नजर आएगा।

# पेज 1 का शेष

## एलएसी पर...

खतरे से निपटने में अमेरिका भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि अपनी अखंडता की रक्षा के लिए भारत के प्रयासों का उनका देश समर्थन करता है। संवाददाता सम्मेलन में भारतीय मंत्रियों के साथ मंच को साझा करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, 'हम राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर भारतीय सशस्त्र बलों के उन वीर जवानों और महिलाओं का सम्मान करने गए जिन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की रक्षा में अपना बलिदान दे दिया। इनमें गलवान घाटी के शहीद होने वाले 20 जवान भी शामिल हैं। अपनी अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए भारत के किसी भी प्रयास में अमेरिका उसके साथ ख़ड़ा रहेगा।' चीन की आलोचना करते हुए पोम्पिओ ने कहा कि 'वुहान से आई' कोरोना वायरस महामारी ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बारे में 'पुख्ता चर्चा' को बल दिया है। उन्होंने कहा 'हमारे नेता और हमारे नागरिक स्पष्ट रूप से जानते हैं कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी लोकतंत्र, कानून के नियमों, पारदर्शिता, खुले और समृद्ध भारत-प्रशांत की समर्थक नहीं है। मुझे प्रसन्नता है कि भारत और अमेरिका न केवल सीसीपी द्वारा पेश चुनौती बल्कि सभी चुनौतियों के खिलाफ अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं।' दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों का जिक्र करते हुए पोम्पिओ ने कहा 'अमेरिका भारत को बहुपक्षी सहयोगी के तौर पर तरजीह देता है, चाहे वह क्वाड के जरिये हो, अफगान शांति वार्ता को सफल बनाने या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत के आगामी कार्यकाल के मिलकर काम करने की बात हो। हम यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करना जारी रखेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि बातचीत में हिंद प्रशांत क्षेत्र पर खास तौर पर हमारा ध्यान था और बहु ध्रुवीय दुनिया का आधार निश्चित रूप से बहु ध्रुवीय एशिया होना चहिए। इस बयान को भारतीय स्थिति के स्पष्ट प्रतिरूप के तौर पर देखा जा रहा है कि चीन का प्रभुत्व उसे स्वीकार नहीं है। जयशंकर ने कहा, हमनें क्षेत्र के सभी देशों के लिए शांति, स्थिरता और समृद्धता के महत्व पर जोर दिया। जैसा रक्षा मंत्री ने कहा, यह तभी संभव है जब नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बरकरार हो, अंतरराष्ट्रीय समुद्र में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो, खुला संपर्क हो तथा सभी राष्ट्रों की क्षेत्रीय अक्षुणता व संप्रभुता का सम्मान किया जाए। अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने कहा कि अमेरिका सभी के लिए खुले व स्वतंत्र हिंद-प्रशांत के समर्थन में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है खासतौर पर चीन की बढ़ती आक्रामक और अस्थिरता वाली गतिविधियों के मद्देनजर। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय रक्षा सहयोग लगातार बढ़ रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि चर्चा में भारत के पड़ोसी देशों के घटनाक्रम भी शामिल रहे। उन्होंने कहा, हमनें स्पष्ट किया की सीमा-पार से आतंकवाद पूरी तरह से अस्वीकार्य है। अफगानिस्तान में उसकी सुरक्षा और विकास में भारत का योगदान स्पष्ट है जो इस दिशा में अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में हमारे योगदान की इच्छा को परिलक्षित करता है। इसके अलावा वार्ता में दोनों पक्षों ने कोविड-19 महामारी के संबंध में संयुक्त प्रयासों पर गहन चर्चा की और दोनों देशों से साथ काम करने तथा सहयोग को आगे बढ़ाने पर प्रतिबद्धता जताई।

## रक्षा संबंधों...

इसमें सहयोग दिया। उच्चस्तरीय बातचीत खासा महत्व रखती है क्योंकि यह ऐसे वक्त हो रही है जब चीन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी आर्थिक और सैन्य गतिविधियों को विस्तार देने का प्रयास कर रहा है और पूर्वी लद्दाख में भारत के साथ उसका तनावपूर्ण गतिरोध भी बरकरार है। बातचीत के दौरान अमेरिकी पक्ष ने भारत को यह आश्वासन भी दिया कि उसकी संप्रभुता और स्वतंत्रता पर खतरे से मुकाबले में अमेरिका उसके साथ है। जयशंकर, पोम्पिओ और एस्पर के साथ संयुक्त रूप से मीडिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों ने कई अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा की और अमेरिका के साथ 'बीईसीए' पर दस्तखत को एक 'महत्वपूर्ण कदम' बताया। उन्होंने कहा, 'सेना से सेना के स्तर पर अमेरिका के साथ हमारा सहयोग काफी अच्छे से आगे बढ़ रहा है' और रक्षा उपकरणों के संयुक्त विकास के लिये परियोजनाओं को चिन्हित किया गया है। सिंह ने कहा, 'हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करते हैं।' रणनीतिक संबंधों के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण 'बीईसीए' पर दस्तखत के साथ दोनों देशों के बीच चार महत्वपूर्ण करार को अंतिम रूप दे दिया गया। दोनों देशों ने जनरल सिक्युरिटी ऑफ मिलिट्री इनफॉर्मेशन एग्रीमेंट (जीएसओएमआईए) पर 2002 में दस्तखत किए थे। रक्षा समझौता और प्रौद्योगिकी साझा करने के संबंध में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत अमेरिका ने 2016 में भारत को 'प्रमुख रक्षा सहयोगी' का दर्जा दिया था। दोनों देशों ने 2016 में 'लॉजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट' किया था। भारत और अमेरिका ने 2018 में एक और महत्वपूर्ण करार किया था जिसे 'कोमकासा' कहा जाता है। बीईसीए के बारे में अधिकारियों ने कहा कि समझौते से भारत की गोपनीय भूस्थैतिक डाटा के साथ ही अन्य सैन्य अनुप्रयोगों के संबंध में सूचनाओं तक पहुंच होगी।

## रणनीतिक साझेदारी...

को कहा है। बयान में कहा गया कि पोम्पिओ और एस्पर ने मोदी को दोनों देशों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक और तीसरी टूटू वार्ता के बारे में भी जानकारी दी। बयान के मुताबिक, पोम्पिओ और एस्पर ने कहा कि अमेरिकी सरकार लगातार रिश्तों को मजबूत करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम कर रही है। जिससे कि दोनों देश अपने विजन और लक्ष्य को हकीकत में बदल सकें। प्रधानमंत्री ने भी टूटू वार्ता के तीसरे सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए हाल के वर्षों में दोनों देश के बीच विकास के लिए बढ़ रही वैश्विक रणनीतिक साझेदारी पर काफी संतोष जताया। बयान में कहा गया कि इस दौरान, प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच मजबूत भरोसे, साझा मूल्य और नागरिकों के आपसी सहयोग का भी उल्लेख किया।

## बड़ा सुधार...

इसहाक कादरी ने कहा कि इन संशोधनों से जम्मू-कश्मीर में बाहर के लोगों की बाढ़ सी आ जाएगी क्योंकि, उनके यहां जमीन खरीदने पर कोई कानूनी रोक नहीं रही। जम्मू-कश्मीर में सक्रिय सात राजनीतिक दलों के गठबंधन पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर घोषणा ने भूमि कानूनों में बदलावों की निंदा की है। साथ ही प्रत्येक मोर्चे पर इनके खिलाफ लड़ाई लड़ने का संकल्प भी लिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि ये संशोधन अस्वीकार्य हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि जम्मू-कश्मीर में भूमि के मालिकाना हक को लेकर कानूनों में किए गए संशोधन अस्वीकार्य हैं। यहां तक की गैर-कृषि भूमि की खरीद और कृषि भूमि के हस्तांतरण को आसान बनाकर अधिवास के प्रतीकवाद को भी समाप्त कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर को बिक्री के लिए रख दिया गया है। इसका भारी नुकसान कम जमीन रखने वाले गरीब भूस्वामियों को उठाना पड़ेगा। उमर ने भाजपा पर अवसरवादी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संशोधित भूमि नियमों की अधिसूचना से भाजपा की सस्ती राजनीति की बू आती है। पीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह कदम जम्मू-कश्मीर के लोगों को कहीं का नहीं छोड़ेगा। उन्होंने ट्वीट किया कि यह जम्मू-कश्मीर के लोगों को कमजोर करने और कहीं का न छोड़ने के भारत सरकार के नापाक मंसूबों से जुड़ा एक और कदम है। असंवैधानिक तरीके से अनुच्छेद 370 को हटाकर हमारे प्राकृतिक संसाधनों की लूट की इजाजत दी गई और अब जम्मू-कश्मीर की जमीन बिक्री के लिए रख दी गई है। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी (जेकेएपी) के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने भी जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर अपनी पार्टी का रुख दोहराया। गुपकर घोषणा पीपल्स अलायंस (पीएजीडी) के प्रवक्ता सज्जाद लोन ने नए कानूनों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संशोधन के जरिये जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के मूल निवासियों के असंवैधानिक रूप से दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित राज्य में अचल संपत्ति खरीदने और रखने के विशेष अधिकारों को छीन लिया गया है और इन्हें राज्य से बाहर के लोगों को दे दिया गया है। गृह मंत्रालय का आदेश यहां के लोगों के साथ किया गया बड़ा विश्वासघात है। पीएडीजी में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, माकपा, भाकपा, पीपल्स कॉन्फ्रेंस, अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपल्स मूवमेंट पार्टियां शामिल हैं। माकपा नेता एम वाई तारिगामी ने कहा कि यह जम्मू कश्मीर की जनता को और अशक्त बनाने तथा उनकी जमीन को कंपनियों के लिए बेचने की सोच है। यह एकीकरण, विकास और सुरक्षा के नाम पर जमीन की दिनदहाड़े लूट है। जेकेएपी के अध्यक्ष बुखारी ने एक अलग बयान में कहा कि उनकी पार्टी जम्मू कश्मीर में भूमि अधिकारों के संबंध में राजपत्रित अधिसूचना का अध्ययन करेगी और देश के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज कराएगी।

## धर्म बदलने...

छात्रा 21 वर्षीय निकिता की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब वह परीक्षा देकर लौट रही थी। परीक्षा के बाद जैसे ही वह कॉलेज के बाहर पहले से इंतजार कर रही अपनी मां और भाई के पास जाने लगी तभी वहां सफेद रंग की आई-20 कार में मौजूद दो युवकों ने उसे पिस्तौल दिखाकर जबरन कार में बिठाने की कोशिश की। इस पर छात्रा ने शोर मचा दिया। अपहरण में नाकाम होता देख आरोपी ने पीछा कर निकिता को नजदीक से गोली मार दी और कार में बैठकर फरार हो गए। अस्पताल में छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। निकिता के पिता मूलचंद तोमर हापुड़ के रहने वाले हैं। वह फरीदाबाद स्थित सेक्टर 23 स्थित सोसायटी में रहते हैं। मूलचंद कहते हैं कि तौफीक नाम का लड़का 12वीं तक निकिता के साथ पढ़ता था। तौफीक ने निकिता पर दोस्ती के लिए भी दबाव बनाया। जब निकिता ने दोस्ती करने से मना किया तो आरोपी ने वर्ष 2018 में लड़की का अपहरण कर लिया था। इस दौरान बदनामी के डर से परिवारवालों ने समझौता कर लिया था। निकिता के एक रिश्तेदार हाकिम सिंह ने बताया कि मेवात के रोजका मेव गांव के रहने वाले आरोपी तौसीफ ने छात्रा को फोन कर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला था। इनकार करने पर वारदात को अंजाम दिया।

## मुंगेर में...

निशाना बनाकर लगातार पथराव किए जाने और भीड़ द्वारा फायरिंग कर शहर में अफवाह फैलाई गई और माहौल को खराब किए जाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से तीन हथियार, गोलियां और खोखा भी बरामद किए हैं। घटना के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल और मुंगेर सदर क्षेत्र का दौरा किया गया। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है। दोषियों की पहचान की जा रही है।

## कोरोना मामले...

राष्ट्रीय कार्यबल के अध्यक्ष वीके पॉल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दुनिया में महामारी से जुड़े हालात चिंताजनक हैं और देखा गया है कि अधिक आर्थिक क्षमता तथा प्रति व्यक्ति आय वाले एवं अच्छी स्वास्थ्य प्रणाली वाले देशों में कोरोना की दूसरे दौर की लहर फैल रही है। उन्होंने कहा कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमारे यहां प्रवृत्ति विपरीत दिशा में है। हम भारत में दो-तीन राज्यों को छोड़कर महामारी में गिरावट आ रही है। यह गिरावट इस लिहाज से खासतौर पर महत्वपूर्ण है कि उत्तरी गोलार्द्ध के अन्य देशों में महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है। अमेरिका में तो तीसरी बार मामले उच्च स्तर पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तीसरी बार मामले उच्च स्तर की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 49.4 प्रतिशत मामले केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली से सामने आए हैं। पॉल ने कहा कि यह चिंता का विषय है और आने वाले समय में कोविड-19 संबंधी उचित व्यवहार का पालन करने में कोई लापरवाही नहीं की जा सकती, क्योंकि अभी और चुनौतियां सामने आएंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण ने कहा कि त्योहारों के सीजन में सभी को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। भूषण ने कहा कि देश में 23 से 29 सितंबर के बीच जहां संक्रमण के मामलों की संख्या 83,232 थी, वह अब 21-27 अक्टूबर के बीच कम होकर 49,909 रह गई है। उन्होंने कहा कि देश में कोविड-19 से मृत्यु दर में भी गिरावट आई है। यह एक सितंबर को 1.77 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 1.50 प्रतिशत हो गई है। पीड़ितों के स्वस्थ होने की दर में वृद्धि हुई है। कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर एक सितंबर को 76.94 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 90.62 प्रतिशत हो गई है।

## बच्चे बन...

था कि बच्चों पर कोरोना का असर नहीं हो रहा है, लेकिन अब कुछ ऐसे सबूत हैं जो बताते हैं कि बच्चे भी कोरोना के सुपर वाहक हो सकते हैं यानी ये तेजी से महामारी को फैला सकते हैं। बीते 16 अक्टूबर से स्कूल आ रहे कक्षा 10 और 12 के कई छात्रों के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए मिजोरम सरकार ने 26 अक्टूबर से सभी स्कूलों को बंद करने का ऐलान कर दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या बच्चे कावासाकी बीमारी से पीड़ित थे, इस पर डॉ. भार्गव ने इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि कावासाकी आमतौर पर पुरुषों में होने वाली एक दुर्लभ बीमारी है। कावासाकी एक ऑटो-इम्यून बीमारी है जो 5 साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है। भारत में इसका प्रकोप कम है। अब तक देश में कोरोना पीड़ितों में कावासाकी के लक्षण नहीं मिले हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश में 17 वर्ष से कम आयु के बच्चों में केवल 8 प्रतिशत ही कोविड-19 पॉजिटिव मिले हैं और 5 वर्ष से कम आयु वर्ग में यह आंकड़ा बहुत कम होगा। हालांकि, मिजोरम में स्कूली छात्रों में कोरोना मामले पाए जाने का देश में यह संभवत: पहला उदाहरण है। प्रिंसटन इनविरोनमेंट इंस्टीट्यूट, जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी और कैलिफोर्निया बर्कले यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर किए गए अध्ययन में पता चला है कि बच्चों और युवाओं में खासकर घर के अंदर कोरोना वायरस को फैलाने की अधिक प्रवृत्ति है। केंद्र सरकार ने 6वीं से 12वीं कक्षा के स्कूलों को प्रक्रिया के मानक संचालन (एसओपी) के सख्ती से पालन के साथ फिर खोलने की अनुमति दी है। तमाम राज्य भी स्कूल खोलने की तैयारी में जुटे हैं, लेकिन ताजा स्थिति से वे ऊहापोह की स्थिति में पड़ गए है।

## ट्रांसजेंडर को...

गया। कई सामाजिक संस्थाओं ने इसे अमली जामा पहनाने में एनएमआरसी की मदद की है। सीईओ के अनुसार, इससे पहले नोएडा के सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन सहित एक्वा लाइन के दो मेट्रो स्टेशनों को महिलाओं को समर्पित करते हुए पिंक मेट्रो स्टेशन घोषित किया जा चुका है। प्राइड स्टेशन के उद्घाटन अवसर पर कार्यकारी निदेशक प्रवीण कुमार मिश्रा, एनएमआरसी के महाप्रबंधक मनोज वाजपेयी, महाप्रबंधक पंकज मल्होत्रा, उप महाप्रबंधक रजनीश पांडे, उप महाप्रबंधक संध्या शर्मा समेत तमाम अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे।

## ऋणदाता पांच नवंबर तक कर्जदारों के खातों में ब्याज पर ब्याज की रकम जमा करेंगे: केंद्र

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया है कि रिजर्व बैंक की ऋण स्थगन योजना के दौरान दो करोड़ रूपए तक के कर्जदारों से लिए गए चक्रवृद्धि ब्याज और सामान्य ब्याज के अंतर की रकम ऋणदाता पांच नवंबर तक उनके खातों में जमा कर देंगे। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि कर्जदारों के खातों में यह रकम जमा करने के बाद ऋणदाता केन्द्र सरकार से इस राशि के भुगतान का दावा करेंगे। सरकार ने शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में कहा है कि मंत्रालय ने एक योजना जारी की है जिसके अनुसार ऋण देने वाली वित्तीय संस्थाएं कोविड-19 के कारण छह महीने की ऋण स्थगन की अवधि के दौरान की यह राशि कर्जदारों के खातों में जमा करेंगी। हलफनामे में कहा गया है कि इस योजना के तहत सभी कर्ज देने वाली संस्थाएं एक मार्च, 2020 से 31 अगस्त 2020 के बीच की अवधि के लिए सभी पात्र कजदारों के खातों में चक्रवृद्धि और सामान्य ब्याज के अंतर की रकम जमा करेंगे। हलफनामे के मुताबिक, केन्द्र सरकार ने निर्देश दिया है कि, योजना के उपबंध 3 में वर्णित कर्ज देने वाली सभी संस्थाएं इसे लागू करें और योजना के अनुसार सभी संबंधित कर्जदारों के लिए गणना की गई राशि उनके खातों में जमा करें। केन्द्र ने ऋण स्थगन की अवधि के दौरान कर्ज की राशि पर चक्रवृद्धि ब्याज वसूले जाने सहित रिजर्व बैंक के 27 मार्च और 23 मई 2020 के परिपत्रों से संबंधित अनेक मुद्दों को लेकर दायर की गई याचिकाओं में यह हलफनामा दाखिल किया है। हलफनामे में कहा गया है कि बहुत सावधानी से विचार के बाद पूरी वित्तीय स्थिति, कर्जदारों की स्थिति, अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव और ऐसे ही दूसरे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। न्यायालय ने 14 अक्टूबर को केन्द्र से कहा था कि रिजर्व बैंक की ऋण स्थगन योजना के तहत दो करोड़ रुपए तक के कर्जदारों के लिए ब्याज माफी पर उसे जल्द से जल्द अमल करना चाहिए क्योंकि आम आदमी की दिवाली उसके ही हाथ में है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 28 अक्टूबर , 2020



### मेरे पिता चाहते थे कि हमेशा नॉटआउट रहूं, यह पारी उनके लिए : मनदीप

**शारजाह।** तीन दिन पहले अपने पिता को खोने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अहम मैच में 66 रन की नाबाद पारी खेलने वाले किंग्स इलेवन पंजाब के बल्लेबाज मनदीप सिंह ने यह पारी अपने पिता को समर्पित करते हुए कहा कि उनके पिता हमेशा चाहते थे कि वह नॉट आउट रहे। मनदीप ने अपना अर्धशतक पूरा होने के बाद नम आंखो से आसमान की ओर देखते हुए चुंबन का इशारा किया। उनकी पारी और क्रिस गेल के धमाकेदार अर्धशतक से पंजाब ने यह मैच आठ विकेट से जीता।

### गेल टी 20 में दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**शारजाह।** किंग्स इलेवन पंजाब के सलामी बल्लेबाज मनदीप सिंह ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी पावर हिटिंग का शानदार नजारा पेश करने वाले क्रिस गेल को टी20 का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करार दिया। गेल को टूर्नामेंट के पहले चरण मे मौका नही दिया गया था और वह बीमार भी रहे थे लेकिन उन्होने इन सब बातों को भुलाकर सोमवार को 29 गेंदो पर 51 रन की पारी खेलकर साबित किया कि आखिर उन्हे यूनीवर्स बॉस क्यों कहा जाता है।

### रसेल, डुप्लेसिस, मिलर एलपीएल से हटे

**कोलंबो।** फाफ डुप्लेसिस, आंद्रे रसेल और डेविड मिलर सहित पांच विदेशी खिलाड़ी पहली लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से हट गए है जो इस प्रतियोगिता के आयोजकों के लिए करारा झटका है।भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज मानविंदर बिस्ला 21 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट से हटने वाले पांचवे विदेशी खिलाड़ी है। बिस्ला ने इंडियन प्रीमियर लीग मे भी 35 मैच खेले है।

### मनदीप की मानसिक दृढ़ता से पूरी टीम प्रभावित : राहुल

**शारजाह।** मनदीप सिंह ने अपने पिता के निधन के दो दिन बाद ही क्रीज पर उतरकर नाबाद 66 रन की मैच विजेता पारी खेली और किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने कहा कि इस सलामी बल्लेबाज ने जो मानसिक दृढ़ता दिखाई उससे पूरी टीम प्रभावित है। राहुल ने मैच के बाद कहा, ऐसे मे परिवार से दूर रहना बेहद मुश्किल होता है। जैव सुरक्षित वातावरण मे कोई आपका करीबी नही होता है। उसन जो दृढ़ता दिखाई है उससे टीम के अन्य खिलाड़ी भी प्रभावित है।

### सीएसए ने घरेलू क्रिकेट सत्र की घोषणा की

**जोहानिसबर्ग।** आंतरिक संकट के बावजूद क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को प्रभावी घरेलू कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैड और श्रीलंका टीमों के दौरे शामिल है जबकि दक्षिण अफ्रीकी टीम एक दशक से अधिक समय मे पहली बार पाकिस्तान का दौरा कर सकती है। इसके अलावा संकटो से घिरे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अगले महीने इंग्लैड दौरे की अनुमति ले ली है।

# साहा और वार्नर ने खूब चलाए बल्ले







● **कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स को दो विकेट पर 219 रन तक पहुंचाया**

भाषा। दुबई

रिधिमान साहा के 45 गेंद में 87 रन और कप्तान डेविड वार्नर के आक्रामक अर्धशतक की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को दो विकेट पर 219 रन बनाए। अपना जन्मदिन मना रहे वार्नर और साहा ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।

उन्होंने पहले छह ओवर में 77 रन निकाले जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल थे। वार्नर ने छठे ओवर में परपल कैपधारी (टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले) कैगिसो रबाडा को चार चौके और एक छक्का लगाया। सनराइजर्स के 11 रन 8 . 4 ओवर में ही बन गए। वार्नर के क्रीज पर रहने तक साहा उनके सहयोगी की भूमिका में थे। वार्नर ने 25 गेंद में अर्धशतक पूरा करके अपना 34वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और आठ चौके लगाए।

रविचंद्रन अश्विन ने 107 रन की पहले विकेट की साझेदारी को तोड़ा जब वार्नर एक्स्ट्रा कवर में अक्षर पटेल को कैच देकर लौटे। वार्नर के जाने के बाद साहा ने बल्ले से आतिश उगलना शुरू किया। उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और चौके के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के जड़े। एनरिच नोर्जे ने 15वें ओवर में उन्हें पवेलियन भेजा। मनीष पांडे 44 रन बनाकर और केन विलियमसन 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

**स्कोर**

**सनराइजर्स हैदराबाद:** वार्नर का अक्षर बो अश्विन 66, साहा का अय्यर बो नोर्जे 87, पांडे नाबाद 44, विलियमसन नाबाद 11,**अतिरिक्त:** 11,**कुल योग:** 20 ओवर में दो विकेट पर : 219 रन,विकेट पतन: ।-107, 2-170,**गेंदबाजी:**नोर्जे 4-0-37-1,रबाडा4-0-54-0, अश्विन 3-0-35-।, पटेल 4-0-36-0 ,देशपांडे, 3-0-35-0, स्टोइनिस 2-0-15-0

### मौजूदा रणजी चैम्पियन सौराष्ट्र की नवंबर के पहले सप्ताह से शिविर शुरू करने की योजना

**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन सौराष्ट्र नवंबर के पहले सप्ताह से प्रशिक्षण शिविर के साथ रणजी ट्रॉफी की तैयारी शुरू करने की योजना बना रहा है जिसमें कोविड-19 महामारी को लेकर राज्य सरकार और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। कोविड-19 के कारण देश में खेल गतिविधियों के रूकने से पहले मार्च में सौराष्ट्र और बंगाल के बीच रणजी ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला भारत में आयोजित किया गया आखिरी घरेलू क्रिकेट मैच था। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के अध्यक्ष जयदेव शाह ने मंगलवार को कहा कि शुरू में वे खंडेरी स्टेडियम में राजकोट के क्रिकेटरों के साथ शिविर लगाने की योजना बना रहे हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गंगुली ने कहा है कि जनवरी में घरेलू सत्र शुरू होने की संभावना है, ऐसे में हमने शिविर लगाने का फैसला किया है।

### भारत-आस्ट्रेलिया बॉक्सिंग डे टेस्ट में दर्शकों की उपस्थिति को लेकर आश्वस्त : विक्टोरिया सरकार

**मेलबर्न।** कोविड-19 के व्यापक खतरे के बावजूद भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बाक्सिंग डे टेस्ट मैच में दर्शकों को आने की अनुमति मिल सकती है क्योंकि विक्टोरिया सरकार ने कहा है कि वह इस बहु प्रतीक्षित मुकाबले में प्रशंसकों की उपस्थिति को लेकर बेहद आश्वस्त है।

कोविड-19 महामारी के कारण चार महीने से अधिक समय तक लॉकडाउन रहने के बाद मेलबर्न शीघ्र खुल जाएगा कि क्योंकि इस विक्टोरिया प्रांत में पिछले कुछ समय में कोविड-19 के मामलों में कमी आई है। आस्ट्रेलियाई प्रांत विक्टोरिया की प्रांतीय सरकार के प्रमुख डेनियल एड्रयूज ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दर्शक इस मैच में उपस्थित रहेंगे और प्रशासन इसको लेकर काम कर रहा है।

### रोमा ने मिलान को 3-3 से ड्रा पर रोका

**मिलान।** इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता सेरी में लगातार चार जीत के साथ सत्र शुरू करने वाली एसी मिलान को रोमा ने सोमवार को 3-3 से ड्रा पर रोक दिया। इस ड्रा मुकाबले के बाद भी टीम 13 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी है। रोमा पांच मैच में आठ अंक के साथ नौवें पायदान पर है। मैच के आखिरी 10 मिनट में एसी मिलान की टीम 3-2 से आगे चल रही थी लेकिन रोमा के डिफेंडर मार्श कुम्बुला ने 84वें मिनट में गोल कर टीम को हार से बचा लिया।

### सोन और केन की जोड़ी ने टोटेनहैम को दिलाई जीत

ब्रूनले (इंग्लैंड)। हैरी केन और सोन हियूंग मिन की जोड़ी ने फिर से अपना करिश्मा दिखाकर टोटेनहैम को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्रूनले पर।-0 से जीत दिलाई। सोन ने केन के फ्लिक पर गोल दागा। यह कुल 29वां अवसर है जबकि इन दोनों की जोड़ी एक दूसरे की मदद से गोल करने में सफल रही।

### जयराम ने सारलोरलक्स ओपन में जीत से शुरू किया अभियान

भाषा। सारब्रकेन (जर्मनी)



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अजय जयराम ने सारलोरलक्स ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट के पहले दौर में मंगलवार को यहां बेल्जियम के मैक्सिमे मोरील्स के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की। विश्व रैंकिग के पूर्व 13वें नंबर के खिलाड़ी ने मैक्सिमे को महज 19 मिनट में 21-8 21-8 से हराया। अगले दौर में उन्हें तीसरी वरीयता प्राप्त नीदरलैंड के मार्क कालजौव की चुनौती का सामना करना होगा। जयराम ने मैच की शुरूआत से ही अपनी पकड़ मजबूत करते हुए पहले गेम में 6-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। उन्होंने ने ब्रेक के समय अपनी बढ़त 11-4 कर ली थी। पहले गेम में आसान जीत दर्ज करने के बाद दूसरे गेम की शुरूआत में उन्हें मैक्सिमे ने थोड़ी चुनौती देते हुए स्कोर 4-6 कर लिया। जयराम ने इसके बाद लगातार 11 अंक बटोर कर 17-6 से बढ़त हासिल की और फिर एकतरफा जीत दर्ज की।

## मुंबई व आरसीबी की निगाह प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर

### रोहित का खेलना संदिग्ध



**अबुधाबी।** रोहित शर्मा के चोटिल होने के कारण लगातार तीसरे मैच से बाहर रहने की संभावना है जिसमें मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की निगाहें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर टिकी रहेंगी। मुंबई को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। उसके 14 अंक हैं। विराट कोहली की अगुवाई वाली आरसीबी के भी 14 अंक हैं। उसे भी रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स से हार झेलनी पड़ी थी। बुधवार को जो भी टीम जीत दर्ज करेगी उसकी प्लेऑफ में जगह सुरक्षित हो जाएगी। रोहित की फिटनेस इस मैच से पहले चर्चा का विषय बन गई है। वह हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेले थे। मुंबई इंडियन्स के कप्तान ने सोमवार को नेट्स पर अभ्यास किया। संयोग से इसी दिन उन्हें आस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया था। मुंबई इंडियन्स या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से उनकी फिटनेस को लेकर कोई स्पष्ट बयान जारी नहीं किया गया है। रोहित की अनुपस्थिति में मुंबई को सौरभ तिवारी और इशान किशन पर भरोसा दिखाना होगा। क्विंटन डिकॉक (374 रन) राजस्थान के खिलाफ नाकाम रहे थे और वह प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब होंगे। किशन (298 रन) और सूर्यकुमार यादव (283 रन) उसके अन्य बल्लेबाज हैं जिन्होंने अब तक अहम योगदान दिया है। हार्दिक पंड्या ने राजस्थान के खिलाफ सात छक्के जड़कर लंबे शॉट खेलने की अपनी क्षमता का खुलकर प्रदर्शन किया था। हार्दिक के अलावा कार्यवाहक कप्तान कीरोन पोलार्ड और क्रुणाल पंड्या टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो लंबे शॉट खेलने में माहिर हैं और दोनों टीमों में अंतर पैदा कर सकते हैं। मुंबई के गेंदबाज पिछले मैच को भुलाकर नई शुरुआत करना चाहेंगे। पिछले मैच में राजस्थान के बेन स्टोक्स और संजू सैमसन के सामने उनकी एक नहीं चली थी।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform you that the Original Allottee of a Residential Flat No. D-137-A, Sector-26 Noida, Shri Jalesh Bhatia son of shri Ram Ratan Bhatia Resident of B-17, Dayanand Colony, Lajpat Nagar, New Delhi had executed a G.P.A. in favour of Shri Shakti Nath son of Shri Vishwanath Resident of 2003, Katra Lachhu Singh, Bhagirath Palace, Delhi vide GPA/Agreement to Sell Dated 10.01.1985 and the same was duly registered in the office of SubRegistrar, Noida.

The same property further had executed an Agreement to Sell between Shri Shakti Nath Son of Shri Vishwanath & Mrs. Poonam Khubani wife of Shri Anand Khubani Resident of 1386, Sector 37 Noida on 11" April, 1997 and the same was duly registered in the office of Sub-Registrar, Noida. Now after immense efforts to locate Shri Shakti Nath at his residence address and other places. I found Shakti Nath untraceable.

Mrs. Poonam Khubani, the present Agreement to Sale Holder requested me to transfer the papers in her favour. So now I am executing the transfer papers in her favour without any consideration. So with the help of this notice it is informed that if any one have any objection he/she will submit his/her objection with proofs to me within 15 days of publication of notice. **Jalesh Bhatia Son of Shri Ram Ratan Bhatia**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **आदित्य शंकर मैती, पुत्र** श्री त्रिलोचन, **निवासी:** गांव भाटिअल, थाना मोहनपुर, जिला मेदिनीपुर पश्चिम बंगाल है, जो कि थाना छेत्र पालम गावं, नई दिल्ली के अंतर्गत से लापता/अगवा है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 40 वर्ष, **कद:** 5'4", **रंग:** सवाल, **चेहरा:** लम्बा , **शरीर:** पतला, जिसने नीली टी-शर्ट और काली पैंट पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 111ए, दिनांक 14.10.2020 को थाना पालम गांव, नई दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
DP/372/SW/2020

**थानाध्यक्ष**
**थाना पालम गांव, नई दिल्ली**
**फोन: 011-25365949, 25365980**

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that my client Mrs. Veer Mati W/o Mr. Ganga Ram owner of House built on land area measuring 47.22 Sq. Yards, out of Khasra No. 200, and situated at Waka Village Ukhlarsi Maruf Mohalla Brij Vihar Colony Murad Nagar Pargana Jalalabad Tehsil Modi Nagar Distt. Ghaziabad, Uttar Pradesh. By virtue of Sale Deed dated 16.05.2013 vide doc. No. 7764, Book No. 1, Vol. No. 6169 on pages 121-140, registered on 16.05.2013 with SR Modi Nagar and lost/misplace of Original sale deed dated 19.05.2010 if was executed in favour of Mrs. Seema W/o Mr. Raju and same property sold to be Smt. Priti Sharma and same property to be loan financed by M/s Vastu Housing Finance Corporation Ltd. A-32, 2nd Floor, Industrial Area, Phase-1, Naraina New Delhi-110028.If any person(s) have any objection(s) or Claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property then contact us within 7 days from the date of this notice on the number mentioned herein below failing which my client i.e. M/s Vastu Housing Finance Corporation Ltd. A-32, 2nd Floor, Industrial Area, Phase -1, Naraina New Delhi-110028 shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Naveen Kumar Verma, Advocate**
**F-211, Sector-3 vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010**

### विदेश में काम कर रहे भारतीय अब अपने घर अधिक पैसा भेज रहे हैं : रिपोर्ट

**मुंबई।** देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार के संकेत दिखने लगे हैं। एसबीआई रिसर्च की एक रपट के मुताबिक सितंबर में प्रवासी मजदूरों के घर पैसे भेजने में बढ़त दर्ज की गई और यह फरवरी के स्तर से ऊपर पहुंच गई। इसी तरह एसबीआई रिसर्च की मंगलवार को जारी रपट में कहा गया है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नए पंजीकरण की संख्या मे भी बढ़त दर्ज की गई है। रपट के मुताबिक एक और अच्छी बात इस दौरान जनधन खातों की संख्या में बड़ी वृद्धि होना है। इनकी संख्या अब 41 करोड़ के पार जा चुकी है। प्रवासी मजदूरों द्वारा अपने घरों को भेजे जाने वाले पैसे में अप्रैल में लॉकडाउन के बाद भारी गिरावट आई थी। जून और जुलाई से इसमें सुधार देखा गया। जबकि सितंबर के आंकड़े कोविड-19 महामारी से पहले फरवरी के स्तर को भी पार कर गए हैं। यह दिखाता है कि प्रवासी मजदूर आजीविका के लिए काम पर लौटने लगे हैं।

### सरकार ने प्रशिक्षण से जुड़े निकायों, आकलन एजेंसियों के लिए नए नियम जारी किए

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कौशल भारत मिशन के तहत बेहतर परिणाम और प्रक्रियाओं को मानकीकृत बनाने के लिए प्रशिक्षण के बारे में निर्णय लेने से जुड़े निकायों और आकलन एजेंसियों को मान्यता देने और नियमन को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए।कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने अपने एकीकृत नियामक संस्थान राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के साथ मिलकर दिशानिर्देश और परिचालन नियमावली जारी की है। नियम प्रशिक्षण देने वाले निकायों को कार्य सुपुर्द करने से जुड़े निकायों और आकलन एजेंसियों को मान्यता और नियमन के लिए बनाए गए हैं।

### भारत में हार्ले-डेविडसन की बाइक का विकास, बिक्री करेगी हीरो मोटोकॉर्प

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प और अमेरिका की बाइक कंपनी हार्ले-डेविडसन ने भारतीय बाजार के लिए व्यापक आधार वाली भगीदारी की घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में कहा कि करार के तहत हीरो मोटोकॉर्प भारत में हार्ले-डेविडसन की प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बिक्री करेगी। इसके अलावा वह हार्ले की बाइक के लिए कलपुर्जों तथा सेवा की जरूरतों को भी पूरा करेगी। इसके साथ ही वह ब्रांड-विशिष्ट हार्ले-डेविडसन के डीलरों के नेटवर्क तथा हीरो के मौजूदा डीलरशिप नेटवर्क के जरिए कलपुर्जों और एक्सेसरीज तथा अन्य सामान एवं उपकरणों और परिधानों की बिक्री भी करेगी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF RELIGION

I, Paroma Dattatrey, D/o. Bhagwan Sahay Sharma, R/o. Banki Road, Brahmapuri Colony, Hindaun, Karauli, Rajasthan-322230 (At present New Delhi) have changed my religion from Hinduism to Islam w.e.f. 26.10.2020.
PD(8789)A

## अर्थव्यवस्था में सुधार, वृद्धि दर नकारात्मक या शून्य के करीब रहेगी : सीतारमण

● **2020-21 में वित्त मंत्री का अनुमान**



भाषा। नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अर्थव्यवस्था में अब सुधार के संकेत दिखने लगे हैं। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर नकारात्मक या शून्य के करीब रहेगी। 2020-21 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की जबर्दस्त गिरावट आई है, लेकिन त्योहारी सीजन के दौरान मांग में सुधार देखने को मिल रहा है। सेरा वीक के भारत ऊर्जा मंच को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा, वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और रोजगार देने वाले और संपत्ति सृजन वाले सभी उद्योग सरकार के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़ें अर्थव्यवस्था के पुनरोद्धार का संकेत देते हैं। पीएमआई का आंकड़ा 2012 से सबसे ऊंचा रहा है। इससे संकेत मिलता है कि स्थिति सुधर रही है। यह सुधार सतत और टिकाऊहोगा। यदि यह सतत सुधार तीसरी और चौथी तिमाही में होता है, तो हमारा अनुमान है कि जीडीपी की कुल वृद्धि दर नकारात्मक या शून्य के करीब होगी। उन्होंने कहा कि भारत अगले साल फिर से सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लेगा। सरकार ने कोरोना वायरस महामारी की वजह से 25 मार्च से सख्त लॉकडाउन लगाया था क्योंकि लोगों के जीवन को बचाना ज्यादा जरूरी था। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की वजह से ही हम महामारी से निपटने के लिए तैयारियां कर सके। आर्थिक गतिविधियों को खोले जाने के साथ वृहद आर्थिक संकेतकों में सुधार दिखाई दे रहा है।

## सेंसेक्स 377 अंक उछला, कोटक के शेयर में तेजी

भाषा। मुंबई







वैश्विक स्तर पर गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 377 अंक मजबूत हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक के बेहतर तिमाही परिणाम के बाद उसके शेयर में जोरदार लिवाली का बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

कारोबारियों के अनुसार एमएससीआई (मॉर्गन स्टेनले कैपिटल इंटरनेशनल) के बयान से निवेशकों की धारणा पर सकारात्मक असर पड़ा। उसने कहा है कि वह अपने वैश्विक सूचकांकों में बदलाव करेगा जिससे शेयरों के लिए देश की विदेशी मालिकाना हक की सीमा में बदलाव प्रतिबिंबित हो। इससे भारतीय शेयरों में एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 376.60 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,522.10 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेश्नल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121.65 अंक या 1.03 प्रतिशत मजबूत होकर 11,889.40 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक में जोरदार तेजी आई। बैंक का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत उछलकर 2,947 करोड़ रुपए रहने के बाद उसका शेयर करीब 12 प्रतिशत उछला। बैंक ने इंडसइंड बैंक के विलय को लेकर अटकलों को खारिज नहीं किया है। निजी क्षेत्र के बैंक ने कहा कि हाल में जुटाए गए 7,000 करोड़ रुपए का उपयोग अधिग्रहण समेत अन्य कार्यों में सोच-समझकर किया जाएगा।

**PERFECTPAC LIMITED**
**CIN:** L72100DL1972PLC005971
**Regd. Off.:** 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi-110019
**Phone:** 011-26441015-18,
**Website:** www.perfectpac.com
**E-mail** complianceofficer@perfectpac.com

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Wednesday, November 04, 2020,** *inter-alia*, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended September 30, 2020 (the "Financial Results").

A copy of this Notice and Financial Results shall also be available at the Company's website www.perfectpac.com and the website of the Stock Exchanges BSE: www.bseindia.com and CSE: www.cse-india.com.

For **Perfectpac Limited**
Place : New Delhi
Date : 27.10.2020
**Shefali Chauhan**
Company Secretary

**सार्वजनिक सूचना**

It is Here by Inform that my client Smt. Manju Sharma D/O Sh. Jai Dayal Sharma, R/O H. No. 1/5981 Kabool Nagar, Near Shishu Gyan Public School, Shahdara, Delhi- 110032. My Client Lost all the Original Property papers Chain/ Documents Namely:
1. Original Will dated 17.04.1989 executed by Sh. Jagdish Parshad Bhatnagar in favour of Sh. Rajinder Parshad Bhatnagar, Sh. Vijainder Parshad Bhatnagar & Sh. Krishan Parshad Bhatnagar.
2. Original Relinquishment Deed dated 06.02.1991 executed by Sh. Krishan Prashad Bhatnagar in favour of Sh. Vijainder Prashad Bhatnagar (both s/o Late Jagdish Prashad Bhatnagar) in respect of his share in the Entire area of the First Floor and Half Property of the Second Floor. (Doc.283, Book no.1,Vol.2292, on pages 74 to 75 in the Office of S.R.IV Delhi).
3.0riginal Relinquishment Deed dated 11.12.1991 executed by Sh. Rajinder Parshad Bhatnagar in favour of Sh. Vijainder Prashad Bhatnagar (both s/o Late Jagdish Prashad Bhatnagar) (Doc. No. 2652, Book No.1, Volume No. 2356, on Pages 168-173, Dated 11.12.1991, SRO-Delhi)
4. Original Sale Deed dated 29.05.2006 executed by Sh. Vijaindar Prasad Bhatnagar in favour of Smt. Suman Bhatnagar in respect of the Property, area measuring 110 sq. yards, out of Khasra No.17. (Doc. No. 2742, Book No.1, Volume No. 153, on Pages 73-83, Dated 29.05.2006, SRO-IVA)
5.0riginal Patwari Letter issued by Concerned Tehsildar in respect of the Property. (for mentioning that Khasra No.17 & Khasra No. 1869/17min are Part of Same Khasra)
6. Original mutation Letter issued by Concerned Authority in favour of Smt. Manju Sharma in respect of the Property.
That the Documents has been misplaced/ lost on Dated: 06.09.2014 at New Delhi, In any case anybody Finds it the same may be returned to My Client. I also Registered the Said Information to Crime Branch LR No.685476/2020.

**Harsh Dhingra (Advocate)**
**D-218, 2nd Floor, D Block, Karkardooma Court, Delhi**
**Mobile: 8860844461**

**गुमशुदा की तलाश**



प्रिया त्यागी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **प्रिया त्यागी, पुत्री: श्री अनिल त्यागी, पता: मकान नं. डब्ल्यूजेड़-10, ओम विहार, फेस-4, उत्तम नगर, नई दिल्ली जोकि दिनांक 09.10.2020 को पुलिस थाना क्षेत्र उत्तम नगर, नई दिल्ली से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **FIR No. 838/2020, dated 09.10.2020 U/s 363 IPC** पुलिस थाना, उत्तम नगर, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई है:

**नाम: प्रिया त्यागी, उम्र: 17 वर्ष, कद: 5'5", रंग: साफ, चेहरा: गोल, बाल: काले, पहनावा: संतरी रंग की कमीज़, सफेद पजामी और पैरों में चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, उत्तम नगर, नई दिल्ली को संपर्क करें।

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in**
**फोन: 011-24368638 / 24368641, फैक्स: 011-24368639**

**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना, उत्तम नगर, नई दिल्ली**
**फोन: 011-25377425, 8750871026**
**DP/307/DW/2020**

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

निविदा संख्या:- **Install-Tank-2020-21-02,** नियत तिथि:-**27.11.2020** भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **Install-Tank-2020-21-02, नियत तिथि:- 27.11.2020** के माध्यम से खुली ई. निविदा आमंत्रित की जाती है- **कार्य का नाम** आर्गन टैंक (40KL), $CO_2$ टैंक (13 KL) की आपूर्ति, स्थापना और चालू करना और मिक्सर एवं गैस एनालाइजर के साथ $O_2$ टैंक में 01 मौजूदा आर्गन टैंक (13 KL) का रूपांतरण टर्नकी के आधार पर अनुबंध कार्य । **कार्य की अनुमानित लागत रूपया में** रू. 3,72,18,608.00 **धरोहर राशि सबसे पास 100 के गुणक.** रू. 3,36,100.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य-** रू. 10000.00 **कार्य समापन की अवधि-** 210 दिन ● **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय-27.11.2020** को **15:30** बजे। ● विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम & पी

**(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)**
ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 17/ईटी/2020-21 दिनांक 23.10.2020

| क्र.सं | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12205006 | सप्लाई ऑफ स्टेनलैश स्टील ट्यूब्स एवं डबल फेरूल फिटिंग | 30, 90 सेट | 25.11.2020 |
| 02 | 04205015 | | 8 सेट | 19.11.2020 |
| 03 | 04205017 | | 10 सेट | 23.11.2020 |
| 04 | 03201074A | इंटर- कोच गैंगवे विद फ्लैक्सिबल इंटेरियर सिस्टम फनीशिंग | 342 सेट | 23.11.2020 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | टेंडर नोटिस सं. 14/ईटी/2020-21 दिनांक 24.09.2020 | टेन्डर नं. 15195293C | निविदा खुलने की तिथि- 16.10.2020 के स्थान पर 30.10.2020 पढ़ें। |
| 02 | टेंडर नोटिस सं. 16/ईटी/2020-21 दिनांक 16.10.2020 | टेन्डर नं. 15205128 | निविदा खुलने की तिथि- 22.10.2020 के स्थान पर 30.10.2020 पढ़ें। |
| 03 | टेंडर नोटिस सं. 14/ईटी/2020-21 दिनांक 24.09.2020 | टेन्डर नं. 15195308B | निविदा खुलने की तिथि- 23.10.2020 के स्थान पर 30.10.2020 पढ़ें। |
| 04 | टेंडर नोटिस सं. 14/ईटी/2020-21 दिनांक 24.09.2020 | टेन्डर नं. 04201041 | निविदा खुलने की तिथि- 22.10.2020 के स्थान पर 02.11.2020 पढ़ें। |

"विकेताओं को सलाह दी जाती है कि कृपया GeM (गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस) की वेबसाइट -www.gem.gov.in पर जाएं और भविष्य में भारतीय रेलवे को रेलवे विशिष्ट वस्तुओं की आपूर्ति के लिए जल्द से जल्द खुद को GeM पोर्टल पर पंजीकृत करवाएं। GeM पोर्टल पर पंजीकरण के लिए किसी भी सहायता के लिए, कृपया श्री अमन शर्मा से संपर्क करें, निर्देशक /GeM ईमेल आईडी dir.sellerclustermgt@gem.gov.in Mob:- 9899048040 पर पंजीकरण के बाद, कृपया निम्न ईमेल आई.डी. dycmmhqrcfrbl@gmail.com या और ved.sharma0109@gov.in या और cdemcfrbl@gmail.com पर अवगत करायें।"

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



वाशिंगटन में उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति का पद आधिकारिक तौर पर ग्रहण करने के लिए शपथ लेतीं एमी कॉनी बैरट। साथ में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

# महिला हिंदू नागरिकों ने रिपब्लिकन ट्रंप को समर्थन देने की अपील की

**भाषा।** ह्यूस्टन

**डोनाल्ड ट्रंप** की बाजार हितैषी नीतियां, चीन के खिलाफ कड़ा रूख अख्तियार करना और अमेरिका में हिंदू समुदाय के योगदान की सराहना करने के कारण यहां की हिंदू महिलाओं ने रिपब्लिकन पार्टी को समर्थन देने की अपील की है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि ट्रंप तीन नवम्बर को होने वाले चुनाव में जीत दर्ज कर सकें।

अमेरिका में विभिन्न क्षेत्रों की हिंदू महिलाओं के एक पैनल ने ऑनलाइन सत्र में हिस्सा लेते हुए राष्ट्रपति ट्रंप के समर्थन में अपने विचार रखे।डलास से मीडिया उद्यमी करिश्मा हिमतसिंघानी ने कहा कि न तो वह वामपंथी हैं न ही दक्षिणपंथी बल्कि उदारवादी मध्यमार्गी हैं और उनका मानना है कि ट्रंप अपने कार्यक्रमों एवं नीतियों में मध्यमार्ग अपनाते हैं।उन्होंने कहा कि मीडिया ने ट्रंप की छवि दक्षिण पंथी बना दी है। कोविड-19 संकट के कारण उत्पन्न हुए अनिश्चित दौर में भी ट्रंप ने अर्थव्यवस्था को सुचारू जारी रखने पर ध्यान केंद्रित किया। राष्ट्रपति व्यवसाय के लिए कर में कटौती और आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले कठोर सरकारी नियामकों को हटाने के लिए प्रतिबद्ध रहे।स्वास्थ्य प्रशासक श्रीलेखा पल्ले ने डेमोक्रेटिक पार्टी की विचारधारा की आलोचना की।उन्होंने पैनल में शामिल लोगों से पूछा, क्या आप चाहते हैं कि आपके बच्चे की शिक्षा बड़ी सरकार तय करे या अभिभावक के तौर पर आप तय करें, क्या आप चाहते हैं कि स्वास्थ्य की देखभाल चिकित्सक एवं चिकित्सा पेशेवर तय करें और इसकी कीमत बाजार तय करे या इसे गैर जवाबदेह बड़ी सरकार तय करे, अगर आप चाहते हैं कि आपका जीवन सरकारी नौकरशाह तय करें तो डेमोक्रेट को वोट दें, लेकिन अगर आप मुक्त समाज में रहना चाहते हैं तो रिपब्लिकन को वोट दें। पल्ले ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत किया जहां उन्होंने आतंकवाद और चीन की तरफ से पेश खतरे पर भारत की चिंताओं के प्रति अभूतपूर्व कदम उठाए।मिनियापोलिस की वंदना मांगलिक ने कश्मीर और संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर डेमोक्रेटिक पार्टी के रूख को उजागर किया। वह डेमोक्रेट समर्थक हैं और पांच बार पार्टी को वोट कर चुकी हैं।उन्होंने पूछा, समझा जाता है कि डेमोक्रेट मानवाधिकारों का समर्थन करते हैं। लेकिन डेमोक्रेट शासित छह नगर परिषदों ने भारत विरोधी प्रस्ताव, सीएए विरोधी प्रस्ताव क्यों पारित किए? किसी संप्रभु देश के मामलों में नगर परिषदों को पड़ने की क्या जरूरत है? डलास में उद्यमी रमन भौमिक ने कहा, रिपब्लिकन ने हमेशा छोटे व्यवसाय का समर्थन किया है और सरकारी नियामकों को कम किया है।

# पाकिस्तान में मदरसे में बम विस्फोट में सात बच्चों की मौत, 70 से अधिक घायल

**भाषा।** पेशावर

**उत्तर-पश्चिमी** पाकिस्तान के पेशावर शहर में एक मदरसे में मंगलवार को एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम सात बच्चों की मौत हो गई जबकि 70 से अधिक अन्य घायल हो गए। पेशावर शहर के पुलिस अधीक्षक वकार अज़ीम ने कहा कि पेशावर शहर की दीर कॉलोनी में स्थित मदरसे में फज्र (सुबह) की नमाज के बाद विस्फोट हुआ। किसी अज्ञात व्यक्ति ने विस्फोटक सामग्री से भरा बैग मदरसे की दीवार के पास रख था। विस्फोट में 7 बच्चे मारे गए और 70 से अधिक अन्य घायल हो गए।उन्होंने बताया कि माना जाता है कि बच्चे जब मदरसे में आ रहे थे, तब विस्फोट हुआ। आतंवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट में 4 से 5 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया।अधिकारी ने बताया कि मरने वालों में ज्यादातर बच्चे 7-11 साल की उम्र के थे। इनमें से कई अफगानिस्तान के थे। अस्पताल के अधिकारियों ने पुष्टि की कि उन्हें विस्फोट में मारे गए सात बच्चों के शव मिले हैं और 70 लोग घायल हुए हैं।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने हमले की निंदा की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।उन्होंने एक ट्वीट में कहा, पेशावर में मदरसा पर हुए आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं पीड़ति परिवारों के साथ हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की दुआ करता हूं। मैं अपने देश को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इस कायरतापूर्ण बर्बर हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को सख्त सजा मिलेगी। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस प्रमुख सनाउल्ला अब्बासी ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि की है।पुलिस के अनुसार, जब बम विस्फोट हुआ तब लगभग 40-50 बच्चे मदरसे के भीतर मौजूद थे। मदरसा प्रशासन ने कहा कि संस्था में लगभग ।,100 छात्र पढ़ते हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने बच्चों पर हमले की निंदा की। मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार कामरान बंगश ने कहा कि विस्फोट की पूरी तरह जांच की जाएगी और अपराधियों को सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, जो लोग आतंक फैलाते हैं वे अपने मकसद में कभी कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि हमले में कम से कम 72 बच्चे घायल हुए हैं। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और पुलिस की टीमें सबूत इकट्ठा कर रही हैं।किसी भी समूह ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# भारत ने पश्चिम एशिया में आतंकवादी संगठनों का समर्थन पूरी तरह रोकने का आह्वान किया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने** सभी संबंधित पक्षों से आईएसआईएल जैसे आतंकी संगठनों का समर्थन पूरी तरह बंद करने का आह्वान करते हुए पश्चिम एशिया में सभी हितधारकों से शांति, स्थिरता और विकास के लिए काम करने का आग्रह किया है।

भारत ने कहा है कि उसने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा बलों में अपने कर्मियों की तैनाती तथा मानवीय मदद, विकास सहयोग, क्षमता निर्माण के जरिए क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए काफी प्रयास किए हैं और पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने की दिशा में आगे भी योगदान देता रहेगा।भारत ने पश्चिम एशिया में हालात पर सुरक्षा परिषद की चर्चा में सोमवार को लिखित बयान प्रस्तुत किया। इसमें कहा गया, भारत संबंधित पक्षों से आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवेंट) जैसे आतंकवादी संगठनों का समर्थन पूरी तरह से बंद करने का आह्वान करता है। भारत क्षेत्र के सभी पक्षों से पश्चिम एशिया के लोगों के फायदों के लिए शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करने का अनुरोध करता है। भारत ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम संधि से गाजा में मानवीय स्थिति ठीक हुई है और उम्मीद जताई कि अस्थाई संधि को स्थाई संघर्षविराम में बदला जाएगा। इससे दोनों पक्षों के लोगों की जान बचेगी और वार्ता के लिए अनुकूल माहौल बनेगा।भारत ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत है कि पश्चिम एशिया के लोगों की चुनौतियों का अब तक समाधान नहीं हुआ है। क्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता, शरणार्थियों का मुद्दा और आतंकवाद की समस्या अभी भी व्याप्त है। कोविड-19 महामारी ने इन चुनौतियों से पैदा खतरों को और बढ़ा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस त्रिमूर्ति का यह बयान परिषद के आधिकारिक रिकॉर्ड का हिस्सा होगा। भारत ने कहा कि वह संसदीय और राष्ट्रपति चुनाव कराने तथा फलस्तीन राष्ट्रीय परिषद का चुनाव कराने के लिए फतह और हमास के बीच समझौते की सराहना करता है।

## फलस्तीन ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया आह्वान, अमेरिका हुआ राजी

**संयुक्त राष्ट्र।** फलस्तीन के विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन इज़राइल और फलस्तीनियों के बीच शांति समझौते पर बातचीत को गति प्रदान करने का एकमात्र तरीका है।इस पर अमेरिकी राजदूत ने कहा कि (अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप के प्रशासन को अंतरराष्ट्रीय साझेदारों से मिलने में कोई आपत्ति नहीं है। फलस्तीन के शीर्ष राजनयिक रियाद मल्की ने (फलस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास के अगले साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के प्रस्ताव का जोरदार समर्थन किया।मल्की ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा, इसके अलावा कुछ और निरर्थक होगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा की विश्व नेताओं की वार्षिक बैठक के दौरान ऑनलाइन संबोधन में अब्बास ने सम्मेलन का आह्वान किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनिया गुतारेस से पश्चिम एशिया के मध्यस्थों की तथाकथित चौकड़ी (अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ और रूस) को तैयार करने का आह्वान किया।अमेरिकी राजदूत केली क्राफ्ट को सम्मेलन के परिणामों को लेकर संदेह था लेकिन उन्होंने कहा कि वह अब्बास की सम्मेलन की अपील पर अमल के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन और इज़राइल बेहद करीबी माने जाते हैं।वहीं संयुक्त राष्ट्र में इज़राइल के नए राजदूत गिलाद एर्डन ने फलस्तीन की अपील का विरोध करते हुए, अब्बास पर इज़राइल द्वारा किए गए हर शांति प्रस्ताव को अस्वीकार करने और संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और सूडान के साथ इज़राइल के हालिया समझौतों की

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को हत्या का दोषी ठहराया गया

**लंदन।** पश्चिमी लंदन में एक मामूली कहासुनी के बाद 69 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या करने के आरोपी भारतीय मूल के व्यक्ति को ब्रिटेन की एक अदालत ने हत्या का दोषी ठहराया। अदालत दिसंबर में सजा सुनाएगी।36 साल के गुरजीत सिंह लाल ने गली में थूकने को लेकर हुई बहस के बाद एलन इशीकी पर हमला किया था।इनर लंदन क्राउन कोर्ट की एक जूरी ने सोमवार को उसे हत्या का दोषी ठहराया। घटना पिछले साल साउथॉल में हुई थी, जब इसीकी इलाके के स्थानीय पब में ड्रिंक के बाद घर वापस लौट रहा था।महानगरीय पुलिस के विशेष अपराध विभाग के जासूस निरीक्षक जेमी स्टीवेन्सन ने कहा कि मुझे खुशी है कि उसे दोषी ठहराया गया है और जूरी ने उसके तर्क को खारिज कर दिया कि उसने आत्मरक्षा में यह कदम उठाया था।

### कोविड-19 से बचाने वाले एंटीबॉडी में तेजी से आ रही है गिरावट: अध्ययन

**लंदन।** ब्रिटेन मे अनुसंधानकर्ताओ ने पाया है कि कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके व्यक्ति को संक्रमण से बचाने वाले एंटीबॉडी तेजी से घट रहे है , जिसके कारण कोविड-19 संक्रमण से लंबे समय तक रोग प्रतिरोधक क्षमता बने रहने की उम्मीदें धूमिल होती नजर आ रही हैं। इम्पीरियल कॉलेज लंदन के एक अध्ययन के तहत इंग्लैंड मे 3,65,000 से अधिक लोगो की जांच की गई। अध्ययन मे पाया गया कि कोविड-19 के लिए जिम्मेदार कोरोना वायरस से रक्षा करने वाले एंटीबॉडी समय के साथ कम हो रहे है, जो संकेत देते है कि रोग प्रतिरोधक क्षमता केवल कुछ ही महीने बनी रह सकती है। अध्ययन करने वाले अनुसंधानकर्ताओं मे शामिल रहे प्रोफेसर वेंडी बार्कले ने कहा, हर बार सर्दी के मौसम मे लोगो को संक्रमित करने वाला कोरोना वायरस छह से 12 महीने बाद लोगों को फिर से संक्रमित कर सकता है।उन्होंने कहा, हमें आशंका है कि कोविड-19 संक्रमण के लिए जिम्मेदार वायरस से संक्रमित होने पर भी शरीर इसी तरह प्रतिक्रिया देता है। इम्पीरियल कॉलेज लंदन मे निदेशक पॉल इलियॉट ने कहा, हमारे अध्ययन दर्शाते है कि समय के साथ उन लोगो की संख्या मे कमी देखी गई है, जिनमें एंटीबॉडी है। अध्ययन मे कहा गया है कि एंडीबॉडी कम होने के मामले युवाओ की अपेक्षा 75 साल और इससे अधिक आयु के लोगो मे अधिक पाए गए है।

### वैज्ञानिकों ने कोविड-19 रोगियों में विभिन्न प्रकार के हृदय संबंधी नुकसान का पता लगाया

**न्यूयार्क।** वैज्ञानिको ने कोविड-19 के मरीजो की हृदय की मांसपेशियो मे तीन प्रकार की क्षति की पहचान की है जिनका संबंध प्राणघातक खून के थक्को और हृदयाघात से है। शोध के निष्कर्षो के जरिए संवेदनशील लोगो की बेहतर निगरानी संभव हो सकेगी।अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल मे प्रकाशित शोध के मुताबिक हृदय की इन असामान्य परिस्थितियो का संबंध अस्पतालो मे भर्ती कोविड-19 के मरीजो की जान जाने के अत्यधिक जोखिम से जुड़ा है। अमेरिका मे माउंट सिनाई अस्पताल के शोधकर्ताओ समेत अन्य शोधकर्ताओं का मानना है कि इस शोध से चिकित्सको को कोरोना वायरस से संक्रमित लोगो मे हृदय संबंधी क्षति के बारे मे बेहतर जानकारी मिल सकेगी। इस तरह वे जल्द पता लगा सकेंगे कि किन मरीजो को जोखिम अधिक है और कौन सा उपचार कारगर होगा।इस शोध मे वैज्ञानिको ने टोपोनिन नाम के प्रोटीन का स्तर देखा। इस प्रोटीन का स्राव हृदय की मांसपेशी मे क्षति पहुंचने पर होता है। इसमे इकोकार्डियोग्राम से हृदय मे असामान्यता भी देखी गई।शोध मे वैज्ञानिको ने कोविड-19 से पीड़ति 305 मरीजो के हृदय का स्कैन देखा। इन मरीजो की औसत आयु 63 वर्ष थी। इनमें से 190 मरीजो के हृदय की कोशिकाओ मे क्षति के लक्षण मिले।

### पूर्वी अफगान में एक पुलिस अड्डे पर हमले में तीन लोगों की मौत

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत मे एक पुलिस अड्डे पर मंगलवार को तालिबान आतंकवादियो ने समन्वित हमला किया, जिसमे कम से कम तीन लोगो की मौत हो गई। अफगान अधिकारियो ने यह जानकारी दी।खोस्त के प्रांतीय स्वास्थ्य निदेशक हबीब शाह अंसारी ने कहा कि अब तक तीन शव और लगभग 30 घायल अस्पताल लाए गए, जिसमे सैनिक और असैन्य नागरिक दोनो शामिल है। खोस्त मे यह हमला ऐसे समय मे हुआ है जब पहली बार दोनो पक्षो के बीच कतर मे शांति वार्ता हुई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक अरन ने कहा कि एक पुलिस विशेष बल के एक अड्डे के पास मंगलवार सुबह विस्फोटको से भरे एक वाहन के जरिए विस्फोट किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक कम से कम चार हमलावर मारे गए और अफगान सेना की दो अन्य लोगों के साथ मुठभेड़ चल रही है।अरन ने कहा कि हमलावरो और अफगान बलो के बीच गोलीबारी चल रही है, जिससे हताहतो की संख्या बढ़ सकती है। अफगानिस्तान ने रविवार को दावा किया कि उसने देश के पूर्वी हिस्से मे एक अभियान के दौरान एफबीआई की वांछित सूची मे शामिल एक शीर्ष अल-कायदा प्रचारक को मार गिराया है।

# ट्रंप वाशिंगटन में अपने होटल में पार्टी का करेंगे आयोजन

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वाशिंगटन में अपने होटल में चुनावी पार्टी आयोजित करने की संभावना है। हालांकि, कोविड-19 महामारी के कारण शहर में बड़े जमावड़े पर पाबंदी लगी हुई है।न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रंप तीन नवंबर को वाशिंगटन में अपने होटल में पार्टी आयोजित करेंगे और जमावड़े को लेकर शहर के डेमोक्रेटिक पार्टी की मेयर के साथ उनका टकराव हो सकता है। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप को तीन नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन के साथ टक्कर होगी। खबर के मुताबिक व्हाइट हाउस के ग्राउंड में आयोजन पर कोलंबिया जिला प्रशासन की ओर से कुछ नहीं कहा गया है लेकिन चुनावी पार्टी के लिए होटल का चयन मुद्दा बन सकता है। महामारी के कारण शहर के प्रशासन के आदेशों के मुताबिक वाशिंगटन में 50 से ज्यादा लोगों के जमावड़ा की इजाजत नहीं है।शहर की मेयर मुरील बाउजर ने कहा है कि वह चुनावी पार्टी करने की योजना से अवगत हैं और सुझाव दिया कि शहर का प्रशासन होटल के खिलाफ कदम उठा सकता है। ट्रंप और बाउजर के बीच इस साल कई मुद्दों पर भिड़ंत हो चुकी है। इससे पहले बाउजर ने कहा था कि ट्रंप प्रशासन कोरोना वायरस के संक्रमितों का पता लगाने में मदद नहीं दे रहा है। खबर में कहा गया ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान, ट्रंप होटल विदेशी नेता, धार्मिक समूहों और फॉक्स न्यूज से जुड़े लोगों का केन्द्र रहा है और अनेक विवादो का स्रोत बना है। महामारी के कारण बड़े स्तर पर जमावड़े को सीमित किए जाने के बावजूद व्हाइट हाउस ने कई बार इन सीमाओं को नजरअंदाज त किया।



एक समारोह में पेरू के कुज्को में इंका शासक मानको कैपैक के रूप में कपड़े पहने एक व्यक्ति जो कुछ इतिहासकारों के अनुसारइंका सभ्यता का पहला गवर्नर और संस्थापक था

# अमेरिका ने ताइवान को हथियारों की 2.37 अरब डॉलर की ब्रिकी के संबंध में घोषणा की

● चीन ने सोमवार को कहा था कि वह ताइवान को हथियारों की आपूर्ति करने के कारण बोइंग और लॉकहीड मार्टिन समेत शीर्ष अमेरिकी रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंध लगाएगा

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने ताइवान को 2.37 अरब डॉलर में हार्पून मिसाइल प्रणालियों की बिक्री संबंधी योजना के बारे में सोमवार को अधिसूचित किया। इससे कुछ ही घंटों पहले चीन ने बोइंग समेत अमेरिकी रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंधों की घोषणा की थी। हार्पून सौदे में बोइंग मुख्य ठेकेदार कंपनी है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता कायम रहने में अमेरिका का हित है और अमेरिका ताइवान की सुरक्षा को सीमावर्ती हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए अहम मानता है।

उसने कहा कि इस बिक्री से क्षेत्र में सैन्य संतुलन नहीं बदलेगा। हार्पून मिसाइल पोतों और भूमि पर लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम है। बोइंग ने कहा कि यह मिसाइल 500 पाउंड आयुध ले जाने में सक्षम है। यह तटीय रक्षा स्थलों, सतह से वायु पर मिसाइल स्थलों, विमानों, बंदरगाहों में पोतों, बंदरगाहों और औद्योगिक केंद्रों पर निशाना साधने में सक्षम है।

इससे पहले, चीन ने सोमवार को कहा था कि वह ताइवान को हथियारों की आपूर्ति करने के कारण बोइंग और लॉकहीड मार्टिन समेत शीर्ष अमेरिकी रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंध लगाएगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा था, चीन कई मौकों पर कह चुका है कि ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री करना चीनी नीति की अवहेलना करने के साथ ही संप्रभुता और सुरक्षा हितों को धता बताना है। हम इसकी कड़ी भर्त्सना करते हैं। उन्होंने कहा था, अपने हितों की रक्षा के लिए हमने जरूरी कदम उठाने का फैसला किया है। हम हथियारों की बिक्री में शामिल अमेरिकी कंपनियों पर पाबंदी लगाएंगे। उन्होंने कहा था कि जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, उनमें बोइंग, लॉकहिड मार्टिन और रेथियॉन भी शामिल हैं।चीन और ताइवान 1949 के गृहयुद्ध में विभाजित हो गए थे और उनमें कोई कूटनीतिक रिश्ता नहीं है।

## सीरिया में हमारे हवाई हमले में अलवायदा के सात वरिष्ठ नेता मारे गए : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका का मानना है कि पिछले हफ्ते सीरिया में उसके द्वारा किए गए हवाई हमले में अलकायदा के सात वरिष्ठ नेता मारे गए। हमले के वक्त संगठन के नेता इदलिब के निकट बैठक कर रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमान ने सोमवार को यह जानकारी दी।सेंट्रल कमान की प्रवक्ता मेजर बेथ रिऑर्डन ने बताया कि हवाई हमला 22 अक्टूबर को किया गया। हालांकि उन्होंने मारे गए अलकायदा नेताओं के नाम नहीं बताए हैं।रिऑर्डन ने कहा, अलकायदा के उन नेताओं के मारे जाने से आतंकवादी संगठन की साजिश रचने की और दुनियाभर में हमले करने की क्षमता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा, अलकायदा उत्तरपश्चिमी सीरिया में अस्थिरता का फायदा उठाता है और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इसका सुरक्षित पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल करता है। रिऑर्डन ने कहा, हमारे सहयोगियों और साझेदारों के साथ हम अलकायदा और अन्य आतंकवादी संगठनों को निशाना बनाना जारी रखेंगे। अमेरिका ने इदलिब के निकट 15 अक्टूबर को भी अलकायदा के खिलाफ हवाई हमला किया था।

### पोम्पियो के भारत दौरे पर बीजिंग ने कहा :

# चीन, क्षेत्रीय देशों के बीच कलह के बीज बोना बंद करें

**भाषा।** बीजिंग

**चीन ने** मंगलवार को अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो से कहा कि वह बीजिंग एवं क्षेत्र के देशों के बीच कलह का बीज बोना बंद करें जिससे क्षेत्र की शांति और स्थिरता प्रभावित होती है। पोम्पियो उच्च स्तरीय वार्ता के लिए फिलहाल भारत की यात्रा पर हैं ताकि संपूर्ण सुरक्षा संबंधों और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सामरिक सहयोग को मजबूत किया जा सके।पोम्पियो अमेरिका-भारत टू प्लस टू वार्ता के लिए रक्षा मंत्री मार्क टी. एस्पर के साथ सोमवार को भारत पहुंचे। भारत दौरे के बाद पोम्पियो श्रीलंका और मालदीव के दौरे पर भी जाने वाले हैं।पोम्पियो की भारत एवं दक्षिण एशियाई देशों के दौरे के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन के खिलाफ पोम्पियो के हमले एवं आरोप नए नहीं हैं। वांग ने कहा, ए निराधार आरोप हैं जो दर्शाते हैं कि वह मानसिक रूप से



शीत युद्ध और वैचारिक पक्षपात कर रहे हैं। हम उनसे आग्रह करते हैं कि शीत युद्ध छोड़ दें और चीन तथा क्षेत्रीय देशों के बीच कलह का बीज बोना बंद करें जिससे क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता प्रभावित होती है।

भारत और अमेरिका के बीच ऐतिहासिक बेसिक एक्सचेंज एंड को-ऑपरेशन एग्रीमेंट (बेका) संधि पर हस्ताक्षर हुए जिससे दोनों देशों के बीच अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी, गोपनीय उपग्रह आंकड़े और महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सकेगा।पोम्पियो ने अगस्त में कहा था कि चीन पश्चिमी देशों के लिए खतरा है और कुछ मायने में शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की तरफ से उत्पन्न खतरे से भी खतरनाक है।

## ट्रेंड बाजार

### 'सांड की आंख' में अभिनय करना कठिन था: भूमि पेडनेकर



**हाल** ही में आई फिल्म 'सांड की आंख' में एक वृद्ध महिला का चरित्र निभाना कोई सरल कार्य नहीं था। भूमि ने इस फिल्म में चंद्रो तोमर की भूमिका की थी जो देश की सबसे वृद्ध शूटर थीं जिन्होंने अपनी बहन, ये चरित्र तापसी पन्नू ने किया था, के साथ मिलकर भारत के लिए कई सम्मान अर्जित किये। इस फिल्म की शूटिंग के समय की चुनौतियों का स्मरण करते हुए भूमि ने कहा, 'मुझे लगता है कि फिल्म 'सांड की आंख' में यदि शारीरिक कार्य को देखते हुए कठिनाई का स्तर मापा जाएगा तो इसमें ये चुनौती तो थी क्योंकि इसके लिए किया जाने वाला मेकअप विशिष्ट था और उस मेकअप के पीछे रहकर अभिनय करना एक कठिन चुनौती थी। यदि उस अनुभव की बात करें तो वो मेकअप अत्यंत चुनौतीपूर्ण था क्योंकि ये त्वचा के लिए, अच्छा नहीं था और आपकी त्वचा में जलन होने लगती थी। इसके चलते एक बार मुझे एलर्जिक रियेक्शन भी हो गया था।

### चंदन ने की लोगों की समझदारी की प्रशंसा



**चंदन** रॉय सान्याल का कहना है कि 'इस बार पूजा पंडालों में न जाने का लोगों का निर्णय मुझे अच्छा लगा। ये महत्वपूर्ण है कि लोग घर रहकर ही देवी मां को अपनी पूजा अर्पण करें। मुझे पता है कि बंगाली लोगों के लिए ये कठिन हो सकता है क्योंकि नए कपड़े पहनकर, पकवानों का सेवन करना और मां का भोग लगाना संभव नहीं हो सका। लेकिन यदि आप अगले साल की पूजा को देखना चाहते हैं तो आपको सुरक्षित रहना होगा और ध्यान रखना होगा कि आप वायरस की चपेट में न आएं।'

### हसीन दिलरुबा के लिए तापसी ने घुंघराले बाल किए सीधे



**तापसी** पन्नू को अपनी अगली फिल्म 'हसीन दिलरुबा' के लिए अपने घुंघराले बालों को सीधा कराने को लेकर समस्या है। अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने इस समस्या का उल्लेख किया था। अपनी एक छवि संलग्न करते हुए, जिसमें वो कुछ परेशान दिख रही थीं, उन्होंने लिखा, 'पिछले कुछ दिनों से अपनी फिल्म 'हसीन दिलरुबा' को लेकर मुझे हर दिन अपने बालों को सीधा करने के लिए उन्हें भूनना पड़ता है।' अपने इस पोस्ट के साथ ही उन्होंने इससे जुड़े कुछ हैशटैग जैसे कर्लीहेयरइश्यूज़, लुकचेंज तथा स्ट्रेसफुलस्टेट, भी संलग्न किये।

### बेन व्हीटले करेंगे शार्क थ्रिलर फिल्म 'द मेग' का निर्देशन

**फिल्म** निर्माता बेन व्हीटले 2018 की प्रागऐतिहासिक शार्क थ्रिलर फिल्म 'द मेग' का निर्देशन करेंगे। उनकी ये घोषणा द मेग द्वारा वैश्विक स्तर पर 530 मिलियन डॉलर की आय को पार करने दो साल बाद आई है। जैसन स्टेथैम की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म का सीक्वेल जल्द ही सामने आ सकता है। इसकी पहली फिल्म का निर्देशन जॉन टर्टलटॉब ने किया था और इसमें स्टैथम को शार्क विशेषज्ञ के रूप में प्रस्तुत किया गया था जो प्रशांत महासागर में दुनिया के सबसे गहरे समुद्र माने जाने वाले मरियाना ट्रेंच में एक विशालकाय शार्क का सामना करता है। इस फिल्म का रूपांतरण स्टीव एल्टन के एक उपन्यास से किया गया था जिसमें ली बिंगबिंग, रेन विल्सन और रूबी रोज़ प्रमुख भूमिकाओं में थे।



# 'अभिनय तो अभिनय है, बस अपना काम गंभीरता से करना है'

**सोनी सब चैनल पर चलने वाले शो 'तेरा यार हूं मैं' में प्रताप रतन बंसल की भूमिका निभाने वाले राजेंद्र चावला से अभिनय संसार में उनकी अब तक की यात्रा, उनका ये रोल अब तक की उनकी भूमिकाओं से किस प्रकार भिन्न है और नई परिस्थितियों में वो किस प्रकार कार्य से सामंजस्य स्थापित कर पा रहे हैं आदि विषयों पर उनके विचार जाने पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना ने। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश...**



**■ इस शो 'तेरा यार हूं मैं' में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

इस शो में तीन पीढ़ियों – दादा, पिता और पुत्र की तीन पीढ़ियों को दिखाया गया है। मैं इसमें प्रताप रतन बंसल बना हूं जो परिवार में सबसे वयोवृद्ध सदस्य हैं। वो अपना जीवन अपने ढंग से जीना पसंद करते हैं। वो उस युग के हैं जब पिता पुत्र का मित्र नहीं होता था बल्कि जब वो बोलते थे तो पुत्र को केवल सुनना होता था और बीच में किसी प्रकार के प्रश्न पूछने की संभावना भी नहीं होती थी। उनका मानना है कि हर संबंध परिभाषित होता है और उन्हें आपस में मिश्रित नहीं करना चाहिये।

**■ आपके अनुसार आपके चरित्र में सबसे अच्छी बात आपको क्या लगती है?**

उनके बात करने में जो नयापन है वो ही रुचिकर लगता है। ऐसा भी नहीं है कि उनका मूड हर समय खराब ही रहता था। लेकिन दूसरा व्यक्ति ये सोच सकता था। वो बहुत मसखरे भी थे। वो अपने पोतों से भी मजाक करते थे। लेकिन उन्हें एक शिकायत भी है। वो चाहते थे कि उनका पोता क्रिकेट खिलाड़ी बनता लेकिन वो नहीं बन सका यही कारण था कि बंसल उसे ताने मारता रहता था। लेकिन वो परिवार से प्रेम और स्नेह तो करता ही था।

**■ लॉकडाउन खुलने के बाद शूटिंग पर इतने दिनों बाद वापस आना आपके लिए कितना कठिन था?**

जी बहुत, शो की शूटिंग प्रारंभ होने से पहले हमने एक डॉक्टर से आभासी (वर्चुअल) बैठक की थी तो उन्होंने बताया था कि हमें अपने सामने वाले व्यक्ति को लक्षणहीन कोरोना रोगी समझना होगा। उन्होंने बताया था कि प्रोडक्शन हाउस द्वारा सब प्रकार की सावधानियां लेने के बाद भी हमें अपनी सावधानी का स्तर कम नहीं करना चाहिये। लेकिन ये करना बहुत कठिन और भयावह था। वैसे जब हम सेट पर पहुंचते थे तो हम सामान्य रूप से गले मिलते थे लेकिन पहले दिन किसी ने दो लाइन से अधिक नहीं बात की। हर कोई डरा था कि अधिक बात करने से हम निकट आ सकते थे जबकि हमें दूरी बनाए रखनी थी। हमने आपस में बात करने का प्रयास नहीं किया। अब सबकुछ सामान्य होने में समय तो लगेगा ही।

**■ आपने इससे पहले पिता का रोल तो कई बार किया ही है, ये भूमिका किस प्रकार से भिन्न है?**

पहली बात ये कि मैंने ऐसे पिता का कोई रोल नहीं किया जो 1940 या 1950 में जन्मा हो। अब तक मैंने प्रगतिशील पिता का रोल ही किया था। यहां मैंने एक पारंपरिक पिता का रोल किया है जो उससे भिन्न था। इसके अलावा मेरे संवाद बोलने की शैली भी भिन्न है। मेरा चरित्र मारवाड़ी है। मैं उनके उच्चारण या उनके व्यवहार के बारे में अधिक नहीं जानता।

**■ आप इस इंडस्ट्री में पिछले दो दशकों से हैं। आपके सामने किस प्रकार के परिवर्तन हुए हैं?**

पहले कुछ ही लोग होते थे और हमारा काम चल जाता था। अब अनेक लोग हैं और हर किसी का कार्य परिभाषित है। पहले सबकुछ मौखिक चल जाता था लेकिन अब सबकुछ ईमेल से होता है। अब कॉरपोरेट जगत है और ऐसा इसलिये हुआ है क्योंकि अब काम की मात्रा काफी बढ़ गई है।

> शो की शूटिंग प्रारंभ होने से पहले हमने एक डॉक्टर से आभासी बैठक की थी तो उन्होंने बताया था कि हमें अपने सामने वाले व्यक्ति को लक्षणहीन कोरोना रोगी समझना होगा।

**■ क्या इसका अर्थ ये है कि प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हुई है?**

जी हां, प्रतिस्पर्धा में वृद्धि तो हुई ही है। लेकिन अब काम भी पहले से बहुत अधिक हो गया है। अब कई युवाओं को तो काम के लिए संघर्ष भी नहीं करना पड़ता। अब थियेटर है, टीवी है, वेब है और सिनेमा भी उपलब्ध हैं जिनमें आप हर तरह के काम को पा सकते हैं। अब सिनेमा में भी तो परिवर्तन आ गया है। ऐसा इसलिये हुआ है क्योंकि युवा पीढ़ी को अब सूचना तक विस्तृत पहुंच सुनिश्चित है।

**■ आपने टीवी शोज़ के साथ साथ फिल्में भी की हैं। अभिनय की दृष्टि से दोनों में क्या अंतर है?**

इनमें कोई अंतर नहीं है। हर प्लेटफॉर्म पर फिर चाहे वो थियेटर हो या टीवी और फिल्म, मैंने अपना काम पूरी गंभीरता से किया है। लेकिन हां, सिनेमा में कुछ अंतर है। उसमें आपको सीन के लिए अभ्यास करने का समय मिल जाता है। निर्देशक के पास ये देखने का समय होता है कि उसे चरित्र को कैसे आगे ले जाना है। टीवी पर ये संभव नहीं होता क्योंकि निर्देशक के पास अधिक समय ही नहीं होता। तो वहां हमें सेट पर पहुंचने से पहले 90 प्रतिशत तैयारी करके जाना होता था।

**■ आपका अभिनय कॅरियर किस प्रकार प्रारंभ हुआ था?**

ये एक मराठी थियेटर से प्रारंभ हुआ था। उस समय मैं सतीश कौशिक से मिला था और उसके बाद फिर थियेटर में आगे बढ़ता गया। उसके बाद मैं मराठी सीरियल में काम करने लगा। चूंकि मेरा कोई गॉडफादर नहीं था तो मेरे काम से ही मुझे काम मिलता गया। आज मैं यहां हूं तो केवल उन लोगों के कारण जिनसे मैं काम के संदर्भ में मिला था। मैं आज भी उनका कृतज्ञ हूं।

**■ भविष्य को लेकर क्या योजनाएं हैं?**

मैं अभी दो शो में काम कर रहा हूं। पहला तो आपको पता ही है 'तेरा यार हूं मैं' और दूसरा है मेरे डैड की दुल्हन, जो सोनी एंटरटेनमेंट चैनल पर चल रहा है। बीच में यदि मुझे कोई फिल्म मिल जाती है तो मैं उसे भी कर लूंगा। इसके अलावा मैं युवा निर्देशकों के साथ काम करना पसंद करता हूं। वेब सीरीज़ में अधिक समय नहीं लगता क्योंकि वे सीमित प्रकृति की होती हैं।



## मोहब्बतें के 20 साल पूरे होने पर फिल्म को मिले प्यार के लिए अमिताभ ने जताया आभार



**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को फिल्मकार आदित्य चोपड़ा की फिल्म मोहब्बतें के 20 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि वह फिल्म को मिलते रहे प्यार के लिए हमेशा शुक्रगुजार रहेंगे। मोहब्बतें 27 अक्टूबर, 2000 को रिलीज हुई थी और इसमें बच्चन और शाहरुख खान रुपहले पर्दे पर पहली बार साथ आए थे। इस फिल्म ने अमिताभ के कॅरियर को नई रफ्तार दी थी जो 1990 के दशक में थम सा गया था। फिल्म में अमिताभ ने गुरुकुल नाम के कॉलेज के सख्त प्राचार्य नारायण शंकर का किरदार निभाया था जो काफी मशहूर हुआ था। बच्चन ने ट्विटर पर फिल्म का एक मोंटाज डाला है जिसमें इसका प्रसिद्ध संवाद परंपरा, प्रतिष्ठा, अनुशासन भी है।

उन्होंने ट्वीट किया, मोहब्बतें कई वजहों से खास है। इस खूबसूरत प्रेम कहानी के बीस साल पूरे हुए, भावनाओं का उतार-चढ़ाव रहा। आप इस पर जो प्यार बरसाते रहे, उसके लिए हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा। फिल्म में ऐश्वर्या राय, उदय चोपड़ा, शमिता शेट्टी, जुगल हंसराज, किम शर्मा, जिम्मी शेरगिल और प्रीति झंगियानी भी मुख्य भूमिकाओं में थे। यह उस साल की सर्वाधिक हिट फिल्मों में शुमार हुई। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का मूल टीजर साझा किया। उन्होंने लिखा, इसके साथ शुरुआत हुई थी। इस रचना के लिए मेरी मोहब्बतें। किम शर्मा ने कहा, मेरे लिए कितने सौभाग्य की बात थी। दुनियाभर में इस फिल्म के सभी प्रशंसक शानदार हैं। मोहब्बतें चोपड़ा की दूसरी निर्देशित फिल्म थी। इससे पहले वह सुपरहिट दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे से निर्देशन में कदम रख चुके थे।

## दिग्गज गुजराती अभिनेता नरेश कनोडिया का 77 वर्ष की आयु में निधन

**अहमदाबाद।** फिल्मों से राजनीति में आने वाले दिग्गज गुजराती अभिनेता नरेश कनोडिया का मंगलवार को अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज करा रहे थे। अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्थानीय चिकित्सा अधिकारी कौशिक बारोट ने कहा कि 77 वर्षीय अभिनेता ने यूएन मेहता हृदयरोग संस्थान एवं शोध केंद्र में मंगलवार को सुबह 9 बज कर करीब 17 मिनट पर अंतिम श्वांस ली। अधिकारी ने कहा कि 20 अक्टूबर को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद कनोडिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर थी और उनकी बाइपास सर्जरी भी हुई। कनोडिया के निधन के दो दिन पहले उनके बड़े भाई और गुजराती गायक महेश कनोडिया का लंबी बीमारी के बाद गांधीनगर स्थित उनके घर में निधन हो गया था। गुजराती सिनेमा के सुपरस्टार नरेश कनोडिया ने अपने कई दशकों के फिल्मी करियर में 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था। वे बाद में राजनीति में आ गए थे और 2002 से 2007 तक करजन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रहे। अभिनेता के निधन के बाद कई मशहूर हस्तियों ने शोक संदेशों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, दिग्गज अभिनेता और पूर्व विधायक नरेश कनोडिया के निधन से दुखी हूं। मनोरंजन और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। परिवार के सदस्यों और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, दो दिन के अंतराल में हमने महेशभाई और नरेशभाई कनोडिया दोनों को खो दिया है। संस्कृति की दुनिया विशेष रूप से गुजराती गीत, संगीत और रंगमंच को लोकप्रिय बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने समाज की सेवा और दलितों को सशक्त बनाने के लिए भी कड़ी मेहनत की थी।

## कला में संवेदनशीलता पैदा करने की ताकत है : शबाना

**नई दिल्ली।** सिने अभिनेत्री शबाना आजमी का कहना है कि वह आशावादी प्रकृति की हैं और उनका मानना है कि कला के जरिए संवेदनशीलता पैदा की जा सकती है और अंततः यह सामाजिक बदलाव में मददगार होगा। अभिनेत्री ने कहा कि यही कारण है कि उन्होंने काली खुही में काम करने का निर्णय किया। यह एक हॉरर रोमांच फिल्म है जिसका निर्देशन टी समुन्द्र ने किया है। यह फिल्म कन्या भ्रूण हत्या के इर्द गिर्द है। यह एक ऐसी कुरीति है जो भारत में अब भी मौजूद है। अंकुर, मंडी, खंडहर, फायर, गॉडमदर जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय के लिए प्रसिद्ध शबाना आजमी की 2002 में आई हॉरर कमेडी मकड़ी के बाद यह उनकी दूसरी हॉरर फिल्म है। शबाना (70) ने कहा कि यह सरासर अपमानजनक है कि 21 सदी में भी देश में कन्या भ्रूणहत्या की कुप्रथा जारी है। इसका समाधान ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहला कदम होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि कहा कि कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या हर तरफ मौजूद है और ऐसा महानगरों में भी हो रहा है और अब तक हमने इस तरफ उतना ध्यान नहीं दिया है जितना इस पर हमें ध्यान देना चाहिए था। उन्होंने पीटीआई भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, महिला सशक्तिकरण की शुरुआत कन्या भ्रूण हत्या पर प्रभावी रोक के साथ होनी चाहिए। जन्म लेने के अधिकार के साथ शुरुआत हो। कितना क्रूर, अन्याय एवं अस्वीकार्य काम है यह। हम पितृसत्तात्मक समाज में रहते हैं। हम जन्म से लड़के को पुरुष का अधिकार जताने की शिक्षा देते हैं जबकि लड़की से बहुत सारे भेदभाव करते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी अभिनेत्री ने कहा कि वह इस फिल्म में काम करने के लिए, इसलिए तैयार हो गईं क्योंकि निर्देशक समुन्द्र ने पहली बार सही जगह पर अपना ध्यान लगाया था। उन्होंने बताया कि लघु फिल्में एवं वृत्तचित्र का लेखन एवं निर्देशन करने वाले समुन्द्र ने बेहद रोमांचक अंदाज में इसकी कहानी सुनाई।

## मुंह के कैंसर की जांच के लिए हाथ में पकड़े जाने वाला उपकरण विकसित

**तिरुवनंतपुरम।** एक स्टार्टअप ने यहां ओरलस्कैन नाम का एक उपकरण स्वदेशी रूप से विकसित किया है जिसे हाथ में पकड़कर मुंह के कैंसर की जांच, पहचान और बायोप्सी (उतक की जांच) में मदद के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक शहर स्थित श्री चित्रा तिरुनल चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर टाइम्ड द्वारा पोषित स्टार्टअप मेसर्स सैस्कैन मेडिटेक प्राइवेट लिमिटेड इस उपकरण को लेकर आ रहा है। ओरलस्कैन एक मेक इन इंडिया पहल है जिसके लिए मूल रूप से धन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हारनेसिंह इनोवेशंस (निधि) योजना के तहत दिया गया। इसे पूरी तरह भारत में तैयार किया गया है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री के के शैलजा बुधवार को यहां एक कार्यक्रम में ओरलस्कैन का उद्घाटन करेंगी।

## भारत में सिंचाई पर जोर देने से उमस वाली गर्मी से प्रभावित होने का बढ़ रहा जोखिम

**नई दिल्ली।** शोधकर्ताओं ने कहा है कि भारत में सिंचाई पर जोर देने से वातावरण में नमी का स्तर बढ़ रहा है और गर्मी की ऐसी स्थिति पैदा होने का जोखिम बढ़ रहा है जिसमें आसानी से लोगों के शरीर का तापमान कम नहीं होता है। जर्नल नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि भारत में पिछले दशकों में सिंचाई का क्षेत्र दोगुणा हो गया है और शरीर का तापमान बढ़ जाने और खुद से इसके कम नहीं होने का संबंध मृत्युदर से भी है। शोधकर्ताओं के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में तापमान और बढ़ने की आशंका है और इससे दक्षिण एशिया के करीब 4.6 करोड़ लोग खासकर घर के बाहर काम करने वाले लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं। अध्ययन करने वाले इस दल में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर के विमल मिश्रा भी शामिल थे। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में लिखा है, जलवायु का गर्म होना और सिंचाई दोनों भारत के विभिन्न हिस्सों में उमस वाली गर्मी बढ़ाने में भूमिका निभाएगी। अध्ययन में मिश्रा और उनके सहयोगियों ने शुष्क और उमस वाली गर्मी पर सिंचाई के प्रभाव का विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि सिंचाई से जमीन की सतह तो ठंडी रहती है लेकिन इससे नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि भारत में सिंचाई पद्धति पर जोर देने से उमस वाली गर्मी बढ़ जाती है और इसका संबंध स्थानीय क्षेत्र और पड़ोसी देशों -पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान में मानव स्वास्थ्य से जुड़े खतरे को बढ़ा देता है।

## चंद्रमा की सूर्य से प्रकाशित सतह पर पानी का पता चला

**वाशिंगटन( भाषा )।** वैज्ञानिकों ने पहली बार सूर्य से प्रकाशित चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी की पुष्टि की है। यह खोज इस ओर इशारा करती है कि चंद्रमा की सतह पर हर जगह पानी के अणु हो सकते हैं और ये केवल ठंडी तथा छायादार जगहों पर ही नहीं होते जैसा कि पहले समझा जाता था। अमेरिका के हवाई विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं ने नासा की स्ट्रेटोस्फेयरिक ऑब्जर्वेटरी फॉर इन्फ्रारेड एस्ट्रोनॉमी (सोफिया) के डेटा का इस्तेमाल करते हुए क्लेवियस क्रेटर में पानी के अणुओं (एच2ओ) का पता लगाया है। यह क्रेटर चंद्रमा पर स्थित सबसे बड़े गड्ढों में से एक है और उसके दक्षिणी गोलार्द्ध पर स्थित है। इसे पृथ्वी से देखा जा सकता है।



इससे पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चंद्रयान-1 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर किए गए अध्ययन समेत अन्य अध्ययनों में हाइड्रोजन के एक प्रकार का पता लगाया गया था, वहीं नासा के वैज्ञानिकों का कहना था कि पानी और उसके करीबी रासायनिक संबंधी हाइड्रॉक्सिल (ओएच) के बीच फर्क स्पष्ट नहीं हो पाया है। पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित वर्तमान अध्ययन का ब्योरा से पता चलता है कि क्लेवियस क्रेटर क्षेत्र में 100 से 412 भाग प्रति दस लाख की सांद्रता वाला पानी है जो चंद्रमा की सतह पर फैली धूल के एक घन मीटर आयतन वाले क्षेत्र में है और करीब-करीब 12 औंस की पानी की एक बोतल के बराबर है। अनुसंधानकर्ताओं ने तुलना के तौर पर कहा है कि सोफिया ने चंद्रमा की सतह पर पानी की जितनी मात्रा का पता लगाया है, सहारा रेगिस्तान में उससे सौ गुना ज्यादा पानी है। हवाई यूनिवर्सिटी की प्रमुख अध्ययनकर्ता केसी होनीबॉल ने कहा, सोफिया के अध्ययन से पहले हम जानते थे कि एक प्रकार का हाइड्रेशन (जलयोजन) होता है। लेकिन हम यह नहीं जानते थे कि कितना होता है और उसमें उस पानी के कितने अणु हैं जो हम रोजाना पीते हैं। या फिर साफ-सफाई में इस्तेमाल होने जैसा पानी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पानी की बहुत कम मात्रा का पता चला है लेकिन यह खोज नए प्रश्न उत्पन्न करती है कि पानी का सृजन कैसे हुआ और यह बिना हवा वाली चंद्रमा की सतह पर कैसे रहता है।